www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 29 अंक 205 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर सोमवार 20 जनवरी 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



7
मैं भूखी और पागल नहीं...



11
आपके सहयोग से...

## जहरीली शराब से 6 लोगों की मौत

**पश्चिम चंपारण।** बिहार में पश्चिम चंपारण के बेतिया अंतर्गत लौरिया में बीते दो दिनों के अंदर कथित जहरीली शराब पीने से 6 लोगों की मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि सभी मृतकों ने जहरीली शराब का सेवन किया था। सभी मृतक मठिया गांव के बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

## आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने बताए गोमूत्र के लाभ

**नई दिल्ली।** गोमूत्र के औषधीय गुणों पर देश में कई बार बहस छिड़ चुकी है। कोई गोमूत्र को स्वास्थ्यप्रद बताता है तो कोई इस दावे का मजाक उड़ाता है। अब आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि ने गोमूत्र के जीवाणुरोधी, कवकरोधी और पाचन संबंधी गुणों (एंटि-बैक्टीरियल, एंटि-फंगल और डाइजेस्टिव प्रॉपर्टीज) का समर्थन किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसका इस्तेमाल इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी बीमारियों के लिए किया जाता है।

## 10 करोड़ की ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के खीरी जिले में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सैधरी गांव के एक निजी अस्पताल से दो तस्करों को गिरफ्तार कर 10 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलोग्राम मेफा ड्रान ड्रग बरामद किया गया। फरार डॉक्टर खालिद खान की तलाश जारी है।

## एक कुत्ते ने 35 लोगों को काटा

**छतरपुर।** छतरपुर में रविवार को भाजपा उपाध्यक्ष समेत 35 लोगों को एक कुत्ते ने काट लिया। सभी इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। जहां वैक्सीन नहीं मिलने पर जिला अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। कुत्ते ने दोपहर दो बजे से रात 8 बजे तक में सभी को काटा है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग और भाजपा के उपाध्यक्ष अशोक दुबे भी शामिल हैं। इस मामले में नगर निगम की टीम कुत्ते को पकड़ने के लिए निकल गई है।

## आलीराजपुर में विश्वस्तरीय तीरंदाजी स्टेडियम बना

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के जोबट तहसील के खारी गांव में 137 लाख रुपए की लागत से निर्मित विश्वस्तरीय तीरंदाजी खेल स्टेडियम का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में कहा

# विकास के साथ विरासत को सहेजना है

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 118वें एपिसोड में महाकुंभ और रामलला का जिक्र किया। उन्होंने कहा- महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आते हैं। यह सामाजिक समरसता का ऐसा संगम है, जहां जात-पात, ऊंच-नीच से परे लोग एक-दूसरे के साथ पवित्र स्नान करते हैं। भंडारों में भोजन और प्रसाद लेते हैं। मोदी ने कहा- कुंभ एकता का महाकुंभ है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को यह एक सूत्र में बांधता है। यह हजारों साल से चली आ रही परंपरा है। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ होता है। वहीं, दूसरी तरफ गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और नर्मदा नदी के तट पर पुष्करम मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने 30 मिनट के प्रोग्राम में 23, 25 और 26 जनवरी के अलावा रामलला,



स्टार्टअप इंडिया, स्पेस सेक्टर, हाथी बंधु, टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश और निकोबार में वर्जिन कोकोनट ऑयल का भी जिक्र किया। देश के संविधान पर उन्होंने कहा- इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चर्चाएं हुईं। वे चर्चाएं, संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वो वाणी, हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। प्रधानमंत्री ने संविधान को लेकर बाबा साहब अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषण के क्लिप सुनाए। प्रधानमंत्री ने कहा- इन महान विभूतियों की वाणी हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। हमें इनसे प्रेरणा लेकर काम करना है। प्रधानमंत्री ने कहा- 25 जनवरी को नेशनल वोटर्स डे है। इसी दिन चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। देश में जब 1951-52 में पहली बार चुनाव हुए तो कुछ लोगों को संशय था कि देश का लोकतंत्र जीवित रहेगा। लेकिन जनता ने इसे साबित कर दिया कि भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है।

### विविधता में एकता का उत्सव

प्रधानमंत्री ने कहा- प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेला' हमारे सामाजिक मेल-जोल को, सद्भाव को, एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। ये पर्व लोगों को परंपराओं से जोड़ते हैं। हमने 11 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वादशी मनाई है। ये दिन प्रतिष्ठा द्वादशी का दिन बन गया है। हमें विकास के साथ विरासत को सहेजना है। उनसे प्रेरणा लेना है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी में नए कीर्तिमान

प्रधानमंत्री ने स्पेस सेक्टर पर कहा कि एक भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल ने देश का पहला निजी सैटेलाइट कौंसीलेशन फायर फ्लाई, सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने स्पेस डोकिंग कराई। अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने में भी लगे हुए हैं। हमारा देश स्पेस टेक्नोलॉजी में नए कीर्तिमान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं। हमारे देश में जितने स्टार्टअप 9 साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टीयर-2 और टीयर-3 शहरों से हैं।

### देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- असम के नौगांव में हाथियों का झुंड फसलों को बर्बाद कर देते थे। 100 गांव के लोग परेशान थे। इन लोगों ने हाथी बंधु के नाम से टीम बनाई। टीम ने करीब 800 बीघा बंजर भूमि पर मिल-जुल कर नेपियर घास लगाई। इस घास को हाथी बहुत पसंद करते हैं। इसका असर ये हुआ कि हाथियों ने खेतों की ओर जाना कम कर दिया। बीते दो महीनों में, हमारे देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े हैं। इनमें से एक है छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व और दूसरा- मध्य प्रदेश में रातापानी टाइगर रिजर्व।



## बेटियों ने जीत लिया जग सारा

**खो-खो के पहले वर्ल्ड कप की चैंपियन बनी इंडिया विमेंस**

**नई दिल्ली।** इंडिया विमेंस टीम ने खो-खो का पहला वर्ल्ड कप जीत लिया है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में रविवार को टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया। भारत ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया और खिताब पर कब्जा किया। रविवार शाम 6 बजे विमेंस खो-खो वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू हुआ। नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस करना चुना। भारत ने पहली पारी में एकतरफा दबदबा दिखाया और 34 पॉइंट्स हासिल किए। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और 24 पॉइंट्स बटोरे, इस टर्न में भारत को भी एक पॉइंट मिल गया। हाफ टाइम के बाद भारत ने 35-24 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। विमेंस ग्रुप में 19 टीमों ने हिस्सा लिया। इंडिया विमेंस ग्रुप-ए में ईरान, मलेशिया और साउथ कोरिया के साथ थी। टीम ने साउथ कोरिया को 176-18, ईरान को 100-16 और मलेशिया को 100-20 के बहुत बड़े अंतर से हराया। टीम ने ग्रुप स्टेज में टॉप कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 109-16 के अंतर से हराया। वहीं सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 66-16 से मुकाबला जीता। फाइनल में भी इंडिया विमेंस का दबदबा दिखा और टीम ने 78-40 के अंतर से मुकाबला जीत लिया।

# महाकुंभ मेले में आग

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां भेजी गई थीं, जिन्होंने जल्दी ही आग पर काबू पाया। एक संन्यासी के एक लाख रुपए के नोट भी जल गए। मेला चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। पीएम नरेंद्र



गीता प्रेस के 180 कॉटेज जले

मोदी ने भी सीएम योगी को फोन कर घटना की पूरी जानकारी ली। आग लगने की घटना से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था। गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने बताया, लगभग 180 कॉटेज बने हुए थे। हमने बहुत सावधानी से बनाया था। सभी को मना किया गया था कि किसी प्रकार का अग्नि का कोई काम ना करें। जहां हमने सीमा बनाई उसके पार सर्कुलेटिव एरिया घोषित किया गया था। पता नहीं प्रशासन ने वह जगह किसे दी... उस तरफ से अग्नि की कोई चीज हमारे तरफ आई और आग फैल गई। हमारा कुछ नहीं बचा सब खत्म हो गया।

### कमरे में सुसाइड नोट सहित मां-बेटे के शव मिले

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवक और उसकी मां का शव कमरे में मिला है। युवक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि हम मां-बेटे अपनी मर्जी से सुसाइड कर रहे हैं। हमारी मौत के बाद किसी को परेशान नहीं किया जाए। मामला गौसपुर नंबर 1 में शनिवार देर रात का है। मनीष राजपूत ने सल्फास खाकर अपनी जान दे दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को युवक के भाई ने बताया था कि वह बेरोजगारी और शादी नहीं होने से परेशान था। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां की भी सदमे में मौत हो गई।

## शूटर मनु भाकर के मामा-नानी का निधन

### हरियाणा में कार ने स्कूटी को मारी टक्कर

चरखी दादरी

हरियाणा की ओलिंपिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर के मामा और नानी का सड़क हादसे में निधन हो गया। यह हादसा रविवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे चरखी दादरी में महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर हुआ। मनु भाकर के मामा स्कूटी पर ड्यूटी जा रहे थे। उनके साथ उनकी माता सवार थी। उन्हें माता को दूसरे भाई के पास छोड़ना था। घर से 150 मीटर दूर ही ब्रेजा गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनु भाकर के मामा और नानी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद गाड़ी का ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान के आधार पर कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शाम को मां-बेटे के शव कलाली गांव में पहुंचे। यहां मनु भाकर अपनी मां और



अन्य परिजनों को संभालते हुए दिखीं। इसके बाद गांव के श्मशान घाट में दोनों का अंतिम संस्कार हुआ। अभी 2 दिन पहले ही मनु भाकर को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था। जिसके बाद घर में खुशियां थीं, लेकिन अब हादसे के बाद घर में मातम छा गया है।

# खत्म हो जाएंगे छोटे अस्पताल!

### सैफ अली खान के हॉस्पिटल बिल पर सवाल उठा डॉक्टर ने की बड़ी भविष्यवाणी

**मुंबई।** सैफ अली खान के 35.95 लाख रुपये के अस्पताल के बिल पर बहस छिड़ गई है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती कीमतों और बीमा पॉलिसी पर सवाल उठ रहे हैं। मुंबई के एक सर्जन ने बताया है कि कैसे बीमा कंपनियां 5-स्टार और छोटे अस्पतालों के लिए अलग-अलग पॉलिसी अपनाती हैं। इससे मरीजों के इलाज और खर्च पर बहुत दबाव पड़ता है। एक डॉक्टर की पोस्ट शेयर करते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ प्रशांत मिश्रा ने लिखा, इस तरह बीमा कंपनियां छोटे अस्पतालों को खत्म कर रही हैं। मुझे यकीन है कि कुछ




सालों बाद सिर्फ बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल ही बचेंगे। इलाज का खर्च बहुत ज्यादा होगा। मेडिक्लेम का प्रीमियम भी आसमान छुएगा। बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान बांद्रा स्थित अपने घर पर चाकू से हमले के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती हुए थे। उन्हें कई चोटें आई थीं। उनके बीमा प्रदाता ने कैशलेस इलाज के लिए 25 लाख रुपये मंजूर किए, लेकिन बाकी का क्लेम अभी अंतिम बिलिंग का इंतजार कर रहा है। इस घटना ने इलाज की ऊंची लागत और आम आदमी पर इसके असर पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुंबई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत मिश्रा ने महंगे अस्पतालों की बिलिंग पर सवाल उठाए हैं।

## मुंबई को भी मौका दीजिए, नहीं तो सांस लेने इंदौर आना पड़ेगा

इंदौर।



एक्ट्रेस भाग्यश्री रविवार को इंदौर में एक ज्वेलरी शोरूम का उद्घाटन करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि, इंदौर स्वच्छता में लगातार आगे बढ़ रहा है। अब तो मुंबई को भी कभी-कभी आगे बढ़ने दीजिए, नहीं तो हमें सांस लेने के लिए इंदौर आना पड़ेगा। भाग्यश्री ने इंदौर को एक प्यारा शहर बताते हुए कहा कि, यहां के लोग बेहद अच्छे हैं। उन्होंने इंदौर के पोहे और खानपान की कई चीजों की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं यहां की खाऊ गली (सराफा बाजार) जरूर जाऊंगी। आप मुझे महीने में एक बार बुलाइए, तो मैं जरूर आऊंगी। एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर भाग्यश्री ने कहा कि, इस घटना से सभी को टेंशन हो गई है। वहीं, सलमान खान को मिली धमकी पर चुटकी लेते हुए उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, यह धमकी मैंने तो नहीं दी।

# 50 करोड़ ठुकराने वाले विधायक ग्रेवाल ने जनता का मान रखा

### धार में जीतू पटवारी ने कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित किया



**धार।** धार के नगर परिषद परिसर (पुराना बस स्टैंड) पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने सरदारपुर विधानसभा के विधायक प्रताप ग्रेवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा के 50 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को ठुकरा कर जनता के मत का सम्मान किया है। पटवारी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह संविधान को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि गेहूं, सोयाबीन और धान के वादे किए गए दाम नहीं दिए जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं को 3000 रुपए और सिलेंडर 450 रुपए में देने का वादा भी पूरा नहीं किया गया। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि भाजपा की केंद्र में 11 साल और प्रदेश में 20 साल की सरकार के बावजूद देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है और किसानों की उपज एमएसपी पर नहीं खरीदी जा रही है। ग्रेवाल ने यह भी बताया कि धार जिले के आदिवासियों के विकास की 4 करोड़ रुपए से अधिक की राशि लैप्स कर दी गई है।

### 27 को महू में कांग्रेस की रैली

कार्यक्रम के दौरान पटवारी ने 27 जनवरी को महू में होने वाली विशाल रैली के लिए कार्यकर्ताओं को मालवी भाषा में न्योता दिया। कार्यक्रम में सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन मे कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा जिससे नगर पालिका परिसर भी छोटा पड़ गया।

# राहुल गांधी का 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' शुरू

### बोले- गरीबों के लिए न्याय की आवाज उठाएंगे

नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को गरीब और मेहनतकश वर्ग के लिए 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' अभियान शुरू किया है। कांग्रेस का कहना है कि व्हाइट टी सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा और न्याय के लिए खड़े होने का प्रतीक है। पार्टी ने आगे कहा कि आज मेहनतकश वर्ग मोदी सरकार की गलत नीतियों की वजह से भयंकर दबाव में जी रहा है। बढ़ रही महंगाई ने इनके सपने को तोड़ दिया है। कंपनियां तो फायदे में हैं, लेकिन इनकी आमदनी नहीं बढ़ रही है। जिंदगी और बदतर होती जा रही है। मेहनतकश वर्ग उत्पीड़न, हिंसा और शोषण का शिकार होते जा रहे हैं। देश में धन असमानता सभी बड़ी समस्या है। जाति और धर्म के आधार पर ये खाई और बड़ी है। इस खाई को हमें पाटना हैं। कैंपेन को लेकर राहुल गांधी ने कहा, मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से अपना मुंह मोड़ लिया है। उन्हें पूरी तरह से उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने



पर है। इस वजह से असमानता लगातार बढ़ती जा रही है और खून-पसीने से देश को सींचने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। वे तरह-तरह के अन्याय और अत्याचार झेलने को मजबूर हैं। राहुल गांधी ने कहा, ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर उन्हें न्याय और हक दिलाने के लिए मजबूती से आवाज उठाएं। इसी सोच के साथ हम 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' की शुरुआत कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि मैं युवा और मेहनतकश वर्ग के साथियों से अपील करता हूं कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

### ट्रांसपेरेंसी दर्शाता है सफेद रंग

मई 2024 में कांग्रेस ने राहुल का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया था। इसमें राहुल गांधी ने हर वक्त सफेद रंग की टी-शर्ट पहनने का कारण बताया। राहुल ने कहा, सफेद ट्रांसपेरेंसी और सिम्प्लिसिटी दर्शाता है। मैं कपड़ों के बारे में ज्यादा परवाह नहीं करता। मुझे सिंपल कपड़े पहनना पसंद हैं। राहुल ने ये बातें कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कहीं। कांग्रेस ने इसका 2 मिनट 17 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया।

### 2022 में चर्चा में आई राहुल की टीशर्ट

सितंबर 2022 में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी की टीशर्ट चर्चा में आई। भाजपा ने उनकी फोटो ट्वीट करके लिखा था- भारत देखो 41 हजार की टीशर्ट। भाजपा के ट्वीट के जवाब में कांग्रेस ने लिखा था- अरे... घबरा गए क्या? भारत जोड़ो यात्रा में उमड़े जनसैलाब को देखकर। मुद्दे की बात करो... बेरोजगारी और महंगाई पर बोलो। बाकी कपड़ों पर चर्चा करनी है तो मोदी जी के 10 लाख के सूट और 1.5 लाख के चश्मे तक बात जाएगी। बताओ करनी है?



# शराब के नशे में हाथ में रॉड लिए डॉक्टर का अस्पताल में तांडव

शहडोल ( स्वतंत्र मत )।

जिले के धनपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर ने नशे में धुत होकर हंगामा करते हुए अस्पताल में लोहे की रॉड लेकर अस्पताल में उत्पात मचाया और तोड़फोड की, जिससे लोगों में भय का माहौल बन गया था। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीएमएचओ ने भी जांच के आदेश दिए हैं। डॉक्टर द्वारा किए गए इस कृत्य की पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। वीडियो में डॉक्टर नशे में लड़खड़ाते और तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। इस घटना से अस्पताल के कर्मचारी और मरीज काफी डरे हुए थे। डॉ. अभिषेक मिश्रा इतने नशे में थे कि उन्हें अपने किए का होश ही नहीं था। वह कभी कचरे के डिब्बे पर लात मारते तो कभी रॉड लेकर कर्मचारियों पर हमला करने दौड़ते। अस्पताल की नेमप्लेट तोड़ने के बाद वह जमीन पर बैठकर हंगामा करते रहे। उनके इस व्यवहार से अस्पताल का माहौल पूरी तरह से बिगड़ गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि डॉ. मिश्रा का ऐसा व्यवहार पहले भी रह चुका है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डॉ. मिश्रा को हिरासत में ले लिया। उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने डॉ. मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने भी डॉ. मिश्रा को नोटिस जारी किया है। धनपुरी अस्पताल के सीनियर डॉक्टर सचिन कारखुर ने बताया कि डॉ. अभिषेक मिश्रा आए दिन इस तरह की हरकत करते हैं। उन्हें पहले भी नोटिस दिया जा चुका है। एमएलसी में वे नशे में पाए गए हैं।

इस सम्बंध में सीएमएचओ ने कहा कि अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर द्वारा तोड़फोड़ करने की सूचना मिली है। टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने पर डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रेत ठेकेदार के लोगों द्वारा क्षेत्र में फैलाई जा रही दहशत

## अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

जयसिंहनगर ( स्वतंत्र मत )।

थाना जयसिंहनगर क्षेत्र में स्वीकृत रेत खदान की टीपी परिवहन पास से पूरे क्षेत्रमें अवैध रेत का उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत परिवहन के वाहन अंधाधुंध रफ्तार से दौड़ाए जाते हैं। जिस कारण विगत 18 जनवरी 2025 को ग्राम जमुनार में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों की रेत लेनेजा रहे हाईवा की टक्करसे 1 व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौतहो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके अतिरिक्त स्वीकृत खदानक्षेत्र में नियमविपरीत बड़े-बड़े मशीनों से रेत का उत्खनन कर नदी के सीने को छलनी किया जा रहा है तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचा जाता है। उत्खननकारियों के उक्त अवैध कृत का जागरूकलोगों द्वारा विरोध करने पर ठेकेदार केव्यक्ति हथियार लेकर लोगों को धमकातेहैं । उक्तलोगों का कोई पता नहीं जानता है, किसी भी समय अप्रिय घटना घटित कर फरार हो सकतेहैं। जिन्हेंढूंढ पाना मुश्किलहो जाएगा। जयसिंहनगर क्षेत्रके प्रबुद्ध वर्ग द्वारा उपरोक्त अवैध कृत्य पर रोक लगाए जाने का ज्ञापन पुलिसथाना प्रभारी जयसिंहनगर को सौंपा गया। तथा मांग की गई है रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाए जाते हुए रेत ठेकेदार के कर्मचारी यो का नाम स्थाई पता क्षेत्र में रहने का स्थान प्रत्येक व्यक्तियों के कार्य सार्वजनिक करायाजावे। थाना क्षेत्र के मसीरा तथा भाटिगमा घाट पर रेत का नियमों केविपरीत अवैध उत्खनन ठेकेदारोंके गुर्गों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन तथा खनिज अमला मूक दर्शक





बनाहुआ है। क्षेत्रीय जनपद पंचायत सदस्य राजेशमिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओपी शुक्ला, पत्रकार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूरज पयासी तथा पत्रकार निलेशगुप्ता ने पुलिस को ज्ञापन सौंप कर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है।




# स्वामी विवेकानंद जयंती पर शहडोल में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**शहडोल ।** स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती पखवाडा अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सभागार शहडोल में संभाग स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम एवं समाजसेवी अमिता चपरा ने कहा कि विवेक और आनंद, ये दो शब्द हमारे जीवन के पथ प्रदर्शक हैं। यदि हम विवेकपूर्ण ढंग से सोचें, बोलें और कार्य करें, तो न केवल हमारे जीवन में सुख और शांति होगी, बल्कि हम दूसरों के जीवन को भी आनंदित कर सकेंगे।कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय,डॉ. दिलीप तिवारी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद प्रिया सिंह बघेल, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि,समस्त परामर्शदाता,साहित्यकार, शिक्षाविद, समाजकार्य स्नातक/परास्नातक के छात्र छात्राएं तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का मिल रहा लाभ

## विधायक शहपुरा क्लस्टर में आयोजित जनकल्याण शिविर में हुए शामिल

डिंडोरी ( स्वतंत्र मत )।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनशिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज रविवार को शहपुरा जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत ददरगांव और बढ़ईगढ़ में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कन्या पूजन कर जनशिविर का शुभारम्भ किया। विधायक धुर्वे ने ग्राम ददरगांव 24ण्01 लाख से निर्माण होने वाली नवीन तालाब का भूमिपूजन किया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके





द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में युवाए महिलाए किसान और गरीब वर्ग को केंद्रित कर शासन की योजनाओं को शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर वृद्धा पेंशनए मातृत्व वंदना योजनाए पीएम किसान सम्मान निधिए संबल कार्डए प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की और विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लंबित प्रकरणों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने हैए जोकि प्रतिदिन स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारियों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# केशवाही पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

**शहडोल ।** चौकी केशवाही क्षेत्रांतर्गत दिनांक 18 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खरला कसेड़ नदी की तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर केशवाही पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर दबिश करने पर एक ट्रेक्टर बिना नंबर प्लेट के उक्त स्थान पर मय रेत लोड पाया गया, पुलिस द्वारा मौके पर पूंछताछ करने पर ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम राजबहोर साहू पिता मग्धू साहू उम्र 23 वर्ष एवं सहायक ने अपना नाम राजू नट बताया दोनो निवासी ग्राम खमरौंध, थाना अमलाई, शहडोल का होना बताया, उक्त वाहन की तलाशी लेने पर अवैध रेत लोड होना पाया गया, परिवहन के संबंध में कोइ भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे केशवाही पुलिस द्वारा वाहन को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी केशवाही के नेतृत्व में सउनि. नवीन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संभाग स्तरीय कर्मचारी चयन खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

शहडोल । सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि 11वीं स्कूल एजुकेशन डिपार्मेंट स्पोर्ट्स 2024-25 के लिए संभाग स्तरीय चयन खेल प्रतियोगिता क आयोजन होना है जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स,महिला पुरुष 50 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक कर्मचारी खिलाड़ियों के लिए होगा एवं वॉलीबॉल कबड्डी महिला पुरुष क्रिकेट पुरुष यह खेल शामिल किए गए हैं इच्छुक शिक्षा विभाग के कार्यरत कर्मचारी संभाग स्तरीय चयन प्रतियोगिता जो उमरिया जिले में दिनांक 20 जनवरी 2025 शिक्षा विभाग द्वारा कराई जाएगी जिसमें बैडमिंटन,वॉलीबॉल के खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों की दी गई समझाइश




डिंडोरी ( स्वतंत्र मत )।

नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी एवं जिला पुलिस प्रशासन डिंडोरी थाना कोतवाली के संयुक्त तत्वावधान में मंडला बाईपास रोड डिंडोरी में इंचार्ज थाना प्रभारी बीएल बरकड़े एवं हमारा स्टाफ के द्वारा बस चालको मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन के ड्राइवर को यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान की गई साथ ही समझाइए दी गई की बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें बस चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें साथ ही बस चालकों को हिदायत दी गई की कंडक्टर एवं ड्राइवर दोनों अपनी वर्दी जरूर पहनें जिससे यात्रियों को आशुगीथा से बचा जा सके उक्त कार्यक्रम में के एन सिंह ए राघवेंद्र ठाकुर राकेश यादवए प्रधान आरक्षक भानुलाल रावतेल एप्रधान आरक्षक सलीम खान एदीपक पटेलए राघवेंद्र सिंहए अविनाश यादव एविशाल पटेल प्रवेश पटेल चालक मनोजए पुलिस विभाग से उपस्थित रहे यूथ क्लब से ओमकार ठाकुरए चैन सिंहएराम ठाकुर एप्रियांशु कुशवाहाए रिया बर्मन आज उपस्थित रहे कार्यक्रम की जानकारी आर पीआई कुशवाहा के द्वारा दी गई साथ ही बीएल बरकड़े इंचार्ज थाना प्रभारी के द्वारा यूथ क्लब के सदस्यों को शर्ट प्रदान की गई।

# अमरपुर में आगामी 10 फरवरी से दो दिवसीय मड़ई मेला आयोजित

**डिंडोरी ( स्वतंत्र मत )।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत अमरपुर द्वारा दो.दिवसीय मड़ई ; मेला द्ध का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें ग्राम पंचायत अमरपुर में व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश सोनी के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि आगामी 10 फरवरी सोमवार को मड़ई एवं 11 फरवरी मंगलवार को गुदरी मड़ई रखी जाए। जहां पर बैठक में सभी उपस्थितजनों के द्वारा सहमति दी गई। उक्त आयोजित बैठक में स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्देए उपसरपंच शैंकी चंद्रौलए राजेश कछवाहा सहित ग्राम पंचायत सचिवए रोजगार सहायक एवं अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# विक्रमपुर कन्या हाई स्कूल में हुआ नि :शुल्क साइकल वितरण

**डिंडोरी ( स्वतंत्र मत )।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नि:शुल्क साइकल वितरण योजना अंतर्गत कन्या हाई स्कूल विक्रमपुर में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयि उपस्थिति में शाला में अध्यनरत दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से आने वाली 44 छात्राओं को हाई स्कूल प्रांगण में साइकल का वितरण किया गया गौरतलब हो कि प्रदेश सरकार के द्वारा शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे छात्र छात्राओं को नि:शुल्क साइकल वितरण किया जाता है जो 8 से 10 कि ए मी एकी दूरी तय कर स्कूल आते हैं उनकी पढ़ाई बीच में ही न रुक जाए इस उद्देश्य से सरकार ऐसे बच्चों को नि:शुल्क साइकल वितरण पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को कर रही है इसी तारतम्य में कन्या हाई स्कूल विक्रमपुर में छात्राओं को नि:शुल्क साइकल वितरण की गई छात्रा अंतरा ठाकुर का कहना है कि घर



से स्कूल दूर है कभी कभी बस छूट जाने के कारण समय पर विद्यालय नहीं आ पाती थी अब शासन द्वारा नि:शुल्क साइकल मिल जाने से अब वे समय पर स्कूल आ जा सकेंगी इसी तरह पूर्णिमा बताती है कि वे विक्रमपुर कन्या हाई स्कूल में अध्यन करती हैं उन्हें स्कूल आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है कभी कभी बस में बहुत ज्यादा भीड़ हो जाने के कारण वे स्कूल नहीं जा पाती है अब नि:शुल्क साइकल मिल जाने से वे समय पर स्कूल आ जा सकेंगी और पढ़ाई में रुकावट नहीं आने देंगी इसी तरह आरती एअंतरा, दीप्ति, नेहा, सुधा, कामनी, दृष्टि, बताती हैं कि कभी कभी पैसे के अभाव में वे बस का किराया नहीं दे पाती थी गांव से स्कूल आने जाने में बहुत समय लग जाता था इससे उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती थी लेकिन अब साइकिल मिल जाने से वे स्कूल आ जा सकेंगी और अपनी पढ़ाई बिना किसी रुकावट से कर सकेगी।

# जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव में आयोजित हुआ राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक मेला

## हमारी संस्कृति, परम्परा और रीति-रिवाज प्रकृति की उपासना करना सिखाते हैं : सम्पतिया उईके

डिंडोरी ( स्वतंत्र मत )।

जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव में क्षेत्र की लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके एवं संस्कृतिए पर्यटनए धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विचारक राजकुमार मटालेए शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वेए बांधवगढ़ विधायक शिव नारायण सिंहए शहडोल विधायक मनीषा सिंहए युवराजधर द्विवेदीए जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्तेए जिला पंचायत सदस्य ज्योतिप्रकाश धुर्वेए ब्रिगेडियर अवधेन्द्र प्रताप सिंहए पद्म अर्जुन सिंह धुर्वेए मनोहर लाल साहूए हरिशंकर मरकामए सुनील वाजपेयीए नंदनी मरावीए चमरू नेतामए श्याम शिवहरेए रत्नेश सोनकरए कलेक्टर हर्ष सिंहए पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंहए सीईओ जिला पंचायत अनील कुमार राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। सांस् तिक कार्यक्रम में डिंडोरी के अलावा मंडलाए अनूपपुरए उमरियाए जबलपुर एवं अन्य जिलों से आये 87 दलों के लोककलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुएए लोकनृत्य करमाए रीनाए सैलाए ददरियाए गेड़ी एवं गुदुम बाजा की रंगारंग प्रस्तुति देते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सम्पतिया उईके ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव के माध्यम से आसपास क्षेत्र के 70 से अधिक गाँव के बच्चे संस्कार के साथ अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैए यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में





87 दलों ने लोक संस्कृति की जो प्रस्तुति दी हैए वो क्षेत्र की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। हमारी संस्कृतिए हमारी परम्पराए हमारे रीति रिवाज प्रकृति की उपासना करना सिखाते है। हमारी लोक संस्कृति में वर्णित 4 ऋतुओं के अनुसार लोकनृत्य और लोकगीत आयोजित किये जाते हैए फसल का रोपा लागते समय रीना गीत गए जाते हैए वहीं फसल के आने पर करमाए ददरियाएसैला नृत्य कर खुशहाली मानते हैए यह हमारी परम्परा है। युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति को संजोकर रखना हैएआज आयोजित कार्यक्रम हमें हमारे कर्तव्य को बताता है। कैबिनेट उइके ने संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से कार्यक्रम को राज्य स्तर पर आयोजित करने की बात कही। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 87 दलों को 5001 की राशि का पुरुस्कार देने की घोषणा की।

राष्टीय विचारक राजकुमार मटाले ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आज आयोजित प्रतियोगिता से सामाजिक जागृति के लिए आवश्यक है। जनजाति कल्याण केंद्र पिछले 25 सालों से संस्कृति संरक्षण का कार्य कर रहा हैएजो शारीरिकए मानसिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए तत्पर है।

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र द्वारा संचालित प्रकल्प के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा में जो कार्य किये जा रहे हैए केंद्र जनजाति समाज की प्रगति के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। संस्कृति को आगे बढ़ाने में हम सब की भूमिका होती हैए इसे संरक्षित करने के लिए हमें सतत कार्य करना पड़ेगा। संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से बरगांव में 2 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगाए जिसकी रूपरेखा क्षेत्रीय स्तर से तैयार कर वार्षिक कैलेंडर में जोड़ेंगे और संस्कृति विकास के लिए विकास कार्य करेंगे।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज ने हमारी संस्कृति को संरक्षित किया हैए आदिवासी समाज प्रकृति के संरक्षक है। छेरता से सैला प्रारम्भ होता हैए दिवाली के बाद रीना का आयोजन किया जाता है। गोंड समाज सैला नृत्यएप्रधान समाज शिकारा वादन और भिम्मा तम्बूरा वादन करते हैए यह लोक कला की विविधता को दर्शाता हैए यह परम्परा विज्ञान संगत है। संस्कृति ही हमारी पालक हैएजिसे संरक्षित करने में जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव की भूमिका महत्वपूर्ण है।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार बजाग के श्री गोपाल सिंह के सैला नृत्य दल को 51000एदूसरा पुरुस्कार बरहोत के सुखराम पट्टा के सैला नृत्य दल को 31000एऔर तीसरा पुरुस्कार बालाघाट के श्री बरकत सिंह के दल को 21000 रुपये की राशि प्रदान कर अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। साथ ही 10 नृत्य दलों को सांत्वना पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा विंध्य: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## शहर पहुंचे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विविध आयोजनों में लिया हिस्सा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



मप्र के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में रविवार को रॉयल हेरीटेज पब्लिक स्कूल प्रांगण में श्री विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा विशाल जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र की गौरव व विकास को रेखांकित करते हुए कहा कि विंध्यु क्षेत्र ने सेना, राजनीति व न्याय आदि क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध शख्सियत देकर विंध्यव का गौरव बढ़ाया है। चित्रकूट में भगवान राम वनवास के दौरान प्रवास किये थे, इसके साथ ही विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट स्थान रखता है, वहीं यह क्षेत्र विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया जा रहा है और सकारात्मक तथा रचनात्मक कार्य से विंध्य का नाम ऊंचा हो रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के स्किल का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक निधि से सांसद और विधायक गरीब बच्चों को बढ़ाने का बीड़ा उठायें। क्योंकि भारतीय संस्कृति में अन्नवदान, शिक्षादान, और कन्यादान का विशेष महत्व है। इसलिये समाज की उन्नसति की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी को समाज की चिंता करनी चाहिए। जबलपुर व प्रदेश के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय हो, यहां की संभावनाओं को तलाशे और पूरे क्षेत्र को इको टूरिज्म बनायें। उन्हों ने कहा कि मां नर्मदा की स्वकच्छ ता के लिए हर संभव प्रयास करें, इसके लिये वे आवश्यक धनराशि भी सुनिश्चित कराई जायेगी।

### पुस्तक का किया विमोचल

इसी क्रम में उप मुख्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने विंध्य भवन कटंगा में न्यायाधीश जीपी सिंह की जीवनी का विमोचन किया। ज्ञात हो कि उक्त् जीवनी वरिष्ठ अधिवक्तां वीएस श्रोती ने लिखा है। इस अवसर पर जस्टिक आरएस झा, जस्टिस पीपी नावलेकर, जस्टिस वीके शुक्लाय, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता आरएन सिंह आदि उपस्थित रहे। विमोचन समारोह को उप मुख्य मंत्री शुक्ल ने कहा न्यायाधीश जीपी सिंह सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उनके कर्म, ज्ञान व चरित्र की त्रिवेणी से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। उनके द्वारा दिये निर्णय न्याय क्षेत्र में आधार बन जाते हैं। उन्होंने विंध्य तथा मध्यप्रदेश का नाम ऊंचा कर लोकतंत्र को सही राह दिखाने का वरदान दिया।

### पोंगल महोत्सव में लिया भाग

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मानस भवन में तमिल संघम के पोंगल महोत्संव में भाग लेकर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्हों्ने कहा कि पहले तमिलनाडू व केरल में ही पोंगल का त्यौरहार मनाया जाता था, लेकिन अब जबलपुर में भी यह त्यौहार मनाया जा रहा है, जो बड़ी प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में अलग अलग बोली, भाषा व पहनावा होने के बावजूद भी सभी एक सूत्र में बंधे हैं। दुनिया जब भारत की ओर देखती है, उसके पीछे हमारी संस्कृति की एकजुटता है। उन्होंने कहा कि उत्साह के साथ पोंगल महोत्सव मनाये यही हमारी सांस्कृतिक एकजुटता को सार्थक करेगी।

### सुकन्या योजना में खुलवाया खाता

इसी के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल् के मुख्य आतिथ्य में शहीद स्मारक में विजन जबलपुर के नवमें स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विजन जबलपुर समाज के उन लोगों के लिए मदद करने के लिए समर्पित है जिन्हें वास्तव में जरूरत है। इस संस्था के वरिष्ठजन समाज की मदद करने के लिए आगे आकर अपना योगदान दे रहे हैं। 101 लोगों ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए अपने देह दान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया यह बहुत बड़ी बात है। कार्यक्रम के दौरान 11 बच्चियों को सुकन्या योजना में खाता खुलवाकर उनकी पहली किश्त जमा करने की स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया।



# बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारतीय पहचान दे रही पश्चिम बंगाल सरकार

## अल्पप्रवास पर शहर पहुंचे मप्र के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जबलपुर प्रवास के दौरान देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिंदू नाम से आधार कार्ड बनवाकर उनकी असली पहचान छिपाने में मदद कर रही है। ये घुसपैठिए भारत में न केवल अपराध कर रहे हैं, बल्कि साइबर क्राइम में भी संलिप्त हैं। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि दिल्ली में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने इस मामले में और सख्त कदम उठाने की मांग की, ताकि देश की सुरक्षा और शांति बनी रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत पर राहुल गांधी के बयान को लेकर विजयवर्गीय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

### मन की बात प्रसारण को सुना

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भागवत के घुटने तक भी नहीं हैं और उनका बयान ऊपर मुंह करके थूकने जैसा है। वे केवल सत्ता पाने के लिए अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जबलपुर प्रवास के दौरान मंत्री विजयवर्गीय कटंगा में विंध्य सांस्कृतिक मंच के कार्यक्रम में शामिल हुए और वहीं प्रधानमंत्री की मन की बात का प्रसारण भी सुना।

# भक्तों ने सुनी श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह की कथा



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन रविवार को कथावाचक ब्रह्मानंद दास महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा।

# देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण का प्रतीक होता है जनेऊ

## मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान 101 बटुकों का यज्ञोपवीत संपन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में रविवार को सुबह 10 बजे से गढ़ा संजीवनी नगर स्थित लाल मैदान में यज्ञोपवीत संस्कार का अयोजन किया गया। इस आयोजन में 101 विप्र बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कर्मकांडी विद्वानों की के द्वारा वैदिक विधि से किया गया। इस आयोजन में संत शिरोमणि डॉ राजेश्वर चैतन्य ब्रहमचारी महाराज ने उद्बोधन देते बताया कि जनेऊ तीन धागों वाला एक सूत्र होता है, जिसे पुरुष अपने बाएं कंधे के ऊपर से दाईं भुजा के नीचे तक पहनते हैं। इसे देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण का प्रतीक माना जाता है, साथ ही इसे सत्व, रज और तम का भी प्रतीक माना गया है। यज्ञोपवीत के एक-एक तार में तीन-तीन तार होते हैं। यज्ञोपवीत के तीन लड़, सृष्टि के समस्त पहलुओं में व्याप्त त्रिविध धर्मों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। इस तरह जनेऊ नौ तारों से निर्मित होता है। ये नौ तार शरीर के नौ द्वार एक मुख, दो नासिका, दो आंख, दो कान, मल और मूत्र माने गए हैं। इसमें लगाई जाने वाली पांच गांठें ब्रह्म, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक मानी गई हैं। बुरे संस्कारों का नाश करके अच्छे संस्कारों को स्थाई बनाने के लिए यज्ञोपवीत-संस्कार किया जाता है। मनु महाराज के



अनुसार, यज्ञोपवीत संस्कार हुए बिना द्विज किसी कर्म का अधिकारी नहीं होता। द्विज का अर्थ होता है दूसरा जन्म। ये संस्कार होने के बाद ही बालक को धार्मिक कार्य करने का अधिकार मिलता है। व्यक्ति को यज्ञ करने का अधिकार प्राप्त हो जाना ही यज्ञोपवीत है।

**जन्मों के पाप होते हैं नष्ट-** उन्होंने बताया कि पदम् पुराण के अनुसार करोड़ों जन्म में किए हुए पाप यज्ञोपवीत धारण करने से नष्ट हो जाते हैं। विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहेगा। संस्कार कार्यक्रम में मुन्ना सिंह, अमरीश मिश्रा, युवा नगर अध्यक्ष गुड्डा त्रिपाठी, नवीन शुक्ला, आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, संजय तिवारी, सिद्धार्थ शुक्ला, रत्नेश मिश्रा, विकास तिवारी, विकास गौतम, अरुण दिक्षित, प्रिया तिवारी, रेणु उपाध्याय, संध्या बेरागी, मांडवी दुबे, रश्मि शर्मा, ज्योति उपाध्याय, शैलेश पाठक, गुड्डा महाराज, धीरेंद्र मिश्रा, जेपी तिवारी, सुशील तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# भारत रत्न से सम्मानित हों महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले

## इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने फुले संघर्ष मोर्चा के साथ की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरूषोत्तम तिवारी के साथ महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले संघर्ष मोर्चा भारत के प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर सैनी ने राष्ट्रीय कार्यालय में मुलाकात की । उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले संघर्ष मोर्चा भारत के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के सम्मान के लिए एक अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से मांग की गई है कि महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले की जीवनी को प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले संघर्ष मोर्चा भारत की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि हमारा परम सौभाग्य होगा कि हमारी पीढ़ी महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित होते हुए देख सकेगी।




इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी पं. श्रृवण मिश्रा सागर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया, प्रमुख प्रदेश महासचिव धारा शर्मा, जिला अध्यक्ष ओपी बिल्थरिया, गौरव पाण्डे सागर, महामंत्री बलराम श्रीवास्तव, संगठन मंत्री राहुल वर्मा, युवा नेता राज झारिया, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग केशव पटेल, युवा जिला अध्यक्ष कटनी, प्रिंस पटेल आदि उपस्थित रहे।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रॉयल हेरिटेज पब्लिक स्कूल, बारहा में रविवार को श्री विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा निशुल्क महा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया । इस महाशिविर में हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग से डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। जिनके द्वारा 100 से अधिक जनों का दंत परीक्षण कर दांतों की अनेक बीमारियों का उपचार भी किया गया।

साथ ही लोगों को तंबाकू का सेवन न करने एवं उसे छोड़ने की सलाह के साथ दांतों की उचित देखभाल सही खान पान एवं ब्रश करने के सही तरीकों से भी अवगत कराया गया। यह शिविर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.निहारिका बेंजामिन सहित डॉ.अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।





# सनातन धर्म पद यात्रा का हुआ आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी के समस्त सनातनी हिंदू संगठनों ने सनातन एकता मंच के माध्यम से सनातन धर्म पद यात्रा का आयोजन किया। जिसमें शहर की विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य लोग उपस्थित रहे थे, कार्यक्रम का शुभारंभ संतो द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर संतों का आशीर्वचन लेकर शुरू किया गया। भारत माता की जय के उदघोष के साथ संतो के अगुवाई में यात्रा हुई, जिसमें मातृशक्तियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। यात्रा मार्ग में जगह जगह फूल वर्षा कर पद यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा सिविक सेंटर से मालवीय चौक ,सुपरमार्केट, लार्डगंज, बड़ा फुवारा, कमानिया होते हुए पुनः वंदे मातरम चौक सिविक सेंटर में समापन किया गया इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# शिवचरण पाण्डेय का निधन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रैगवां निवासी श्री शिवचरण पाण्डेय का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे ब्रम्हदत्त पाण्डेय के पिता है। अंतिम संस्कार रविवार को रानीताल मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग, रेस्क्यू कर बचाई लोगों की जान

## करमचंद चौक इलाके की घटना, लाखों का माल हुआ खाक





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रविवार को करमचंद चौक इलाके में स्थित टिबरेवाला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में रविवार दोपहर करीब 12 बजे भीषण आग लग गई। कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर स्थित मैडम कलेक्शन नामक सलवार सूट के कारखाने में लगी इस आग से इलाके में दहशत फैला गई। कारखाने से उठ रहे काले धुएं के गुबार ने आसपास अफरा-तफरी मचा दी। इस दौरान पास के एक गोदाम में तीन लोग फंस गए। सूचना मिलने पर नगर निगम और ओमती पुलिस की टीम ने संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 12 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, आग से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। घटना के बाद पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### 25 से अधिक ट्रिप लाया गया पानी

फायर फाइटर अजय शर्मा ने बताया कि करमचंद चौक के पास बीच बाजार स्थित टिबरेवाला कॉम्प्लेक्स में लगी आग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फायर ब्रिगेड की टीम को दमकल की 12 गाड़ियों के साथ घंटों मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दमकल गाड़ियों ने करीब 25 ट्रिप पानी भरकर आग बुझाने में इस्तेमाल किया। जानकारी के मुताबिक मैडम कलेक्शन में सलवार सूट का थोक कारोबार होता है। संचालक लालचंद माखीजा ने जैसे ही रविवार को कारखाना खोला, कुछ ही देर बाद कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर स्थित इस कारखाने से धुआं उठने लगा। इससे पहले कि लालचंद कुछ समझ पाते, आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।

### आसपास की दुकानों में भरा धुआं

आग की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, कॉम्प्लेक्स में आग लगने के कारण आसपास की दुकानों में भी धुआं भर गया था। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। ओमती पुलिस अब आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है।

# जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर जिला स्तरीय व्याख्यान माला संपन्न

उमरिया ( स्वतंत्र मत )




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया ने कहा कि कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने संपूर्ण विश्व के सामने अपने कर्म के माध्यम से भारत देश की छवि आध्यात्मिक, परोपकारी और संस्कृति प्रधान देश के रूप में प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी को अपने आंतरिक शक्ति को पहचानना है, और समाज को कुछ देने की प्रवृत्ति सदैव बनाए रखना है। स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि अपने सकारात्मक व्यक्तित्व के निर्माण से हम श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं, इसलिए सदैव अपना आत्मविश्वास मजबूत रखते हुए धैर्य बनाए रखना आवश्यक है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अंबिकेश प्रताप सिंह डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि युवा वह है जो चैतन्य है, जीवन में सदैव जागृत अवस्था में रहते हुए सफलता का संकल्प लेकर उसको पाने के लिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। साथ ही साथ अपने लक्ष्य हेतु निश्चित उद्देश्य को निर्मित करने का मुख्य उद्देश्य बनाना महत्वपूर्ण है।

जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने कहा कि परिषद द्वारा देश के महा पुरुषों को स्मरण कर उनके संदेश को समाज तक पहुंचाने की दृष्टि से इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर समाज के साथ मिलकर किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जीवन का संदेश और उद्देश्य युवाओं तक पहुंचाने की दृष्टि से यह आयोजन परिषद के द्वारा किया गया है। उन्होंने युवाओं से स्वामी जी के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भास्कर सिंह चंदेल सचिव विद्या भारती जिला उमरिया ने अपने विचार वयक्त करते हुए सभी युवा अपने अंदर ऊर्जावान विचार सोचें तभी यह ऊर्जावान बनेंगे। आपके नकारात्मक विचार गलत दिशा में ले जाएंगे, युवाओं की सफलता में समय प्रबंधन अति आवश्यक होता है क्योंकि समय ही शाश्वत है ,युवा ऊर्जा से भरे हुए हैं इसलिए युवाओं को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए अपने अंदर की प्रतिभा और कल को विकसित करने की दृष्टि से अनावश्यक गतिविधियों से अपने आप को बचाना जरूरी है, स्वामी विवेकानंद जी के घोष वाक्य उठो जागो, और लक्ष्य पाने तक रुको मत, का विस्तार से वर्णन करते हुए उन्होंने युवाओं को लक्ष्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष त्रिपाठी परामर्शदाता विकासखंड समन्वयक पाली पुष्पा सिंह, मानपुर विकासखंड समन्वयक महेंद्र सिंह तराम आयोजन में लेखपाल आकाश द्विवेदी ,अभिलाषा यादव साथ ही साथ नवांकुर संस्था प्रतिनिधि सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं के साथ साथ परामर्शदाता कीर्ति सिंह, जयभारती साहू ,क्रांति सिंह ,कौसलेश सूर्यवंशी ,अर्चना मिश्र, राघवेंद्र द्विवेदी ,अन्नपूर्णा सोनी ,कल्याण यादव ,संजय साहू ,ठाकुर राम विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# बांधवगढ़ से दूसरे राष्ट्रीय उद्यानो में भेजे जा रहे चीतल, शिफ्टिंग शुरू



**17 जनवरी तक संजय टाइगर रिजर्व में 2253 और कूनो में 43 चीतलों को शिफ्ट किया जा चुका है**

उमरिया ( स्वतंत्र मत )

बाघो के अधिकता से मध्यप्रदेश को टाईगर स्टेट बनाने वाले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) से बड़ी संख्या में चीतलों की शिफ्टिंग की जा रही है। भोपाल वन विभाग मुख्यालय से अनुमति के बाद संजय गांधी टाइगर रिजर्व और कूनो नेशनल पार्क में चीतलों को भेजा जा रहा है। 17 जनवरी तक संजय टाइगर रिजर्व में 2253 और कूनो में 43 चीतलों को शिफ्ट किया जा चुका है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 30 हजार से अधिक स्वस्थ चीतल मौजूद हैं। यहां पर्याप्त घास के मैदान और बेहतर खाद्य व्यवस्था के कारण चीतलों का स्वास्थ्य उत्तम है। योजना के अनुसार, संजय टाइगर रिजर्व में कुल 2500 और कूनो में 50 चीतलों के शिफ्टिंग का लक्ष्य रखा गया है। बीटीआर के उपसंचालक पीके वर्मा के अनुसार, जब किसी क्षेत्र में बाघों का विस्थापन होता है या बाघों की संख्या बढ़ने, से चीतलों की कमी होती है तो वहां चीतल संख्या को बढ़ाने में काफी समय लगता है। इसलिए जिन पाकों में चीतलों की अधिक संख्या होती है, वहां से दूसरे क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाता है।

# ग्राम पंचायत बरही में आनंद उत्सव संपन्न



उमरिया ( स्वतंत्र मत )

करकेली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बरही के माध्यमिक स्कूल प्रांगण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी करकेली के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बरही, सिलौड़ी व धनवार द्वारा संयुक्त रूप से आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया व स्वागत पश्चात अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में कबड्डी, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, बोरा दौड़ जैसे खेलो का आयोजन किया गया जिसमे सभी उम्र के लोगो ने भाग लिया। साथ ही बरही, सिलौड़ी व धनवार से आए हुए छात्र छात्राओं व युवाओं के साथ खो खो, चम्मच दौड़, बोरा दौड़ जैसे खेलो का आयोजन किया गया।जिसके बाद आनंदक सहयोगी दीपक नामदेव द्वारा उपस्थित प्रशासनिक कर्मचारियों व अतिथियों के साथ एनर्जिक गतिविधि का आयोजन किया गया व छात्राओं द्वारा अपनी मनमोहक संगीतमय नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि धीरेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद साकेत, सरपंच बरही संतोषी बैगा, सरपंच सिलौड़ी बुद्धसेन सिंह, सरपंच -धनवार मंगल कोल, सचिव सिलौड़ी प्रतिभा उपाध्याय, सचिव धनवार विनोद सिंह, आनंदम सहयोगी दीपक नामदेव, प्राचार्य हाई स्कूल सिलौड़ी अशोक नापित, प्रधानाध्यापक बरही भीसम साहू सहित अन्य शिक्षकगण, छात्र छात्रा, वृद्धजन व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कालरी स्टेडियम ग्राउंड में आनंद उत्सव कार्यक्रम 23 जनवरी को पाली में

उमरिया ( स्वतंत्र मत )

राज्य आनंद संस्थान आध्यात्म विभाग व्दारा परंपरागत खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में उमरिया जिले के पाली में 23 जनवरी को कालरी स्टेडियम गाउंड में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके लिए 22 जनवरी को सायं 5 बजे तक पंजीयन कराया जा सकता है। आयोजित खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में सभी आयु वर्ग समूह हेतु दौड, कबडडी, बोरारेस, खो खो, रस्सा कसी, नीबू दौड एवं अन्य स्थानीय खेलों का आयोजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद पाली द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए राजेष दुबे मो. नंबर 6260077148 में संपर्क किया जा सकता है।

# बांधवगढ में पर्यटकों को मिलेगा ग्रामीण अनुभव, रंछा में होमस्टे शुरू

उमरिया ( स्वतंत्र मत )





मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से अब बांधवगढ़ आने वाले पर्यटकों को रुकने के लिए होमस्टे जैसे बेहतर विकल्प भी तैयार मिलेंगे, जहां वे वाइल्डलाइफ के साथ साथ स्थानीय ग्रमीण परंपराओं और संस्कृति को भी जान सकेंगे । मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक विदिशा मुखर्जी ने रँछा के वनराज होमस्टे का अवलोकन किया और होमस्टे संचालक चन्द्रिका सिंह एवं उनके परिवार से मुलाकात की। अवलोकन के दौरान श्रीमती मुखर्जी ने होमस्टे में हितग्राही चन्द्रिका जी के द्वारा अपने हुनर से किए गए छोटे छोटे मगर अनूठे प्रयासों को सराहा। इसके बाद स्टारगेजिंग प्रशिक्षण प्राप्त किए बच्चों द्वारा मैडम को स्टार गेजिंग कराई गई। बच्चों ने मैडम को कई ग्रह, तारे और चाँद को टेलीस्कोप से दिखाया और ग्रहों और नक्षत्रों से जुड़ी रोमांचक कहानियाँ भी सुनाईं। श्रीमती मुखर्जी ने बच्चों के प्रदर्शन की खूब सराहना की और उन्हें ईपीए गतिविधि में टेलीस्कोप दिए जाने की बात कही , इसके अलावा उन्होंने स्थानीय ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटरों के लिए एक कार्यशाला आयोजित करने के लिए भी कहा, जिससे कि वे इस कार्य को बेहतर रूप से शुरू कर सकें और आने वाले पर्यटकों को इसका लाभ मिले। श्रीमती विदिशा मुखर्जी, अपर प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना है और स्थानीय समुदाय को इसके लाभों से जोड़ना है।

# अवैध सागौन लकड़ी से लोड मेटाडोर पलटी, मेटाडोर चालक फरार



**उमरिया।** बेशकीमती सागौन की तस्करी में शामिल मेटाडोर को जप्त कर वन विकास निगम कार्यालय लाया गया। मेटाडोर में अवैध रूप से लदे सागौन के 49 लट्ठे भी वन अमले ने जप्त किए है। जिसकी अनुमानित कीमत दो लाख के पार बताई जा रही है। बताया जाता है कि अवैध रूप से सागौन के परिवहन की खबर वन टीम को थी,जिसके बाद उस पर निगरानी रखी जा रही थी,जिसकी भनक वन माफिया को हुई, जिसके बाद देर रात उसने रास्ता बदल कर घटना स्थल वाले कच्चे मार्ग से वाहन को फरार करना चाह रहा था, परन्तु घटना स्थल के पास मार्ग में ऊंची चढ़ाई होने की वजह से मेटाडोर अनियन्त्रित होकर पलट गई, जिसके बाद तत्काल वन टीम मौके पर पहुंची,पर घटना स्थल से चालक और दूसरे लोग मौके से फरार हो गए।

# ब्लाक स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन आज से

उमरिया ( स्वतंत्र मत )

जिला परियोजना प्रबंधक मप्र डे ग्रामीण आजीविका मिषन ने बताया कि ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 20 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। उन्होने बताया कि 20 जनवरी को ग्राम पंचायत लोढा, 21 जनवरी को हर्रवाह ग्राम पंचायत, 22 जनवरी को घुनघुटी ग्राम पंचायत, 23 जनवरी को जनपद पंचायत करकेली तथा 24 जनवरी को जनपद पंचायत मानपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। मेला प्रात: 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले के लिए भर्ती अधिकारी राहुल मोबाइल नंबर 9131557489 तथा हरि यादव 7974418469 से संपर्क किया जा सकता है। मेले में एसआईएस सिंगरौली की कंपनी भाग लेगी। जिसमें सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास फेल, उम्र 19 से 40 वर्ष तथा उंचाई 168 सेमी, सीमना 80 से 85 सेमी वजन 56 से 90 किलोग्राम, सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए 12वीं पास उम्र 19 से 40 साल, उंचाई 170 सेमी, सीना 80 से 85 सेमी तथा वजन 56 से 90 किलोग्राम होना चाहिए। भर्ती के समय केवल चयन किए गए उम्मीदवारो व्दारा पंजीयन शुल्क के रूप में 350 आनलाइन के माध्यम से करता है उसका प्रिंटेड रसीद लेना है। जिसे ट्रेनिंग सेंटर पहंचने के समय साथ मे लाना है। दूसरे जिला, ब्लाक के प्रार्थी भी इस भर्ती में शामिल हो सकते है।

# विनय डहरवाल का डीएसपी पद पर चयन



**बालाघाट( स्वतंत्र मत )।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा 18 जनवरी को राज्य सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया गया हैं। इसमें मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के बैहर तहसील अंतर्गत मंझीटोला निवासी विनय नंदकिशोर डहरवाल का चयन गृह विभाग मध्यप्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर चयन हुआ हैं। जिसने बैहर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। जानकारी अनुसार, विनय डहरवाल का डीएसपी पद पर चयन हुआ हैं। उनके पिता नंदकिशोक डहरवाल, डहरवाल कलार समाज संगठन के बैहर तहसील में सचिव पद पर पदस्थ हैं जो समाज को नई दिशा दे रहें हैं। वहीं माता श्रीमती रामवंती डहरवाल गृहणी हैं। विनय के डीएसपी पद पर चयन होने से डहरवाल समाज का नाम रोशन किया हैं वहीं इनके चयन होने से डहरवाल परिवार में खुशी हैं, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई हैं और उन्हे बधाई देने वालों का ताता लग गया हैं।

# 39 परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न हुई नवोदय परीक्षा

**प्रदेश में सर्वाधिक पंजीयन इस वर्ष बालाघाट जिले में**

**बालाघाट( स्वतंत्र मत )।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए शनिवार को जिले के 39 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू क्रियान्वयन के लिए डीईओ एके उपाध्याय ने जिले के 27 परीक्षा केंद्रों में प्रेक्षक नियुक्त किये थे। वहीं समस्त 10 विकासखण्डों के 39 परीक्षा केंद्रों के लिए केन्द्राध्यक्षो को नियुक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार को आयोजित परीक्षा में कुल 12764 दर्ज विद्यार्थियों में 11703 उपस्थित और 1060 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष प्रदेश में सर्वाधिक विद्यार्थियों का पंजीयन बालाघाट जिले में हुआ था। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों में बगैर किसी रुकावट के परीक्षा सम्पन्न की गई है।

# पीएम स्वामित्व योजना के तहत हितग्राही हुए लाभान्वित



**उमरिया ।** नौरोजाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गहिराटोला के ग्राम करौंदी मे प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत तहसील स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गहिराटोला के सरपंच सुखी राम चौधरी के द्वारा माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रचलित कर की गई, तत्पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के हितग्राहियों को दिल्ली मे आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों फूल सिंह पिता नंदू सिंह गोड़,राम बली पिता हनुमान सिंह गोंड,देव सिंह पिता हनुमान सिंह गोंड,दलपत सिंह,गिरधारी सिंह,जय सिंह,कृष्ण पाल सिंह,राजेश सिंह,सत्यभान सिंह,तुले सिंह,रामकली बाई सिंह,बंसधारी सिंह,ध्यान सिंह सभी निवासी, करौंदी को,कार्यक्रम के अतिथियों पाली एसडीएम, टीआर नाग, नौरोजाबाद तहसीलदार अभय नंद शर्मा, एवं ग्राम पंचायत गहिराटोला के सरपंच सुखी राम चौधरी के द्वारा हित लाभ प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# मानपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत खिचकिड़ी में अनुभूति कैम्प सम्पन्न




उमरिया ( स्वतंत्र मत )

मानपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत खिचड़ी में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभी बच्चों को बाघ का पगमार्ग एवं बाघ शावको का पगमार्ग विभिन्न पेड़ ,तालाब ,पक्षी दर्शन ,औषधि के पौधों का महत्व बताया गया। इस दौरान बच्चों नेब चीतल सांभर, भाषा, सुअर, नीलगाय को देखा। पेड़ साल, सागौन, कसाई,कारी, आमला, हर्रा, बहेरा, बरसजा, तेंदू, महुआ पीपल बरगद धवा, अर्जुन के पेड़ों की पहचान और औषधि उपयोग बताए गए साथ ही बॉस का उपयोग भी बताया गया और बास का अलग-अलग उपयोग भी बताया गया एवं अन्य जीवों के बारे में जैसे सांपों की पहचान कराई गई। बच्चों को शिविर स्थल में मैं कौन हूं वेव आफ लाइफ जंगल की पुकार का भी खेल खिलाया गया एवं मैं कौन हूं खेल का बच्चों ने रोचकता से खेल को खेला। अनुभूति कार्यक्रम में एसडीओ उप्पल एवं मानपुर रेन्जर मुकेश कुमार अहिरवार एवं वनरक्षक वनपाल एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# मार्च 2025 तक नल जल योजनाओं के माध्यम से सभी घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें : संपत्तिया उईके

**ग्राम सभा के अनुमोदन के बाद ही पंचायतों को नल जल योजनाओं का हस्तांतरण किया जाय**

उमरिया ( स्वतंत्र मत )



मार्च 2025 तक नल जल योजनाओ के माध्यम से सभी घरों मे शुद्ध पेयजल पहुंचना सुनिष्चित करें । डीपीआर के प्रावधानों के अनुसार एकल एवं सामूहिक नल जल योजनाओ मे जो ग्राम सम्मिलित किये गये है। उन ग्रामो के हर टोले, मजरे के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुचाया जाये। वन भूमि या बिजली के कारण जिन नल जल योजनाओ के कार्य प्रभावित हो रहे है जिला प्रषासन के संज्ञान मे लाकर उन कार्यो को पूरा कराया जाये। यह निर्देष प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपत्तिया उइके ने कलेक्टर सभागार मे आयोजित जल जीवन मिषन तथा लोक स्वा.यां. विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। बैठक मे विधायक बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र षिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर षिवगोविंद मरकाम, कार्यपालन यां. लोक स्वा.यां. विभाग अमित शाह, जल जीवन मिषन के महाप्रबंधक श्री जैन तथा विभागीय अमला उपस्थित रहे।

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपत्तिया उइके ने निर्देष दिये की योजनाओ के पूर्ण होने के पश्चात ट्रायल रन किया जाये तथा ग्राम सभा के अनुमोदन के पष्चात ही योजनायें ग्राम पंचायत को सौंपी जाये। योजनाओ का संचालन स्व सहायता समूहो के माध्यम से भी किया जाये। जिन क्षेत्रो में काम किया जा रहा है वहां की सडक मरम्मत का कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाये। हर कार्य की जानकारी कलेक्टर, जिला प्रषासन तथा जनप्रतिनिधियों को दी जायें। सीएम हेल्प लाईन मे प्राप्त षिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाये।

विधायक बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र षिवनारायण सिंह ने सुझाव दिया कि नल जल योजनाओ के संचालन मे जो कमियां रह जाती है उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाये। गांव के प्रत्येक व्यक्ति को तथा टोला मजरो के अंतिम छोर तक पेयजल की सप्लाई सुनिष्चित की जाये। हैंण्डओवर करने के पूर्व सक्षम तकनिकी अधिकारी द्वारा योजना की जांच करा ली जायें। जिससे पंचायातों को योजनाओ के संचालन मे परेषानी का सामना नही करना पडे। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि समय सीमा की साप्ताहिक बैठक मे इन योजनाओ की समीक्षा की जाती है। अब ग्रामीण विकास विभाग तथा संबंधित विभागो के अधिकारियो एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद स्तर पर समीक्षा बैठके आयोजित की जायेगी। अपूर्ण योजनाओ को समय सीमा मे पूरा कराने का प्रयास किया जायेगा।

## रोशनी करने के निर्देश

**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** अपर कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को 26 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने के निर्देश दिए हैं।

## सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण संपन्न

**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के अंतर्गत जिला योजना भवन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला कोषालय के अधिकारियों के द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और कर्मचारियों को आईएफएम आईएस सॉफ्टवेयर के सुचारू क्रियान्वयन एवं समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

## सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी 2 दिवस में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका सकारात्मक रूप से निराकरण करें। सभी विभाग ग्रेडिंग सुधारने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक तानुसार आवेदकों से चर्चा करें तथा उन्हें शासन के नियम निर्देशों तथा पात्रता से अवगत कराएं। 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों पर फोकस करें। योजना भवन में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद सिहं, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस का अनिवार्य रूप से आयोजन किया जाना है। सर्व कार्यालय अपने अधिनस्थ कार्यालयों में 25 जनवरी को प्रात: 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाना तथा कार्यक्रम के 2 फोटोग्राफ्स जिला जनसंपर्क ग्रुप एवं मण्डला इलेक्शन ग्रुप में शेयर करना सुनिश्चित करें। मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ इस प्रकार है।

## शिक्षा के क्षेत्र में बेटी पढ़ाओ

**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** कलेक्टर ने मानवता और शिक्षा के प्रति अपनी निष्ठा का अद्वितीय उदाहरण पेश करते हुए अर्सी अंजुम को रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सहायता से अर्सी को राजगढ़ में अपनी नर्सिंग कॉलेज की पढ़ाई जारी रखने का अवसर मिला है। जिससे न केवल उसकी शिक्षा पूरी होगी बल्कि यह कदम आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम साबित होगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा का योगदान अनमोल है। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों ने इस अभियान को मजबूती दी है। कलेक्टर का यह कदम निश्चित रूप से अन्य व्यक्तियों और संगठनों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और आगे भी समाज के कल्याण के लिए इसी प्रकार कार्य करते रहेंगे है।

## सेवा बहाली पर मंत्री को ज्ञापन



**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** साक्षर भारत मिशन के प्रेरक शिक्षक जिला संघ के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को सेवा बहाली के लिए ज्ञापन दिया है। बताया गया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत में खुलने वाले ग्रामीण अटल प्रेरक भर्ती पद पर समायोजित बिना किसी शर्त के सेवा बहाली करने की मांग रखी गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार उइके, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संदीप गरुण, छबि चक्रवर्ती, मुकेश सैयाम, ईश्वर साहू, सुभद्रा साहू, रोशनी, आशा बैरागी, अशोक कुमार आर्मों राजकुमार आदि प्रेरक शिक्षक उपस्थित रहे।

# स्टीमेंट के विपरीत खर्च कर रहे सामुदायिक भवन निर्माण में राशि

### सरपंच सचिव और उपयंत्री की चल रही मिलीभगत

मण्डला/नारायणगंज( स्वतंत्रमत )



जनपद पंचायत नारायणगंज की ग्राम पंचायत पाठा में सांसद निधि से स्वीकृत 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा करवाया जा रहा है जहां ग्राम पंचायत के कर्ताधर्ताओं द्वारा मनमर्जी पूर्वक कराया जा है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार होने वाले कार्य को ध्यान में ना रखते हुए पंचायत अपने मनमर्जी कार्य करा रही है। भवन निर्माण में जंग लगे सरिया सहित कम गुणवत्ता के सीमेंट और मटेरियल का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जन चर्चा का विषय है परंतु खुलकर सामने आकर विरोध ग्रामीण नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी अनुसार पंचायत प्रशासन अपने चहेतों से यह निमार्ण कार्य करा रही है। वही जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिम्मेदार प्रशासनिक अमला भी इन कार्यों पर ध्यान आकर्षित नहीं कर रहा है भवन निर्माण में मानक से कम एमएम के सरिया उपयोग पंचायत द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे भवन की मजबूती को भी खासा नुकसान आने वाले समय में हो सकता है। विकासखंड मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी उक्त ग्राम पंचायत की है और यहां मुख्यालय से जिम्मेदार अधिकारियों का आना-जाना लगभग ना के बराबर होता है इसी सब बातों का फायदा ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा बखूबी उठाया जा रहा है ग्रामीणों की माने तो दीवार निर्माण में सीमेंट, सरिया का उपयोग कम किया गया है। गुणवत्ता युक्त सामग्री उपयोग में नहीं लिए जाने के कारण निर्माणाधीन दीवारों से सीमेंट मिट्टी की तरह छूट रही है भवन निर्माण का लगभग आधा कार्य पूरा हो चुका है। भवन में लगे खिड़की दरवाजे भी बिल्कुल कमजोर नजर आ रहे हैं। कुल मिलकर यह काम मुश्किल से 50 प्रतिशत राशि का हो रहा है। वहीं सम्बधित इंजीनियर भी मौका स्थल में जा तो रहें हैं लेकिन खमौश हैं जिसके चलते पूरा निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बता दे कि इन दिनों नारायणगंज क्षेत्र की पंचायतों के सरपंच-सचिव जनपद के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर ग्रामीणों के अधिकारों का किस तरह दोहन करते हैं और शासन की लाभकारी योजनाओं का बंदरबांट मिलकर कर लिया करते हैं। पंचायती राज के सपने को साकार करने में किस तरह की कार्यप्रणाली अपनायी जाती है। जिले में नेताओं की कृपादृष्टि वाली अनेक पंचायतों को अनाप-शनाप राशि आवंटित की गई तो कई पंचायतें राशि के अभाव में दम तोड़ रही है। जिन पंचायतों को धनराशि प्राप्त हुई है उनके अधिकांश पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजन, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपकृत करने का ही काम किया, तालाब, कूप निर्माण, पुल-पुलिया, शौचालय, सडक़ें आदि बनवाने में जमकर शासन को चूना लगाया गया। अनेक ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाएं जहां बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊंचाई वाले क्षेत्र में है। राजीव गांधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊंचा उठाने में भारी धांधली होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। यही हाल समग्र स्वच्छता अभियान का भी चल रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण किये बिना ही राशि आहरण कर ली गई। डब्ल्यूबीएम मार्गो के निर्माण में भी लापरवाही बरती गई। खस्ता हाल पड़े ग्रामीण क्षेत्रों के पहुंच मार्गों से जनप्रतिनिधियों का मूल रूप से निकलना संदेहों को जन्म देता है, अधिकार प्राप्त नेताओं द्वारा जर्जर पहुंच मार्गों में कोई रूचि नहीं दिखाई जिसके चलते अनेक गांव बरसात में दुर्गम टापू बन जाते हैं, वहीं कुछ गांवों में बरसात के बाद पहुंचना मुश्किल हो जाता है। त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का सफल संचालन जिले में नहीं हो पा रहा है। जिला पंचायत के शाखा प्रभारी कागजी आंकड़ों में उलझ कर रह गये हैं। शिकायतों की जांच कम नस्ती करने का खेल चल रहा है। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में ही ग्राम पंचायत स्तर पर जबरदस्त धांधली और मनमानी चल रही है। किसकी वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अनेक तरह की समस्याएं जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सुलझ नहीं पा रही हैं, जिसकी वजह से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की समस्या दूर नहीं की जा रही है। निरक्षरता, गंदगी बीमारी को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। सीमेंट कांक्रीट सडक़ों का निर्माण घटिया स्तर का किया जा रहा है। नाली नहीं बनाई जा रही है। सभी आंतरिक मार्गों का सीमेंट्रीकरण नहीं किया जा रहा है। पुराने कूपों की साफ-सफाई, मरम्मत व रंगरोगन नहीं की जा रही है। सरकारी भवन बदहाल हैं। मजदूरों का भुगतान लटका हुआ है। मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल पा रहा है। अधूरे कामों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। नये-पुराने कामों को समय-सीमा में पूरा नहीं किया जा रहा है। हितग्राहीमूलक के सभी काम बंद पड़े हुये हैं पेंशन समय पर हितग्राहियों को नहीं मिल पा रही है। खुले में शौचमुक्ति का काम फर्जी तरीके से किया जा रहा है। शौचालय निर्माण शत् प्रतिशत् पूर्ण नहीं किया जा रहा है। नियमित रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय नहीं खोले जा रहे हैं कुल मिलाकर पंचायतों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।



# बच्चों के लिये आयोजित हुआ बाल सम्मेलन

मण्डला( स्वतंत्रमत )

जेडीएसएसएस संस्था द्वारा ग्राम सुरंगदेवरी में बाल सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड के 10 ग्रामो से लगभग 250 बच्चे उपस्थित थे बाल संसद के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें गोंडी नृत्य, करमा, गीत, शैला, ददरिया, नुक्कड़ नाटक आदि से समाज को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, शराबबंदी, बाल अधिकार और बाल हिंसा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। बच्चों ने बाल संसद के बारे में नाटकों और गीतों के माध्यम से समझाए। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमति जमना पन्द्रे, जनपद सदस्य हीरेन्द्र मसराम, जेडीएसएसएस संचालक फादर डोमिनिक थॉमस, माली मोहगांव, साल्हेडंडा, सिलपुरा एवं मानादेई पंचायत के सरपंच, ग्राम मुकद्दम आदि उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के द्वारा बाल संसद के बच्चों को उपहार दिया गया। साथ ही स्थानीय खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहित करने खाद्य एवं बीजों का स्टाल लगाकर प्रदर्शनी लगाया गया। कोदो, कुटकी, संवा, रागी आदि बीज, जैविक दवाओ का भी प्रदर्शनी लगाया गया कार्यक्रम मे संस्था के संचालक फादर डोमनिक थॉमस ने समुदाय से आग्रह किया कि बाल संसद में बच्चों को ट्यूशन के अलावा खेलकूद को भी महत्व दिया रहा है ।

## 9 कुंडीय शक्ति सवंर्धन महायज्ञ

मण्डला( स्वतंत्रमत )

शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024-25 विराट 9 कुंडीय शक्ति सवंर्धन गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव के तृतीय दिवस महायज्ञ मे विधारंभ, गुरुदीक्षा, पुसंवन संस्कार संपन्न हुये संस्कारों के क्रम मे यज्ञ शाला मे उपस्थित सभी जनों ने गुरु दीक्षा ली शॉंतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि व टोली नायक पूरन चंद्राकर ने प्रवचन में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों व भगवान के सभी अवतारों के बारे में विस्तार से बताया शाम के दीप महायज्ञ मे दीपकों की रोशनी मे गायत्री महामंत्र पावन बना दो हे देव कविता के माध्यम से सभी के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ प्रार्थना संपन्न कर वेदमाता गायत्री व परिवर्तन के देवता भगवान महाकाल की आरती हुई। कार्यक्रम व दीप महायज्ञ में स्थानीय मातृ शक्तियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी प्रदान की।

# किड्जी प्ले स्कूल के बच्चों ने किया भ्रमण

मण्डला( स्वतंत्रमत )

किड्जी प्ले स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक मनोरम फील्ड ट्रिप का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नन्हें बच्चों को समुदाय सहायक एवं पब्लिक सेक्टर की आवश्यक जानकारी के साथ व्यापक बनाना स्कूली शिक्षा के साथ हमारी दैनिक गतिविधियों में इन विभागों के योगदान से अवगत कराना रहा। स्कूली शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में विजिट के दौरान ब्रांच मैनेजर रत्नेश सिंघई ने बच्चों को बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी दी। यहां पर हमारे खाते में रकम जमा करना, रकम निकालना, एफडी आदि हमारे रोजाना की दिनचर्या में बैंकिंग के महत्व को समझाया यातायात विभाग के भ्रमण करने के दौरान एस आई देवेंद्र परवार ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित जीवन के लिए नियमों के आवश्यक पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक जानकारियां दी गई थाना कोतवाली के भ्रमण के दौरान थाना नगर निरीक्षक शफीक खान के निर्देशन में बच्चों को थाने के लॉकर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। बढ़ते क्राइम से सतर्क रहने के लिए आवश्यक तथ्य बताए गए पोस्ट ऑफिस में विजिट के दौरान पोस्ट मास्टर मंजूलता धूमकेती की मौजूदगी में बच्चों को डाकपत्र के महत्व मेल से संबंधित आवश्यक जानकारियां एवं पोस्ट ऑफिस के आवश्यक कार्यों की जानकारी दी। इसके पश्चात नगर पालिका में फायर शाखा में डायल 101 के संबंध में जानकारी दी गई। किसी स्थान पर आग लगने विभाग को सूचित करने से लेकर आग बुझाने तक की मौजूद गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराया गया। पुरातत्व विभाग के भ्रमण के दौरान बच्चों को विभागीय संबंधी जानकारी से अवगत कराया और यहां पर रखी प्राचीन कलाकृतियों एवं उसके संबंध में जानकारी दी। फील्ड ट्रिप ने न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाया बल्कि टीम वर्क और सामाजिक संपर्क को भी बढ़ावा दिया। फील्ड ट्रिप के संचालन में डायरेक्टर निशांत शुक्ला, स्कूल प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी एवं स्कूल प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

## ब्रह्मा बाबा की पुण्य स्मृति पर कार्यक्रम

मण्डला( स्वतंत्रमत )

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज मार्ग बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवा केंद्र विश्व शांति भवन में संपन्न हुआ। जिले के ब्रह्मावत्स सेवाकेंद्र पहुंचकर योग तपस्या की। भगवान के महावक्य मुरली सभी को सुनाए गई। परमपिता परमात्मा शिव बाबा और ब्रह्मा बाबा को भोग लगाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के बारे में बताया कि ब्रह्मा बाबा का जीवन व्यापारिक और पारिवारिक जीवन लौकिक दृष्टि से संतुष्ट और सफल था परंतु ब्रह्मा बाबा लगभग 60 वर्ष के थे तब उनका मन भक्ति में अधिक झुक गया। अपने व्यापारिक जीवन से अवकाश निकालकर ईश्वरीय मनन चिंतन में लवलीन तथा अंतर्मुखी होते गए। आज के दिन विशेष ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में स्थित चार धाम को सेवाकेंद्र में ही बहुत अच्छी तरह से बनाकर सजाया गया था। क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी ओमलता दीदी, साथ में ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे।




## प्रधानमंत्री जनमन आंगनवाड़ी का लोकार्पण

मण्डला( स्वतंत्रमत )

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने रविवार को बिछिया विकासखंड के ग्राम उमरवाड़ा के सानी मवाला में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बिछिया विधायक नारायण सिंह पटटा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जनपद पंचायत बिछिया अध्यक्ष सकुना उइके, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, डॉ. विनोद मरावी, स्थानीय सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनमन योजना संचालित कर आदिवासी जनजाति समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में प्रथम आंगनवाड़ी केन्द्र सानी मवाला का शुभांरभ हुआ। मंत्री श्रीमति उइके कहा कि आंगनवाड़ी में शिक्षा ग्रहण कर रहे नन्हें बच्चों का भौतिक विकास होगा। इस अवसर पर मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने नए आगंनवाड़ी भवन संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए। आयोजित कार्यक्रम को विधायक नारायण सिंह पटटा और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने भी संबोधित किया प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन की लागत 12 लाख रूपए है।

## भागीरथ सेवा विकास परिवार की बैठक

**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** भागीरथ सेवा विकास परिवार की बैठक रविवार को संपन्न हुई उक्त बैठक अध्यक्ष अजय कुमार उपस्थित में हुई बैठक में समिति के दायित्वान कार्यकर्ता एवं सक्रिय सदस्यों की सहभागिता इस बैठक में मुख्य रूप से हुई। समिति द्वारा समय-समय पर प्रत्येक माह और वार्षिक बैठक का वर्ष में आयोजन किया जाता है इन सभी बैठकों पर समिति संबंधित कार्य और समाज में सेवा जनजागरण सदस्यता अभियान सेवा सहयोग निधि सामाजिक एवं सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम स्वास्थ्य के क्षेत्र में रक्त संबंधी जांच शिविर खेल और युवा विकास महापुरुषों की स्मृति दिन पर विशेष आयोजन पर्यावरण संरक्षण आयुर्वेद के महत्व का प्रचार प्रसार स्थानीय परंपरा और कला को जन जन तक पहुंचाने जैसे एवं अजेय पत्रिका का प्रकाशन अन्य सामाजिक गतिविधियों की योजना पर विचार विमर्श किया जाता है संस्था के कार्यक्रम में आय और व्यय पर भी विशेष विचार किया जाता है ताकि संस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित कर सके। समिति की बैठक पर बीएसवीपी सदस्यों ने अपने-अपने विचार आगामी कार्य को लेकर रखें बैठक में संतोष कुमार मरावी दयाराम यादव तारा मरावी दुर्गेश चौधरी नारायण नागवंशी राजेश अवधिया अरविंद बरमैया रोहित यादव संध्या कान्ड्रा अनील यादव अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## डिप्टी कलेक्टर बने पिंडरई के सागर जैन

**नैनपुर ( स्वतंत्र मत )।** पिंडरई निवासी सागर जैन नीशू का प्रथम प्रयास में ही डिप्टी कलेक्टर के पद में चयन हुआ है। सागर पिंडरई निवासी स्व. दिलीप कुमार जैन ,श्रीमती सपना जैन के सुपुत्र है। ज्ञातहो कि सागर गत एक वर्ष से पटवारी के पद में अपनी सेवाएं दे रहे थे। एमपीपीएससी की परीक्षा में 24 वां स्थान हासिल कर सागर ने माता पिता व समाज और पिंडरई का नाम गौरांवित किया है। अपनी कम आयु मात्र 28 वर्ष में इस बड़ी उपलब्धि के लिए सकल दिगम्बर जैन समाज पिंडरई एवं शासकीय हाईस्कूल पिंडरई के शिक्षक शिक्षको ने सागर जैन के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

## परिषद् सदस्यता का प्रथम चरण पूर्ण



**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की सदस्यता वर्ष 2025 एवं 2026 के लिये आरम्भ की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी एवं प्रदेशाध्यक्ष मंयक तिवारी के विशेष मार्गदर्शन में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अन्तर्गत प्रथम चरण की सदस्यता मण्डला जिला इकाई के द्वारा पूर्ण की गई है। जिसके सदस्यता फार्म बीते दिनों राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी को मण्डला जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल द्वारा सौंपे गये। इस दौरान समाज कल्याण प्रकोष्ट के प्रदेश महासचिव इं. तरूण कुमार सोनाने एवं सदस्यता प्रभारी शिव चौरसिया व अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जुआ फड़ में पुलिस की दबिश, जुआरी भागे पत्ते बरामद



नैनपुर ( स्वतंत्र मत )

पुलिस की अनवरत दबिश के बाद नैनपुर में काफी लम्बे समय से जुआ खेलने खिलाने का कार्य बन्द था । मगर पिछले कुछ दिनों से जुआड़ी पुन: नगर में सक्रिय होने लगे थे। लिहाजा एक दिन पहले ही शोसल मीडिया में जमकर खबर चली। जिसमे नगर के वार्ड क्रमांक 7 इटका में गोंदिया रेल लाइन के किनारे सद्दाम नगर में जुआ की फड़ लगने की बात कही गई। पुलिस को सूत्रों के हवाले से मिली खबर की पुष्टि तब हुई जब नैनपुर नगर निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा अपने दल बल के साथ निर्धारित जुआ फड़ में पहुंचे। हालांकि वहां से जुआड़ी तो भाग खड़े हुए मगर पुलिस के हाथ उक्त स्थान में जुए की फड़ संचालित होने के पर्याप्त सबूत मिले। ताश के बावन पत्ते बोरा फट्टी सहित अन्य सामाग्री पुलिस को उक्त स्थान से मिले। बताया गया कि रेल लाईन के किनारे एक खेत में यह फड़ सजाई गई थी । पुलिस का कहना है कि इस तरह की किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बहरहाल पुलिस खेत मालिक से फड़ सजाने वालो के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## मंडला पहुंची शुचि का हुआ स्वागत

**मण्डला( स्वतंत्रमत )।** पिछले लगभग तीन महीने से मध्यप्रदेश के लिए विभिन्न टूर्नामेंट खेल रही शुचि उपाध्याय के घर पहुंचने पर स्वागत किया गया। 19 दिसंबर को सुबह तड़के पहुंचने पर श्री सिंहवाहिनी सेवा मंडल, महिला मंडल, डीसीए सहित महिष्मति ग्राउंड समिति के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत कर श्रीसिंह वाहिनी मंदिर रामलीला मैदान में प्रसाद वितरण किया। सेवा मंडल अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, सचिव सुधीर तिवारी, उपेंद्र बाजपेई सहित महिष्मति ग्राउंड समिति से बसंत चौधरी सहित मित्र, सिंह वाहिनी महिला मंडल से श्रीमती अर्चना तिवारी, नीलिमा बाजपेई, प्रिया तिवारी, अर्पिता बाजपेई,आशिमा तिवारी सहित सभी सदस्यों ने स्वागत में विजय माला पहना कर शुभकामनाएं दीं। वहीं शुचि उपाध्याय के अब तक प्रदर्शन पर जेडीसीए के अध्यक्ष निशीथ पटेल, सचिव धर्मेश पटेल अनिल शर्मा, विक्रम जिनसारी, ब्रजेश पटेल,सुकेश झा,त्रिलोक नायडू एव डीसीए अजय मिश्र, विजय बर्मन, इम्तियाज अली,संजय बडगैयां, ललित जोशी, वेदप्रकाश कुलस्ते, ज्ञानेंद्र झा, शिवांसु तिवारी, बसंत ठाकुर, निशांत झा, भीष्म द्विवेदी, समसुदीन, उत्कर्ष पटेल आदि खेल प्रेमियों शुभकामनाएं दी हैं ।

संपादकीय

# ये कैसा ए-टू-जेड

आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की राजनीति के आईने में बिहार की जातिगत समीकरण वाली सियासत की स्पष्ट तस्वीर देखी जा सकती है। लालू यादव दलित, पिछड़ों और अति पिछड़ों के अलावा एमवाई समीकरण को अपने राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि का महत्वपूर्ण कारक मानते रहे हैं। इसका उन्हें लगातार फायदा भी मिलता रहा है। लेकिन अब लालू वाले सारे अधिकार तेजस्वी यादव को सौंप दिए गए हैं। तेजस्वी यादव में भी एमवाई समीकरण और लालू के रास्ते से अलग चलने का कोई माद्दा नहीं दिखता है। तेजस्वी यादव ए-टू-जेड की बात करते जरूर हैं। लेकिन उन्हें डर है कि कहीं दांव उल्टा न पड़ जाए। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को संपन्न हुई। कार्यकारिणी में तेजस्वी यादव को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बराबर अधिकार दे दिए गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आलोक मेहता ने पार्टी के संविधान में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया। इसके साथ ही राजद में तेजस्वी युग की शुरुआत हो गई। अब तेजस्वी यादव को वह सभी फैसले लेने का अधिकार मिल गया है जो अब तक सिर्फ लालू यादव ही ले सकते थे। तेजस्वी यादव अब चुनाव में जिसे चाहें उसे अपनी पार्टी का सिंबल दे सकते हैं और पार्टी के सारे अहम फैसले ले सकते हैं। हालांकि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह नहीं पहुंचे। इसके बाद उनके नाराज होने के कयास लगाए जाने लगे, लेकिन मीसा भारती ने इन कयासों पर यह कहकर विराम लगा दिया कि वह बीमार हैं। बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके पास बिहार को आगे ले जाने का ब्लू प्रिंट है। उन्हें पता है कि बिहार को कैसे आगे ले जाना है। पटना में आरजेडी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पार्टी के कद्दावर नेता और राजपूत चेहरा जगदानंद सिंह मौजूद नहीं थे। उनके बेटे और सांसद सुधाकर सिंह भी नहीं पहुंचे थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लालू यादव सियासत में कभी-कभार संबंधों को ढोते थे। लेकिन, तेजस्वी यादव ऐसा बिल्कुल नहीं करने वाले हैं। तेजस्वी यादव सवर्णों से दूरी बनाने वाली राजनीति पर काम कर रहे हैं। इसीलिए कहा जाता है कि आरजेडी में सवर्णों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है। जाति का सियासी एजेंडा जो राहुल गांधी ने सेट किया है, तेजस्वी यादव भी उसी राह पर चल रहे हैं। आरजेडी की बैठक में राजपूत नेताओं का नहीं पहुंचना, ये पार्टी के अंदर से 'बाबू साहेब' एरा का अंत माना जा रहा है। जगदानंद सिंह और उनके बेटे सुधाकर सिंह लगातार आरजेडी में अपमानित होते रहे हैं। उन्होंने खुलकर कभी कुछ बोला भी नहीं। लालू यादव और तेजस्वी इन्हें कोई वैल्यू नहीं देते। यह भी संभव है कि जल्द ही आरजेडी से सवर्णों का सफाया हो जाए।


**बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण की सियासत करते हुए लालू यादव ने कई बार लंबी लकीर खींची है। अब लालू यादव के सारे अधिकार पार्टी की ओर से तेजस्वी यादव को दिए गए हैं। तेजस्वी के जमाने में ए-टू-जेड की बात तो हुई, लेकिन आरजेडी आज भी सवर्णों से दूरी बनाकर रखती है।**

# सत्ता की बैसाखी पर टिके होने से बदल जाते हैं नेताओं के सुर

बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलित प्रदेश के युवाओं की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी आश्चर्यजनक नहीं है। दरअसल भाजपा न सिर्फ बिहार नीतिश सरकार में शामिल है, बल्कि केंद्र में भी उसी की बैसाखियों पर टिकी है। ऐसे में मुद्दा जनहित का हो या न हो, इससे भाजपा को फर्क नहीं पड़ता। इससे पार्टी के उसूलों पर भी आंच नहीं आती। इसी भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ पेपर लीक प्रकरणों में विरोध प्रदर्शनों में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। यह दोहरा चरित्र अकेले भाजपा का हो ऐसा नहीं है। जिस प्रदेश या केंद्र में जिस भी दल की सरकार होती है, वहां की सत्तारुढ़ पार्टी का रवैया ऐसा ही होता है। केंद्र में कांग्रेस शासन के दौरान सहयोगी दलों के घपले-घोटाले इसका प्रमाण रहे हैं। सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं। बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। छात्र प्रदर्शनकारियों के पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया। बिहार की तरह राजस्थान भी कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक प्रकरणों के कारण सुर्खियों में रहा है। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक के बाद एक पेपर लीक के मामले सामने आए। सब इंस्पेक्टर भर्ती, सीएचओ भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने के खुलासे हुए। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से व्याख्याता भर्ती 2022 की परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। पेपर लीक मामले में उलझी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं में हर ताजा अपडेट का इंतजार है। पेपर लीक और डमी अभ्यर्थियों के जरिए सैंकड़ों युवाओं ने नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले की जांच करने वाली एसओजी ने भी व्यापक स्तर पर पेपर लीक होना माना और इस परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश पुलिस मुख्यालय को भेजी थी। पुलिस मुख्यालय और मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने भी परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने इस भर्ती परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया।राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के आगामी प्रशिक्षण पर रोक लगा दी। सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश के बाद लिया। एक साल की लंबी एक्सरसाइज में अभी तक 50 सब इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। आरपीएससी के सदस्य पकड़े गए। आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान में भाजपा सरकार केही एक केबीनेट मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा रहे हैं। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सत्तारुढ़ भाजपा अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं कर सकी। अनुशासित माने जानी वाली भाजपा की मजबूरी है कि मीणा के खिलाफ पार्टी और सरकार की लाइन से अलग हट कर चलने को लेकर कार्रवाई नहीं कर सकी। इसमें भाजपा को मीणा के साथ जुड़े मीणा वोट बैंक के खिसकने का डर है। सत्ता के लिए राजनीतिक दल किस हद तक उसूलों को ताक पर रख देते हैं, मीणा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना इसका उदाहरण है। मीणा मंत्री पद से इस्तीफा तक दे चुके हैं, हालांकि उन्होंने इस्तीफा लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर अपनी जिम्मेदारी मानते हुए दिया था। पार्टी ने अनुसूचित जाति में कोई गलत संदेश नहीं जाए, इसलिए मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वोट बैंक के लिए समझौते की ऐसी अनोखी मिसाल देश में शायद ही कहीं देखने को मिले, जहां एक नेता के मंत्रीपद से इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया, बल्कि उसकी पार्टी विरोधी कार्रवाई झेलने को भी पार्टी मजबूर है। दरअसल ऐसे सार्वजनिक विवादित मुद्दों पर किसी भी सरकार के लिए फैसला लेना आसान नहीं होता। सरकारें एक तरफ जहां रोजगार देने के लिए अपनी छवि सुधारने में लगी होती हैं, वहीं दूसरी तरफ फिर से परीक्षा करवाने की कवायद खर्चीली और देरी करने वाली होती है। राज्यों में सत्तारुढ़ पार्टी के सामने समस्या यह भी होती है कि पेपर लीक होने से चुनिंदा लोगों को हुए फायदे के कारण परीक्षा रद्द करवाने से हजारों-लाखों अभ्यर्थियों के हितों का नुकसान नहीं किया जा सकता। ऐसे में सत्तारुढ़ दलों को दोनों तरफ से युवाओं की नाराजगी का खतरा होता है। यदि पेपर निरस्त करा दिया तो योग्यता सूची में आए अभ्यर्थियों की नाराजगी और नहीं कराया तो प्रदर्शनाकारियों की। ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं। इसके पीछे भी वोट बैंक की राजनीति है। मीणा ने पेपर लीक मामलों में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की नाक में दम कर दिया था। कांग्रेस के राजस्थान से सत्ता गंवाने का एक बड़ा कारण पेपर लीक मामले भी रहे हैं। यह निश्चित है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के राज्यों में होने वाले संचालन को सौ प्रतिशत चाक-चौबंद करना आसान नहीं है। कोई भी चूक और मिलीभगत पेपर लीक करवा सकती है। राजनीतिक दलों को रोटी सेकने के लिए ऐसे ही मौकों का इंतजार रहता है। यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक राजनीतिक दल मिल बैठकर किसी नीति पर कायम नहीं होते। तब तक न सिर्फ युवाओं के हितों पर कुठाराघात होता रहेगा, बल्कि सरकारी संसाधन और धन का भी नुकसान होता रहेगा।



–योगेंद्र योगी



# दिल्ली चुनाव के केन्द्र बिंदु में क्यों है सॉफ्ट हिंदुत्व?

अनिल कुमार

दिल्ली का विधानसभा चुनाव नरम हिन्दुत्व की राह पकड़ चुका है। इसकी वजह है कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्षी बीजेपी के बीच पुजारियों और इस तरह के लोगों का सबसे बड़ा हितैषी बनने की होड़ लगी हुई है। पांच फरवरी को होने वाले चुनाव में यह देखने को मिल रहा है कि आम आदमी पार्टी धर्म का दामन थामकर चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। आप ऐसा करके भाजपा को उसी के अंदाज में पराजित करना चाहती है।

अरविंद केजरीवाल-नीत पार्टी ने हाल ही में घोषणा की है कि यदि उनकी पार्टी दिल्ली में सत्ता में लौटती है तो पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत मंदिर के पुजारियों तथा गुरुद्वारे के ग्रंथियों को प्रतिमाह 18 हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। इसके जवाब में भाजपा मंदिरों और गुरुद्वारों सहित विभिन्न पूजा स्थलों को हर महीने 500 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर सकती है। दोनों दलों ने गरीब और हाशिये पर पड़े हिंदुओं को धोखा देने और वोट बैंक को मजबूत करने के लिए एक-दूसरे पर अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की पहली वर्षगांठ पर शहर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक रैली को संबोधित करते हुए जय श्री राम का नारा लगाया था और झुग्गीवासियों से सरकार बदलकर दिल्ली के मुक्तिदाता बनने का आग्रह किया।

बीजेपी ने सत्तारूढ़ पार्टी पर वाल्मीकि मंदिर क्षेत्र में 44 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए अर्जी देने और केजरीवाल पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतरे भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने 14 जनवरी को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग केजरीवाल के कहने पर वाल्मीकि मंदिर क्षेत्र में मतदाताओं की जांच तो कर रहा है, लेकिन मस्जिदों और दरगाहों के बारे में कुछ नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग को आप प्रमुख के कहने पर हिंदुओं को टारगेट और बदनाम करने से बचना चाहिए। आप प्रमुख खुद को हनुमान भक्त कहते हैं और उन्होंने वाल्मीकि मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर में प्रार्थना करने के बाद नई दिल्ली सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी मंदिर और इलाके के एक गुरुद्वारे में पूजा-अर्चना करने के बाद नामांकन से संबंधित जुलूस की शुरुआत की। जंगपुरा से मैदान में उतरने के बाद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जम्मू में वैष्णो देवी समेत कई प्रमुख मंदिरों के दर्शन करने गए। उन्होंने भी नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले काली का आशीर्वाद लिया। सिसोदिया ने निर्वाचन क्षेत्र के किलोकरी इलाके में अंगूरी देवी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद जंगपुरा में अपना अभियान शुरू किया। इन सभी मंदिरों की यात्राओं को पार्टी ने सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। आप ने सनातन सेवा समिति के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की है, जो अपनी अनुदान योजना के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाली है। भाजपा ने अपने मंदिर प्रकोष्ठ प्रमुख करनैल सिंह को शकूर बस्ती से आप नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मैदान में उतारा है। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा। वर्ष 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर बीजेपी 2015 से सत्तारूढ़ आप को सत्ताच्युत करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# राहुल गांधी का चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर हमला जारी



अनुभति विश्नोई

पत्रकार

**15 जनवरी को नए कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में,विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने फिर से दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव स्पष्ट रूप से गलत थे और लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच राज्य में एक करोड़ अतिरिक्त मतदाताओं की ओर इशारा किया। उन्होंने यह भी मांग की कि चुनावी पारदर्शिता के लिए राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान करने वालों के नाम और पते साझा किए जाने चाहिए। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के इस दावे को गुमराह करने वाला करार देकर खारिज कर दिया। राहुल के इन आरोपों और निर्वाचन आयोग के महाराष्ट्र चुनाव पर दिए आंकड़ों पर नजर डालते हैं।**

राहुल गांधी ने अपने भाषण में दावा किया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच लगभग एक करोड़ नए मतदाता जुड़े हैं, जो चिंता का विषय है। कांग्रेस की वेबसाइट पर उपलब्ध भाषण के पाठ में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, 29 नवंबर, 2024 को निर्वाचन आयोग को दी गई पार्टी की शिकायत में कहा गया था कि 50 विधानसभा क्षेत्रों में जुलाई और नवंबर 2024 के बीच 50,000 से अधिक मतदाता जुड़े। शिकायत में यह भी कहा गया कि सत्ताधारी पार्टी ने इन 50 में से 47 सीटें जीतीं। ईसीआई ने अभी तक राहुल गांधी के दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन 24 दिसंबर, 2024 को पार्टी की शिकायत का जवाब देते हुए, ईसीआई ने कांग्रेस के आरोपों को भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया। राहुल गांधी के एक करोड़ से अधिक नए मतदाताओं (जिन्होंने वोट दिया) के दावे के विपरीत, ईसीआई के जवाब के अनुसार, मतदाता सूची में केवल 40.8 लाख नए मतदाताओं (जो वोट देने के हकदार हैं) का इजाफा हुआ है। ईसीआई ने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में 48,81,620 नए मतदाता जोड़े गए और 8,00,391 मतदाताओं के नाम हटाए गए,जिसके परिणामस्वरूप कुल 40,81,229 मतदाताओं का इजाफा हुआ। इनमें से 8,72,094 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के थे और 17,74,514 मतदाता 20-29 आयु वर्ग के थे। कुल मिलाकर, 26,46,608 नए मतदाता 18-29 आयु वर्ग के थे, जिसे ईसीआई ने महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य के लिए असामान्य नहीं माना। ईसीआई ने कहा कि यह युवाओं की बढ़ती भागीदारी का स्वागत योग्य संकेत है, जो साल में चार योग्यता तिथियों और ईसीआई के अधिकतम योग्य मतदाताओं को नामांकित करने के प्रयासों के कारण संभव हुआ है। ईसीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल 6 विधानसभा क्षेत्रों में 50,000 से अधिक मतदाता जुड़े, न कि कांग्रेस के आरोप के अनुसार 50 विधानसभा क्षेत्रों में। मतदाता सूची से 8,00,391 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जो प्रति विधानसभा क्षेत्र औसतन 2779 है। ईसीआई के अनुसार, ये नाम मौत, स्थानांतरण और दोहराव के कारण हटाए गए। राहुल गांधी ने नए कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन पर अपने भाषण में कहा कि ईसीआई ने उन्हें महाराष्ट्र चुनाव की मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र लोकसभा और विधानसभा के बीच मतदाताओं में एक करोड़ की वृद्धि हुई है, तो यह चुनाव आयोग का कर्तव्य और पवित्र जिम्मेदारी है कि वह हमें ठीक से बताए कि ऐसा क्यों हुआ है और वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं। हालांकि, ईसीआई का कहना कुछ और है। कांग्रेस पार्टी ने 10 दिसंबर, 2024 को ईसीआई को पत्र लिखकर मतदाता सूची का डेटा मांगा था। पार्टी को दिए जवाब में, ईसीआई ने कहा कि महाराष्ट्र के सीईओ ने बताया था कि कांग्रेस को सूचित किया गया था और महाराष्ट्र के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस को मसौदा सूची, दावे और आपत्तियों की प्रतियां प्रदान की गई थीं। कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची के अंतिम रूप देने तक विभिन्न चरणों में संशोधन में भाग लिया था। ईसीआई ने यह भी बताया कि मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 22 (सी) के तहत, चुनावी पंजीकरण अधिकारी प्रत्येक मान्यता प्राप्त पार्टी के प्रतिनिधियों को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची की दो प्रतियां मुफ्त में प्रदान करता है। यह नियम पूरे देश में समान रूप से लागू होता है। इसी तरह, बूथ-वार फॉर्म 20 का डेटा सीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध होता है। ईसीआई ने लिखा कि आप सहमत होंगे कि एक उच्च पदस्थ राष्ट्रीय पार्टी की ओर से इस तरह के निराधार आरोप जनता के मन में अनावश्यक और टालने योग्य संदेह और चिंता पैदा करते हैं, तब भी जब डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और सभी पार्टियों के साथ समय पर साझा किया जाता है। राहुल गांधी ने अपने ताजा भाषण में कहा कि पार्टी महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम देखना चाहती है और हम विधानसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम और पते देखना चाहते हैं और ईसीआई ने यह डेटा साझा करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम और पते साझा करना एक जटिल मामला है और यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 94 का उल्लंघन होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए।




# हम ही बता देते हैं 'आप' का रिपोर्ट कार्ड

नीरज कुमार दुबे

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा।

आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं। जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया। इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं।

इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये। यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरुआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था। वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं। दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दर्शाती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1,84,205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी। इसके अलावा एक और आंकड़ा यह बताता है कि सबसे कम महंगाई दर के मामले में झारखंड के बाद दिल्ली का नंबर आता है। यानि दिल्ली में आमदनी ज्यादा है और महंगाई कम है इसलिए सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में भी सबको सब कुछ फ्री में क्यों चाहिए? देश की जनता देख रही है कि क्या दिल्ली का मतदाता अपने निजी फायदे पर ध्यान देने की बजाय इस बार अपने शहर के फायदे को देखेगा?



# परमाणु ठिकानों पर कभी भी अटैक संभव

## ईरान पर अमेरिकी हमले का अंदेशा, यूरोपीय देशों ने ट्रंप से साधा संपर्क

**तेहरान।** डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद लगातार इस बात का अंदेशा जताया जा रहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया जा सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर इजरायल और अमेरिका काफी समय से हमलावर हैं। ट्रंप की वापसी से अमेरिका का रुख ईरान पर और ज्यादा आक्रामक हो सकता है। ऐसे में यूरोपीय देशों के राजनयिक ईरान पर सैन्य हमले के खतरे को कम करने के उपाय खोज रहे हैं ताकि एक नए संघर्ष को शुरू होने से रोका जा सके।

अल अरबियान्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ यूरोपीय राजनयिक का मानना है कि इजरायल ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम के बाद ईरान पर हमला करने का फैसला कर लिया है। हालांकि हमले के समय के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। यूरोपीय देश ट्रंप प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं ताकि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए सीधे हमले की बजाय दूसरे रास्ते तलाश किए जा सकें।

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने बीते साल नवंबर में गुप्त बैठकों के बाद इस हफ्ते भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की है। दिसंबर में भी तीनों यूरोपीय देशों ने ईरान के यूरेनियम के बढ़ते भंडार पर चिंता जताई थी। अमेरिका और इजरायल के साथ-साथ यूरोपीय देशों को भी लगता है कि ईरान के पास परमाणु बनाने के लिए पर्याप्त जरूरी सामग्री है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप के लिए ईरान का परमाणु कार्यक्रम बड़ा मुद्दा रहा है। सीनेट विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष जिम रिस्क का कहना है कि ट्रंप के आने से अमेरिका की ईरान पर अधिकतम दबाव अभियान की नीति पर वापस लौटेगा। विश्लेषकों का मानना है कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका या इजरायल की सीधी सैन्य कार्रवाई की संभावना ज्यादा और राजनयिक समाधान की उम्मीद कम है। ट्रंप ने भी चुनावी जीत के बाद ईरान पर सैन्य कार्रवाई से इनकार नहीं किया है। जेनेवा ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोध सहयोगी फर्जेन सबेट का कहना है कि ट्रंप के नेतृत्व में तेहरान पर अमेरिका का सीधा हमला ईरानी परमाणु मुद्दे पर पहले के किसी समय की तुलना में फिलहाल ज्यादा संभव लगता है। इसमें संभावना ये है कि ट्रंप इजरायल को सामने रखेंगे। वह सैन्य सहायता देकर इजरायल के हमले का समर्थन करेंगे और ईरान की जवाबी कार्रवाई में उसको मदद देंगे। सबेट का ये भी मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप का स्वभाव किसी लंबी और जटिल बातचीत में शामिल होने का नहीं है। इसके बजाय, वह त्वरित परिणामों की उम्मीद करते हैं। उनकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा टीम भी पूरी तरह से ईरान के विरोधी हैं। उनकी टीम के लोग भी किसी समझौते में बाधा बन सकते हैं। ऐसे में रास्ता सैन्य हमले की तरफ ही जाता है।




यूरेशिया ग्रुप के वरिष्ठ विश्लेषक ग्रेगरी ब्रू का मानना है कि ट्रंप सैन्य हमले पर विचार करने से पहले प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव का इस्तेमाल करेंगे। ब्रू का मानना है कि ईरान की कमजोर स्थिति अमेरिका के लिए, एक ऐसे समझौते को आगे बढ़ाने का अवसर प्रस्तुत करती है जो परमाणु मुद्दे से आगे तक फैला हो। ऐसे में ट्रंप सीधे हमले से शुरू में बचना चाहेंगे। बहरीन स्थित सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन फर्म ले बेक इंटरनेशनल के खुफिया प्रमुख माइकल होरोविट्ज का कहना है कि ट्रंप ईरान की कमजोर स्थिति के कारण उससे रियायतें ले सकते हैं। हालांकि जिस परमाणु मुद्दे पर ये पूरा बखेड़ा है, उस पर ईरान ने बार बार सफाई दी है। तेहरान का कहना है कि उसका परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है।

# तेजस्वी को मिला 'पावर' तो तेज प्रताप ने संभाला 'स्टेरिंग'

**पटना** राजद में तेजस्वी युग की शुरुआत हो चुकी है ऐसा माना जा रहा है। शनिवार को पटना में हुई राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के संविधान में संशोधन किया गया। इस संशोधन के अनुसार, अब पार्टी से जुड़े सभी फैसले लेने के लिए लालू प्रसाद यादव के साथ तेजस्वी यादव को भी अधिकृत कर दिया गया है। इस खबर के बाद, तेजस्वी और उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव का एक वीडियो सामने आया है जो खूब देखा जा रहा है। इस वीडियो में तेज प्रताप यादव कार चला रहे हैं और तेजस्वी यादव उनके बगल वाली सीट पर बैठे हैं। तेज प्रताप ड्राइविंग सीट पर बैठकर स्टेरिंग संभाल रहे हैं और तेजस्वी उनके ड्राइविंग का आनंद ले रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि तेजस्वी पहले से ही कार में बैठे थे, तभी तेज प्रताप आकर ड्राइविंग सीट पर बैठ गए। लेकिन जब उन्होंने कार स्टार्ट करने की कोशिश की, तो पता चला कि कार की चाबी नहीं है।



चाबी न मिलने पर दोनों भाइयों ने पीछे मुड़कर चाबी मांगी। चाबी दो..चाबी... ऐसा कहते हुए तेज प्रताप ने कहा कि चाबी मांगिए ना चाबी। तभी एक पत्रकार ने सवाल किया कि लंबे समय के बाद एक फिर तेज प्रताप सारथी की भूमिका में? इस पर तेजस्वी यादव ने तुरंत जवाब दिया कि आप लोग सिर्फ घीसा-पीटा सवाल पूछते हैं। कुछ देर बाद चाबी मिली और तेज प्रताप ने कार आगे बढ़ा दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने दोनों भाइयों के समर्थन में नारे भी लगाए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। लोगों को दोनों भाइयों का यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है। इससे पहले, पटना में एक रैली के दौरान तेज प्रताप यादव ने तेजस्वी यादव को अर्जुन और खुद को उनका सारथी बताया था। उन्होंने कहा था कि जो लोग हमारे अर्जुन और मुझे जेल भेजने की तैयारी कर रहे हैं, अगर वो भाई के लाल हैं तो हम दोनों भाइयों को गिरफ्तार करके दिखाएं। हम तो डंके की चोट पर रथ पर चढ़ेंगे और खुद तेजस्वी के रथ का सारथी भी बनेंगे।

# विश्व के लिए गाइडबुक बनेगा महाकुंभ

## आईआईटी कानपुर तैयार कर रहा रिपोर्ट



**कानपुर।** प्रबंधन के लिहाज से प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेलों की गिनती दुनिया के कुछ चुनिंदा आयोजनों में की जा सकती है, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या और प्रबंधन के लिहाज से महाकुंभ सबसे बड़ा साबित हो सकता है। इस आयोजन के हर पहलू की आईआईटी कानपुर समीक्षा कर रहा है। संस्थान के प्रोफेसर मुनमुन झा ने बताया कि इकॉनमिक्स, इलेक्ट्रिकल और टेक्निकल समेत अन्य फ्रंट पर 20 फैकल्टी मेंबर काम कर रहे हैं। जून तक रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। देश-दुनिया में भविष्य में होने वाले ऐसे आयोजनों के लिए ये एक तरह की गाइडबुक होगी।

प्रोफेसर विमल कुमार और प्रोफेसर अजित चतुर्वेदी ने बताया कि कुछ महीनों पहले उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल के बीच बैठक हुई थी। इसमें सहमति बनी थी कि महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा कर एक रिपोर्ट बनाई जाए। ऐसी रिपोर्ट 2019 में आईआईएम-बेंगलुरु ने तैयार की थी, लेकिन उसमें इंजीनियरिंग का पहलू शामिल नहीं था। आईआईटी में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञों को मिलाकर टीम बनाई गई है।

ये टीम मोबाइल कंपनियों के टॉवर का डेटा, बसों की टिकट बिक्री, ट्रेनों में टिकट बिक्री, ई-पेमेंट, जीएसटी कलेक्शन और टॉल कलेक्शन के लिहाज से निष्कर्ष पर पहुंच रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके लिए कई बार संस्थान के वैज्ञानिक प्रयागराज गए हैं। लिडार तकनीक से भीड़ प्रबंधन, प्रदूषण और तकनीकी पहलू भी देखे जाएंगे। कुंभ में लगाए गए कैमरों और अन्य तकनीकी सामानों को भी परखा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई महत्वपूर्ण डेटा लीक न हो जाए। इसके अलावा वहां रोड किनारे पेंटिंग जैसे कामों की समीक्षा का जिम्मा डिजाइन विभाग के पास है। साइबर सिक्योरिटी के मोर्चे पर आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ पहले से सक्रिय हैं। रिपोर्ट में इस कुंभ की तुलना पिछले कुंभ से भी की जाएगी।

# दिल्ली चुनाव में 1,040 उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में कुल 1,040 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट के अनुसार, 1,522 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, जांच के दौरान 477 नामांकन खारिज कर दिए गए। 17 जनवरी को सबसे ज्यादा 680 नामांकन दाखिल किए गए। नॉमिनेशन की जांच की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई।

# पैराग्लाइडिंग के दौरान दो लोगों की मौत

**पणजी।** नॉर्थ गोवा में पैराग्लाइडिंग के दौरान 1 महिला और उसके इंस्ट्रक्टर की मौत हो गई। महिला पुणे की रहने वाली थी। उनकी उम्र 27 साल थी। उनका नाम शिवानी दाबले था। वहीं, इन्सट्रक्टर नेपाल का रहने वाला था। उसका नाम सुमल नेपाली है। उसकी उम्र 26 साल है। दोनों की मौत पैराग्लाइडिंग के दौरान खाई में गिरने से हुई। पुलिस ने बताया कि दाबले ने जिस एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी को पैराग्लाइडिंग के लिए चुना, वह अवैध रूप से संचालित हो रही थी। कंपनी के मालिक शेखर रायजादा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 168 टन तक पहुंचा चीन का नया सोने का भंडार

**बीजिंग।** चीन में सोने का एक और महत्वपूर्ण भंडार मिला है। प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उसके भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में उत्तर-पश्चिमी चीन के गान्सू प्रांत, उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र और पूर्वोत्तर चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत में हालिया समय में सोने के भंडार मिले हैं। चीनी वेबसाइट ग्लोबल टाइम्स ने बताया है कि कुल नए खोजे गए सोने के संसाधनों की मात्रा 168 टन है। इसमें सबसे ज्यादा गान्सु में 102.4 टन सोना है, जिसे सुपर-लार्ज डिपॉजिट के रूप में क्लासीफाइड किया गया है। चीन के हुनान प्रांत में बीते साल नवंबर में दुनिया का सबसे बड़ा सोना का भंडार मिला था। हुनान की




पिंगजियांग काउंटी के पास हुई खोज में हाई क्वालिटी का 1000 मीट्रिक टन सोना होना आंका गया था। इसकी कीमत 83 बिलियन डॉलर (तकरीबन 7 लाख करोड़ भारतीय रुपए) से भी ज्यादा आंकी गई है। इसे अब तक दुनिया में खोजा गया सबसे बड़ा सोना का भंडार माना जा रहा है। यह साउथ अफ्रीका की साउथ डीप खदान में मिले 900 मीट्रिक टन सोना से भी ज्यादा है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड प्रोड्यूसर है। साल 2023 में वैश्विक उत्पादन में अकेले चीन का हिस्सा 10 फीसदी था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के पास 2,264 टन गोल्ड रिजर्व है। ये दुनिया का छठां सबसे ज्यादा गोल्ड भंडार है। सोने का ज्यादा भंडार सीधेतौर पर उस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद करता है। गोल्ड रिजर्व किसी देश की करेंसी वैल्यू का सपोर्ट करने के लिए एक अच्छा एसेट है। ऐसे में सोने का भंडार चीन की बड़ी मदद करेगा।


भारत के एक और पड़ोसी पाकिस्तान में भी हाल ही में सोने का बड़ा भंडार मिला है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने करीब 800 अरब पाकिस्तानी रुपए से सोने के बड़े भंडार का पता लगाने का दावा किया है। पंजाब के खान एवं खनिज मंत्री सरदार शेर अली गोरचानी का कहना है कि अटक जिले में 28 लाख तोला सोना खोजा गया है। गोरचानी का कहना है कि सोने के भंडार की नीलामी के लिए नियम बनाए जा रहे हैं। सोने का ये भंडार पाकिस्तान की किस्मत को बदल सकता है।

# डोनाल्ड ट्रम्प शपथ ग्रहण के बाद चीन जाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड शपथ लेने के बाद चीन के दौरे पर जाएंगे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प, चीन के संबंधों को गहरा करने के लिए बीजिंग की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के 100 दिनों के अंदर ही ये दौरा करने की इच्छा जताई है। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान चीन पर टैरिफ बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है। ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण के लिए जिनपिंग को आमंत्रित भी किया है। जिनपिंग ने उप राष्ट्रपति हान झेंग को शपथ ग्रहण में भेजने का फैसला किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने भारत का दौरा करने को लेकर भी अपने सलाहकारों से बात की है। पिछले महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अमेरिकी यात्रा के दौरान, ट्रम्प के भारत दौरे को लेकर प्रारंभिक बातचीत भी हुई थी। जिनपिंग से फोन कॉल के बाद ट्रम्प ने इस बहुत अच्छी बातचीत बताया। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से ट्रेड टिकटॉक और फेंटानाइल समेत दूसरे मुद्दों पर बात की। बातचीत के बाद ट्रम्प ने कहा कि दुनिया को अधिक शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए राष्ट्रपति शी और मैं हर संभव प्रयास करेंगे। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक ट्रम्प ने चीन से फेंटानाइल की आपूर्ति करने वाले उत्पादकों पर सख्ती करने के लिए कहा है। दूसरी तरफ ट्रम्प चीनी आयात पर नए टैरिफ की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

# 90 दिनों के लिए टाला जा सकता है टिकटॉक पर प्रतिबंध : ट्रम्प

**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को देश में संभावित रूप से प्रतिबंधित होने से पहले आवश्यकताओं का पालन करने के लिए 90 दिनों की मोहलत दे सकते हैं। अ




रएआईए नोवोस्ती द्वारा देखे गए एक अदालती फैसले के अनुसार शुक्रवार को अमेरिकी शीर्ष अदालत ने 19 जनवरी से प्रभावी अमेरिका में सोशल नेटवर्क पर प्रतिबंध में देरी करने के टिकटॉक के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। कंपनी ने तर्क दिया कि प्रतिबंध अमेरिकी संविधान के तहत बोलने की स्वतंत्रता का उल्लंघन है। व्हाइट हाउस ने कहा कि प्रतिबंध लागू होने की समय सीमा के कारण अमेरिका में चीनी सोशल नेटवर्क के भाग्य पर अंतिम निर्णय ट्रम्प के नेतृत्व वाले नए प्रशासन द्वारा किया जाना चाहिए।

श्री ट्रम्प ने शीर्ष अदालत और व्हाइट हाउस के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह अपना फैसला खुद करेंगे। श्री ट्रम्प ने कहा मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से एक विकल्प होगा जिस पर हम विचार कर रहे हैं। 90 दिवसीय विस्तार एक ऐसी चीज़ है जिसकी सबसे अधिक संभावना है क्योंकि यह उचित है। आप जानते हैं यह उचित है। हमें इसे ध्यान से देखना होगा। यह एक बहुत बड़ी स्थिति है। उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय की घोषणा सोमवार को की जाएगी।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# कंगना के आगे फीकी पड़ गई राशा की जवानी




फतेह और गेम चेंजर को पटखनी देने के लिए 17 जनवरी को थिएटर में आई इमरजेंसी और आजाद। दोनों ही फिल्मों से मेकर्स को खूब उम्मीद थी। और शायद उन उम्मीदों पर ये खरा भी उतरने की कोशिश कर रही हैं। कंगना रनौत की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाल कर रही है। वहीं, अमन देवगन और राशा थडानी भी दर्शकों को अपनी तरफ खींचने की पुरजोर कोशिश करती दिख रही हैं। दूसरे दिन इनका बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा, आइए बताते हैं। कंगना रनौत की मल्टी स्टारर फिल्म इमरजेंसी दो साल से पोस्टपोन होते-होते अब रिलीज हुई है। इस मूवी को लोगों ने खूब तारीफ की। साथ ही इसे 5 स्टार रेटिंग भी दी। एक्ट्रेस के काम की सराहना भी हुई। हालांकि लगा नहीं था कि मूवी को लोग देखने पहुंचेंगे। लेकिन इसे पहले दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया और दूसरे दिन 3.50 करोड़ के करीब की कमाई कर ली। वहीं, इसके सामने उतरी आजाद ने पहले दिन जहां 1.50 करोड़ की कमाई की थी। वहीं, इसने दूसरे दिन भी करीब 1.50 करोड़ का ही कलेक्शन किया है। इस आंकड़े से ये जाहिर होता है कि राशा थडानी का उई अम्मा कंगना रनौत के अभिनय के आगे फीका पड़ गया। क्योंकि राशा और अमन की ये डेब्यू मूवी थी, जिसको लेकर दोनों ने खूब प्रमोशन भी किया था। वहीं, कंगना ने भी एड़ी-चोटी का जोर लगाया था। अब कुल कमाई की बात करें तो अमन और राशा की फिल्म ने अब तक करीब 3 करोड़ रुपये ही कमाए हैं। वहीं, कंगना की फिल्म ने छलांग लगाते हुए करीब 6 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। हालांकि अब पहले रविवार से इन दोनों ही फिल्मों को भारी उम्मीद है क्योंकि इसके बाद पूरा हफ्ता बिना छुट्टियों वाला है।

# मैं भूखी और पागल नहीं...

## मंदाना करीमी ने छोड़ी एक्टिंग और इंडस्ट्री को कहा बाय-बाय

बिग बॉस सीजन 9 में नजर आई एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने एक्टिंग छोड़ने का ऐलान किया है। ईरानी एक्ट्रेस और मॉडल ने क्या कूल हैं हम 3 (2016) और थार (2022) जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है लेकिन अब वह अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाना चाहती हैं। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाने के बाद इस फील्ड को टाटा-बाय-बाय कह दिया है। मंदाना करीमी ने बताया कि वह इंटीरियर डिजाइन की पढ़ाई करने के बाद वह इस फिल्ड में एक्टिव हैं और उसी क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कई संस्थानों में बतौर विजिटिंग प्रोफेसर भी काम किया है और कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं इतनी कम उम्र में मॉडल बन गई थी और मुझे खुद का खर्च खुद उठाना पड़ा, लेकिन मुझे हमेशा इस बात की कमी खलती थी कि मैं वापस स्कूल नहीं जा सकती। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मेरे एक दोस्त की एक इंटीरियर डिजाइन फर्म है। उसने मुझसे पूछा कि क्या मैं देखना चाहती हैं कि वह क्या करते हैं। जब मैंने इस फील्ड में कदम रखा और इसके बारे में जानने-समझने का प्रयास किया तो मुझे वाकई मजा आने लगा। एक्ट्रेस की उम्र 36 साल है और उन्होंने कहा कि उन्होंने न तो कभी एक्टिंग को पसंद किया और न ही इंडस्ट्री को।



मंदाना ने आगे बताया, मैं वहां बिताए समय के लिए आभारी हूं, लेकिन यह ऐसा कुछ नहीं था जिसके लिए मैं भूखी थी या जिसके लिए मैं पागल थी। इंटीरियर डिजाइनिंग में एक साल का कोर्स पूरा करने के बाद से मंदाना मॉडलिंग और एक्टिंग से जुड़े ऑफर्स को रिजेक्ट कर रही हैं। क्योंकि अब उन्हें इस दुनिया में नहीं लौटना। उन्होंने आगे कहा, पैसों के लिए मना करना वाकई मुश्किल है लेकिन मेरे अभी भी कुछ कास्टिंग डायरेक्टर दोस्त हैं, जो मुझे ऑडिशन्स के लिए बुलाते हैं। और मुझे उन्हें मना करना पड़ता है। कहना पड़ता है कि मैं इतना समय नहीं दे सकती। मेरे पास प्रोजेक्ट्स, इवेंट्स और मेरा स्कूल भी है। जिस पर मैं मौजूदा समय में आपना सारा ध्यान लगा रही हूं। 9 से 5 वाली नौकरी से लेकर स्कूल जाने के बदलाव के बारे में उन्होंने कहा, अब मैं अपने ऑफिस का काम खत्म करती हूं। फिर घर आती हूं। और स्कूल जाती हूं। मेरी जिंदगी बहुत बदल गई है। लेकिन मुझे ये सब अच्छा लग रहा है।

# परेश रावल की 'द स्टोरी टेलर' ओटीटी पर होगी रिलीज

परेश रावल की नई फिल्म 'द स्टोरी टेलर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी दमदार है। हाल ही फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था, और तभी से इसके ट्रेलर का इंतजार किया जा रहा था। 'द स्टोरी टेलर', सत्यजीत रे की शॉर्ट स्टोरी गोलपो बोलिये तारिणी खुरो पर आधारित है। इसमें आदिल हुसैन, रेवती और तनिष्ठा चटर्जी अहम किरदारों में हैं। 'द स्टोरी टेलर' एक अमीर बिजनसमैन की कहानी बताती है, जो नींद न आने की समस्या से उबरने में मदद के लिए एक स्टोरी टेलर को काम पर रखता है। लेकिन इसमें कई ट्विस्ट आते हैं, जो कहानी को और दिलचस्प बना देते हैं। फिल्म में परेश रावल ने तारिणी बंदोपाध्याय का रोल प्ले किया है। वह एक स्टोरी टेलर बने हैं। वहीं आदिल हुसैन ने एक ऐसे बिजनसमैन का रोल किया है, जिसे नींद नहीं आती। परेश रावल को उन्हें स्टोरी सुनाने के लिए रखा जाता है। कहानी ऐसी हो, जिससे नींद आ जाए। इस फिल्म को 27वें बुसान इंटरनेशन फिल्म फेस्टिवल में साल 2022 में दिखाया गया था। इसके अलावा यह कई और फिल्म फेस्टिवल्स में जा चुकी है और वाहवाही बटोर चुकी है। 'द स्टोरी टेलर' को अनंत महादेवन ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म को अब 28 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। परेश रावल की बात करें, तो इससे पहले वह फिल्म जो तेरा है वो मेरा है में नजर आए थे, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया गया। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर देखा जा सकता है। अब वह थामा, भूत बंगला, हेरा फेरी 3 और हाउसफुल 5 जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।



# स्वामी विवेकानंद जैसा बनने के लिए उनके विचारों को आत्मसात करना होगा : स्वामी मानदानंद



नरसिंहपुर ( स्वतंत्र मत )।

स्वामी विवेकानंद जी के जयन्ती के उपलक्ष्य में च्स्वामी विवेकानंद जी का जीवन एवं उनके विचारज्ज पर जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में रविवार को किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्यातिथि भारत विकास परिषद के रिजिनल प्रेसीडेंट श्री सुनील कोठारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, मुख्यवक्ता स्वामी मानदानंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी निरंजन दादा जी शारदा आश्राम केरपानी तथा जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता स्वामी मानदानंद ने बताया की स्वामी विवेकानंद के तीन पुष्प/आयाम हम सबके लिए प्रेरणा देने वाले हैं। उनमें पहला- गुरु के प्रति श्रद्धाभक्ति, दूसरा राष्ट्र प्रेम व समर्पण तथा तीसरा पुष्प सनातन शास्त्रों के परिपेक्ष्य में उनकी निष्ठा है। व्यक्ति स्वामी जी के विचारों को आत्मसात कर स्वामी विवेकानंद की तरह बन सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुनील कोठारी ने जनअभियान परिषद द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम कर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन सनातन के विचारों का पुंज है और हम सबके लिए एक विश्विद्यालय है। उनके विचारों ने पूर्व की भारतीय संस्कृति से पश्चिम जगत को न केवल परिचय करवाया हैं बल्कि विश्व में भारतीय विचार व दर्शन का परचम भी लहराया है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे ने स्वामी विवेकानन्द जी को युवाओं के प्रेरणा स्रोत तथा सनातन संस्कृति के संवाहक बताया। उनके विचार व उनके उद्बोधन सम्पूर्ण मानव जाति ही नहीं जड़ चेतन व स्थूल को भी शान्ति व सुख प्रदान करने वाले हैं। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला समन्वयक जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने रखी। कार्यक्रम का संचालन गोटेगांव विकासखण्ड समन्वयक श्री प्रतीक दुबे और आभार चांवरपाठा विकासखण्ड समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में नवांकुर, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, विद्यार्थियों, सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक संस्था प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# ब्रज धाम से लेकर गणेश मंदिर तक बनने जा रही सीसी सड़क

## नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने किया सी सी सड़क का भूमि पूजन

गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।

स्थानीय ब्रजधाम के सामने नगर पालिका परिषद निर्माण किए जाने वाली सी सी सड़क का भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, भाजपा नेता अशोक मौलासरिया की अध्यक्षता में किया गया । उक्त सी सी सड़क मार्ग का निर्माण ब्रजधाम भवन के सामने से लेकर चुंगी नाका तक व चौराहे के निर्माण साथ चुंगी नाके से गणेश मंदिर तक सड़क का निर्माण किया जायेगा ।

लाखो की लागत से बनने जा रही सी सी सड़क से शास्त्री वार्ड, पटेल वार्ड, निरंजन एवं जवाहर वार्ड सहित आम नागरिकों को लाभ मिलेगा । काफी लंबे समय से वहा के निवासियों वार्ड पार्षदों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी । उत मांग को पूरा करते हुए नपा ने सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया । इस मौके पर शास्त्री वार्ड के पार्षद स्वास्थ्य शाखा के सभापति शुभम सुनील राजपूत, पटेल वार्ड पार्षद राजस्व शाखा के सभापति चंचल कोरी, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ पटेल, संजय गुप्ता मेडिकल, हेमंत परिचानी सहित वार्ड वासी उपस्थित थे । सी सी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने वहा के निवासियों में खुशी देखी जा रही है ।

# आनंद उत्सव दहलवाडा में संपन्न



गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।

मध्य प्रदेश शासन के आनंद मंत्रालय के आदेश अनुसार साईखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत दहलवाड़ा में 50 वर्ष से ऊपर के लोगों को की खेलकूद प्रतियोगिता एवं नृत्य आदि कार्यक्रम रखे गए जिसमें ग्राम पंचायत देवरी ग्राम पंचायत पिठवानी ग्राम पंचायत दहलवाड़ा एवं ग्राम पंचायत बेलखेड़ी के ग्रामीण जनों ने भाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सरपंच श्रीमती सोना राहुल पटेल एवं उपसरपंच भगवत सिंह कोरव के द्वारा के द्वारा पूजन कर की गई इन प्रतियोगिताओं में ग्राम के लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम में राहुल पटैल, सेक्टर प्रभारी श्रीमती अंकिता नेमा, नोडल अधिकारी प्रशांत पटेल ,सहायक नोडल अधिकारी सुरेंद्र पटेल ,उज्जवल सिंह गुर्जर, श्री गोपाल प्रसाद कुशवाहा एवं ग्राम पंचायत सचिव बलराम साहू , सतीश कुमार और अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## 20 जनवरी को लगाये जायेंगे शिविर

नरसिंहपुर ( स्वतंत्र मत )

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों व 6 जनपद पंचायतों में क्लस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पस्ताना, धमना व देवरीकला, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अकोला व कमोद, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रातीकरार कला व केरपानी, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिंहपुरछोटा के पंचायत मुख्यालय और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी व तूमड़ा में शिविर लगाये जायेंगे।

# अदिति लमानिया ने गौ माता को खली चुनी व गौ ग्रास खिलाकर एवं पोधारोपण कर मनाया जन्म दिवस

गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।

गत दिवस पं.सतीश रीना लमानिया की पुत्री अदिति लमानिया ने गौमाता की पूजन अर्चन कर तथा गौ माता के लिए को खली चुनी व गौ ग्रास खिलाकर एवं पौधा रोपण कर मनाया जन्म दिवस। आज जहां बच्चे आधुनिकता की चमक दमक के साथ अधिक रहना पसंद करते हैं वहीं बिटिया अदिति लमानिया का गौ माता के प्रति एवं प्रकृति के साथ लगाव बचपन से ही रहा है। बिटिया अदिति ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजीव वार्ड की एमपीईवी कालोनी में अपने घर में गौ माता को गौ ग्रास खिलाकर तथा घर के पास पौधा रोपित कर अपना जन्म दिवस मनाया ।



## युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय स्वरोजगार व अप्रेन्टिशिप एवं रोजगार अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाडरवारा में 20 जनवरी को प्रात 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा युवाओं को स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदाय की जायेगी। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने इच्छुक आवेदक को अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेने के लिए कहा है।

## शानू कोरी ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।

नगर की बेटी शानू कोरी ने मध्य प्रदेश राज्य सेवा परीक्षा लोक सेवा आयोग 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने परिवार और नगर का नाम रोशन किया है। उनका चयन सहायक संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर हुआ है, जो उनकी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है।

चावड़ी वार्ड निवासी शानू कोरी के पिता टेकचंद कोरी एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, और उनकी बेटी ने उनकी शिक्षा और मार्गदर्शन का अनुसरण करके यह उपलब्धि हासिल की है। शानू कोरी के चयन पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उम्मीद है कि वह अपने पद पर उत्कृष्ट कार्य करेंगी और अपने नगर और राज्य के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनेंगी।

# डिग्घी पंचायत की भ्रष्ट सचिव के पति को उसी के ग्राम पंचायत में डीएमएफ व मनरेगा का ठेका देने के फिराक में जिले के अधिकारी

सिंगरौली ( स्वतंत्र मत )।

जिले की जनपद पंचायत बैढ़न के ग्राम पंचायत डिग्घी के देव कुमारी शाह की शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ के से लेकर भोपाल तक की गई जिसकी जाँच कलेक्टर सिंगरौली द्वारा उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली के नेतृत्व मे टीम गठित कर कराई गई जिसमे भ्रष्टाचार के लगभग सत प्रतिशत प्रमाण मिले! ग्राम पंचायत डिग्घी मे बीना नाली के निर्माण के ही नाली निर्माण का पुरा पैसा निकालकर ख्यानत कर लिया गया, कई सड़क निर्माण मौके पर कम पाए गए, ग्राम गदसा मे चेक डेम पहली ही बरसात मे बह गया जो जाँच दल द्वारा अपनी जाँच मे उल्लेख भी किया गया है लेकिन इसके बावजूद सचिव को निलंबित करने के बजाय भ्रष्टाचार के इनाम के स्वरूप सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरईएस विभाग द्वारा चालीस लाख का चेक डेम बनाने कार्य सचिव के बेटे का नाम अभिषेक ट्रेडर्स के नाम से बने फर्म जिसके प्रोपराइटर उसके पति राकेश शाह उसको देने के फिराक मे है! आखिर ऐसा किसका दबाब है या अधिकारियो की मिलीभगत है जो ऐसे भ्रस्ट सचिव के पति को कार्य देने की योजना बना रहे है! ज्ञातव्य हो कि सचिव देवकुमारी इसके पहले चिनगी टोला, गड़ेरिया,देवरी पंचायत से निलंबित हो चुकी है तथा ग्राम पंचायत नौगई मे सरपंच, सचिव मिलकर कई मृत आदिवासियों का खाते मे पैसा डालकर आहरण कर लिया गया था जिसकी शिकायत पर मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर सरपंच के ऊपर 420, 467,468,471 का मुकदमा कायम कर जेल भेजा गया था तथा सचिव पैसे के बल पर बच गई थी जिसका प्रकरण आज भी सिविल न्यायालय मे लंबित है! इसके बावजूद भ्रस्ट सचिव देवकुमारी के पति राकेश शाह को आरईएस विभाग द्वारा डीएमएफ फण्ड का कार्य देने की फिराक मे है डिग्घी पंचायत के ग्रामीणों ने कहाँ है कि अगर भ्रस्ट सचिव के पति को चेक डेम बनाने का ठेका दिया गया तो सभी ग्रामीण मौके पर उपस्थित होकर विरोध करेंगे और मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री से शिकायत कर कार्य नही होने देंगे!

## 20 को 9 ग्राम पंचायतों में होंगे आनंद उत्सव कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार जिले में 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत डुडवारा, झामर व चंदपुरा के लिए प्राथमिक शाला झामर में, बहोरीपालकला, मुडिया व डांगीढाना के लिए हाईस्कूल डांगीढाना और रातामाटी, गोरखपुर व बिचुआ के लिए खेल मैदान गोरखपुर में आनंद उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

## मनाया गया विश्व भर में विश्व शांति दिवस

**सिवनी ( स्वतंत्र मत )** नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 18 जनवरी को 56वीं पुण्य तिथि के रूप में मनाया गया द्य लोनिया रोड में स्थित ब्रह्माकुमारी शांति शिखर को विशेष फूलों से सजाया गया है। ब्रह्मा बाबा की याद में 1 जनवरी से सिवनी जिले के सभी संस्थान में विशेष योग-तपस्या जारी है।

# प्रधानमंत्री मोदी की हालिया कुवैत यात्रा : पश्चिम एशिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण : सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी

सिवनी ( स्वतंत्र मत )

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21-22 दिसंबर, 2024 को कुवैत यात्रा, खाड़ी देश के साथ भारत के संबंधों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई। 1981 में इंदिरा गांधी की यात्रा के बाद, 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली कुवैत यात्रा थी। इस यात्रा ने भारत-कुवैत संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया, जो पश्चिम एशिया में भारत के बढ़ते प्रभाव और इस क्षेत्र में इसकी सक्रिय कूटनीति को दर्शाता है। यह लेख यात्रा के प्रमुख परिणामों पर प्रकाश डालता है और उन्हें भारत की पश्चिम एशिया रणनीति के व्यापक संदर्भ में रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक भारत-कुवैत संबंधों को च्रणनीतिक साझेदारीज्ज के स्तर तक बढ़ाने का समझौता था। यह कदम व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक और संरचित सहयोग के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत और कुवैत के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं, जो सदियों पुराने व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित हैं। रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर पहुंचने से समकालीन वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करते हुए इस ऐतिहासिक बंधन को औपचारिक रूप मिलता है। सहयोग पर संयुक्त आयोग (छ्वष्टष्ट) की स्थापना द्विपक्षीय जुड़ाव की निगरानी और विस्तार के लिए एक प्रमुख संस्थागत तंत्र है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की अध्यक्षता में, छ्वष्टष्ट का उद्देश्य रणनीतिक दिशा प्रदान करना और विविध क्षेत्रों में पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना है। यह संस्थागतकरण एक संरचित और टिकाऊ तरीके से संबंधों को गहरा करने के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। व्यापार लंबे समय से भारत और कुवैत के बीच एक स्थायी संबंध रहा है, और इस यात्रा ने आगे विकास और विविधीकरण की क्षमता को रेखांकित किया। कुवैत ने अपनी महत्वपूर्ण निवेश क्षमता के साथ भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अवसरों की खोज में गहरी रुचि व्यक्त की। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा और रसद जैसे क्षेत्रों को आपसी हित के क्षेत्रों के रूप में पहचाना गया। कुवैत का संप्रभु धन कोष, जो दुनिया में सबसे बड़ा है, भारत के बुनियादी ढांचे के विकास और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। चर्चाओं में तेजी से बातचीत करने और अधिक से अधिक व्यापार-से-व्यापारिक संपर्कों को सुविधाजनक बनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। ऊर्जा भारत-कुवैत संबंधों की आधारशिला बनी हुई है, कुवैत भारत के कच्चे तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। इस यात्रा ने पारंपरिक क्रेता-विक्रेता संबंध से अधिक व्यापक ऊर्जा साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करने



को चिह्नित किया। इसमें अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा और भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व कार्यक्रम में भागीदारी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ढ्ढस्न) में शामिल होने का कुवैत का निर्णय स्थायी ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों राष्ट्र सौर ऊर्जा और कम कार्बन विकास प्रक्षेपवक्र की तैनाती को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। यह भारत के नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में इसके वैश्विक नेतृत्व के साथ मेल खाता है। रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर यात्रा का एक और प्रमुख आकर्षण था। एमओयू संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण, तटीय रक्षा, समुद्री सुरक्षा और रक्षा उपकरणों के संयुक्त विकास और उत्पादन में सहयोग बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। यह रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षा सहयोग पर भी काफी ध्यान दिया गया। दोनों पक्षों नेसीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की गई। वे आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क को बाधित करने, आतंकी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय अपराधों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। चर्चाएँ क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। कुवैत में भारत के जीवंत प्रवासी, जिनकी संख्या दस लाख से अधिक है, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीएम मोदी की यात्रा ने भारत-कुवैत संबंधों के मूलभूत स्तंभ के रूप में लोगों से लोगों के संपर्क के महत्व को रेखांकित किया। 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) का नवीनीकरण और 2025-2028 के लिए खेलों पर एक कार्यकारी कार्यक्रम पर हस्ताक्षर का उद्देश्य अधिक से अधिक सांस्कृतिक और खेल आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। इस यात्रा में शिक्षा और कौशल विकास में सहयोग पर भी जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने संस्थागत संबंधों को मजबूत करने, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने और शैक्षिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में रुचि व्यक्त की। इन पहलों का उद्देश्य मानव संसाधन विकास के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा। पीएम मोदी की कुवैत यात्रा को भारत की पश्चिम एशिया रणनीति के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

यह क्षेत्र अपनी ऊर्जा जरूरतों, व्यापार मार्गों और बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौजूदगी के कारण भारत के लिए रणनीतिक महत्व का है। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों के साथ भारत की सक्रिय भागीदारी ने आर्थिक और सुरक्षा सहयोग में वृद्धि सहित महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किए हैं। जीसीसी की वर्तमान अध्यक्षता कुवैत द्वारा हाल ही में अपनाई गई संयुक्त कार्य योजना के तहत भारत-जीसीसी सहयोग को गहरा करने का अवसर प्रदान करती है। दोनों पक्षों ने जल्द से जल्द भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते को समाप्त करने के महत्व पर भी बल दिया। इससे न केवल व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार के रूप में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी। भारत और कुवैत ने एक सुधारित संयुक्त राष्ट्र पर केंद्रित एक प्रभावी बहुपक्षीय प्रणाली के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया ताकि इसे समकालीन वास्तविकताओं का अधिक प्रतिनिधित्व और प्रतिबिंब बनाया जा सके। यह अधिक न्यायसंगत वैश्विक शासन संरचना के लिए भारत की दीर्घकालिक वकालत के अनुरूप है।

# अयोध्यावासी वैश्य समाज ने मनाया महाराजा मणिकुण्डल जयंती एवं नववर्ष उत्सव 2025



**कटनी।** अखिल भारतवर्षीय श्री अयोध्यावासी वैश्य नगर सभा कटनी ने महाराजा मणिकुण्डल जयंती और 2025 के नववर्ष उत्सव का भव्य आयोजन नगर सभा सचिव सचिन गुप्ता के फॉर्म हाउस, ग्राम बंजारी में किया। इस कार्यक्रम में श्रद्धा और उल्लास के साथ समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कटनी महिला मंडल द्वारा भजन, कीर्तन, नृत्य, गान और महाआरती के साथ की गई। इसके बाद बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। कटनी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का स्वागत वैश्य प्रवर महाराजा मणिकुण्डल जी के जीवन पर आधारित महाकाव्य ग्रंथ और अवध वणिक पत्रिका भेंट कर किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियों, जैसे दादी श्रीमती प्रभा गुप्ता और बसन्त कुमार गुप्ता का स्वागत फूलों की माला पहनाकर किया गया। कटनी महापौर प्रीति संजीव सूरी ने अपने संबोधन में कहा –मैं इस समाज और परिवार की बेटी हूं। समाज और परिवार में एकता की शक्ति है। हमारा उद्देश्य कटनी को स्वच्छ, हरित और समृद्ध बनाना है। अयोध्यावासी वैश्य समाज के साथ मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता राजू भैया ने समाज में एकता का आह्वान करते हुए कहाए ष्हम सभी को महाराजा मणिकुण्डल जी के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए और उनके गौरवशाली जीवन की घटनाओं का प्रचार.प्रसार करना चाहिए। प्रदेश प्रभारी प्रो. राजकुमार गुप्ता ने युवाओं की शिक्षा और रोजगार पर जोर देते हुए कहा– हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने के साथ–साथ युवाओं को नए अवसर प्रदान करने होंगे।।

जिला अध्यक्ष बसन्त गुप्ता ने सामाजिक समरसता और सामुदायिक विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा समाज को एकजुट होकर अपनी तरक्की में योगदान देना चाहिए। नगर सभा अध्यक्ष संजय गुप्ता पप्पू भैया ने युवाओं को शिक्षाए रोजगार और सामाजिक सेवा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा की महाराजा मणिकुण्डल जी की जयंती पर सभी स्वजाति बंधुओं को हार्दिक बधाई संदेश दिए। इस अवसर पर उन्होंने महाराजा जी के आदर्शों और सिद्धांतों को याद किया और उनके अनुसरण करने का संकल्प लिया। महिला मंडल अध्यक्ष रचना गुप्ता ने उन्होंने महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा मातृशक्ति की भागीदारी से समाज और भी समृद्ध और सशक्त बनेगा। महिला मंडल सचिव रजनी गुप्ता ने कहा हमारे बुजुर्गों का आशीर्वाद और अनुभव हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें महिलाओं और बच्चों की शिक्षाए स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। समाज के नव युवकों ने समाज कल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इन संकल्पों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करने का उद्देश्य रखा गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की।


कार्यक्रम में राजेन्द्र गुप्ता, सुभाष गुप्ता, प्रो. राजकुमार गुप्ता, संजय गुप्ता पप्पू भैया बसन्त गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, शील गुप्ता, डॉ.बसन्त गुप्ता, राजेश गुप्ता वत्सल होटल, संजय गुप्ता गर्ग चौराहा, डॉ. विनीत गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, सचिन गुप्ता, निशी गुप्ता, रामसेवक गुप्ता, रजनीकांत गुप्ता, नीरज गुप्ता, ईशान गुप्ता, दिलबहार गुप्ता, संदीप गुप्ता, मौसम गुप्ता, अर्पित, सोनू, गणेश, अनिल पटवारी, विभवराज महिला मंडल श्रीमती रचना गुप्ता, श्रीमती रजनी गुप्ता, श्रीमती राखी सीबी गुप्ता, श्रीमती जयंती गुप्ता, श्रीमती बीना गुप्ता, श्रीमती ज्ञानवती गुप्ता, श्रीमती लता गुप्ता, श्रीमती रमा गुप्ता, श्रीमती शीला गुप्ता, सविता गुप्ता, श्रीमती उषा बंटो गुप्ता, श्रीमती सुषमा गुप्ता, श्रीमती रोशनी गुप्ता, श्रीमती प्रीति गुप्ता, श्रीमती सुनीता गुप्ता, श्रीमती रेखा गुप्ता, शिवानी गुप्ता, श्रीमती प्रीति गुप्ता, श्रीमती स्वेता गुप्ता, श्रीमती मुन्नी गुप्ता, श्रीमती बेबी गुप्ताऔर महिला मंडल की अन्य सदस्याओं सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महाराजा मणिकुण्डल जयंती के आयोजन का समापन वन भोज के साथ किया गया। भोज के दौरान समाज के सभी वर्गों ने एक साथ भोजन किया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस आयोजन ने अयोध्यावासी वैश्य समाज की एकता, समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को उजागर किया। समाज के वरिष्ठ और युवा सदस्यों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को सफल बनाया। नगर सभा अध्यक्ष संजय गुप्ता और महिला मंडल अध्यक्ष रचना गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया और समाज की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

**फोटो : विकास गुप्ता**



# सनशाइनर्स ने इंग्लिश रेसिटेशन प्रतियोगिता में दिखवाया अपना हुनर

**कटनी।** सनशाइन एकेडमी रायबाडा में इंग्लिश रेसिटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को इंग्लिश में राईम पोयम्स बोलनी थी सभी बच्चों ने अपनी मनपसंद की कविता एक्शन के साथ बोलकर शिक्षकों के समक्ष रखी। बच्चों ने रेन रेन गो अवे बाबा ब्लैक शीप माय फैमिली तिव्ंकल तिव्ंकल लिट्टर स्टारवॉश माय हैण्ड और गुड मनेर कई प्रकार की कविताएँ सुनाई इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास को उजागर करना था। बच्चों के मन से डर को हटाना, कभी कभी बच्चों को चींजे बनते हुए भी वह कहने में डरते हैं तो इस प्रतियोगिता के माध्यम से उस डर को खत्म किया गया और बच्चों को इंग्लिश भाषा से अपने आप को संबोधित करना सिखाया गया और भाषा की प्रमुखता बताई गई प्रतियोगिता एक ऐसा माध्यम है। जिससे बच्चे जल्दी ज्ञान अर्जित करते हैं और अपने समाज व दुनिया की जानकारी प्रतियोगिता के जरिये उनको समझाई जाती है, प्रतियोगिता करके बच्चा सीखता है और मानसिक विकास होता है और सभी बच्चे खुश हुए विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रोत्साहित किया बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की बच्चों के उत्साह को देखकर सभी शिक्षिकाओं को बहुत प्रसन्नता हुई। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिकाओ के सहयोग से ये कार्यक्रम सफ्लता से शुभारम्भ हुआ।




**फोटो : विकास गुप्ता**



## अभा कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा द्वारा राष्ट्रीय सर्वब्राह्मण चिंतन गोष्ठी

**कटनी।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में होटल बृजवासी में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण चिंतन गोष्ठी 2025 का आयोजन किया गया। गोष्ठी में देश के 20 प्रांतों से पधारे सैकड़ो राष्ट्रीय पदाधिकारीयों द्वारा गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण चिंतन गोष्ठी की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शुक्ला, मुंबई तथा संचालन राष्ट्रीय महामंत्री महेश कुमार मिश्र कानपुर, राजेश अग्निहोत्री रायपुर ने किया। गोष्ठी में राष्ट्रीय पदाधिकारी अरुण शुक्ला रायपुर, कुलदीप दीक्षित कोलकाता, अरविंद शुक्ला ग्वालियर, राजेश चंद्र द्विवेदी जयपुर, डॉक्टर बद्री प्रसाद पांडे नागपुर, डॉक्टर सीमा मिश्रा हैदराबाद, मिथिलेश शुक्ला छिंदवाड़ा, विजय सचिन अवस्थी औरंगाबाद, रेखा त्रिपाठी दमन, शशि अग्निहोत्री सतना, ज्योति अवस्थी नागपुर, ऋषिका दुबे कोटा, नमिता त्रिपाठी जबलपुर, आशा दिक्षित कटनी, गुरु प्रसाद तिवारी भिलाई, धर्मेंद्र मिश्रा देवास, रामचंद्र दुबे इंदौर, बीके पांडे बिलासपुर, राकेश शुक्ला, अमरावती, रविंद्र तिवारी भोपाल, संजय दुबे पुणे, नीरज चौधरी तिवारी उत्तर प्रदेश ने अपने विचार गोष्ठी में रखें।

# आदर्श ग्राम मुखास में वृद्धजनों को गरम कंबल का वितरण

कटनी ( स्वतंत्र मत )।

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी के ग्राम मुखास में मानव जीवन विकास समिति बिजोरी एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिलौडी के सहयोग से गरम कंबल वितरण एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य लक्ष्मी सुरेश, ग्राम सरपंच द्रोपदी बाई बहादुर सिंह, मानव जीवन विकास समिति के रामकिशोर चौधरी, अभय पटेल, मिहिलाल सहित अन्य अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक बविता शाह ने जन अभियान परिषद का परिचय दिया और ग्राम विकास में जनभागीदारी से



जल संरक्षण, पौधारोपण और नर्सरी विकास जैसे कार्यों को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी। मानव जीवन विकास समिति के प्रभारी रामकिशोर चौधरी ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना पर विचार साझा किए। यह भी कहा कि ग्रामवासियों का सहयोग आवश्यक है आप और हम सभी मिलकर ग्राम को आदर्श बनाएंगे। गांव की मूलभूत आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ग्राम विकास योजना तैयार कर ग्रामसभा में प्रस्ताव रखिए ताकि गांव की समस्या का समाधान किया जा सके। वहीं, परामर्शदाता सुरेश दुबे ने साइबर क्राइम और सोशल मीडिया पर होने वाले धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी। नवांकुर संस्था सिलौडी के सहयोग से 30 बुजुर्ग महिला–पुरुषों को गरम कंबल वितरित किए गए। सीएमसीएलडीपी छात्राओं आकृति मौर्य, नीता और रीतू ने स्वच्छता और नशामुक्ति पर गीत प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया विकासखण्ड समन्वयक बविता शाह के मार्गदर्शन पर घुघरा पाल में सीएमसीएलडीपी छात्रों का एक्सपोज़र विजिट कराया गया जिसमें ग्रामीण द्वारा इस स्थल की इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम पंचायत कचनारी एवं ग्राम मुखास के सहयोग से समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामकिशोर चौधरी, अभय पटेल, मिहिलाल, सुरेश दुबे, विकास हल्दकार,सुरेश परस्ते, मुकेश बड़कड़े, अनामिका मौर्य, धर्मेंद्र सिंह, धरम सिंह कुंजाम, जगदीश सिंह और कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया अभियान 10 फरवरी से 25 तक



**कटनी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम कटनी जिले में केवल चार ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा इस अभियान हेतु ब्लॉक रिठी बहोरीबंद विजयराघवगढ़ तथा कान्हवरा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना प्रारंभ हो गया है दिनांक 10 फरवरी से 14 फरवरी तक सरकारी दफ्तरों एवं स्कूलों में बूथ लगाया जाएगा इसमें फाइलेरिया की दवा हाथी पांव रोग से बचाने हेतु डीईसी 100 एम जी एलबेंडाजोल 400 एम जी आइवर मेकटीन 300 एम जी की गोली उम्र के अनुसार खिलाई जाएगी तथा 15 फरवरी से 25 फरवरी तक घर घर जाकर यह दवाईया भी खिलाई जाएगी दवा का सेवन नाश्ता या भोजन करने के बाद ही करें खाली पेट दवा का सेवन न करें यह दवा गर्भवती महिला को ओर अत्यधिक बीमार व्यक्ति को नहीं खिलाई जाएगी। इस दवा का सेवन स्वास्थ्य व्यक्ति ही करे उम्र के अनुसार उम्र 2 से 5 6 से 14 15 से ऊपर के बच्चे पुरुष तथा महिला ही सेवन करें इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है इस दवा को खाने से अगर किसी को जी मचलना उल्टी होना होता है तो यह शुभ संकेत है इस प्रकार के लक्षण उन्हीं को देखने मिलेंगे जिनके ब्लड में माइक्रो फाइलेरिया के क्रमी मौजूद है यह माने कि वह व्यक्ति फाइलेरिया रोग के होने से बच गया है उल्टी और जी मचलना यही शुभ संकेत होता है और 15 मिनट के बाद वह ठीक हो जाता है इस अभियान का प्रशिक्षण चारों ब्लाक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जा चुका है डॉ आर के अटैया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनोद कुमार बी एम ओ डॉ मेघेंद्र सिंह बी एम ओ डॉ राज सिंह बी एम ओ श्रीमती शालिनी नामदेव जिला मलेरिया अधिकारी प्रमत कुमार महार मलेरिया इंस्पेक्टर आनंद नामदेव पी सी आई प्रशिक्षण देकर अपील की है कि अधिकारी एवं कर्मचारी दवा खिलाने आते है तो दवा का सेवन अवश्य करें और फाइलेरिया रोग होने से बचे यह बीमारी गन्दी नलियों के मच्छर के काटने से होती है।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# निर्मल सलिल अभियान: मसुरहा घाट में हुआ श्रमदान बच्चों को प्रेरित करने अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उतरे

**कटनी।** जल निकायों के संरक्षण की दिशा में विज़न समूह का निर्मल सलिल अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में बच्चों के द्वारा रविवार को मसुराह घाट में व्यापक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा घाट एवं पूरे रिवर फ्रंट में फैले हुए अपशिष्ट को एकत्रित कर संग्रहण वाहन में डाला। निरंतर फैल रहे संक्रमण एवं इनफेक्शंस को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे कर्मचारी एवं



छात्रों की सुरक्षा हेतु ग्लव्स एवं मास्क पहनकर ही कार्य किया जाता है। टिटनेस से बचाव हेतु प्लास्टिक के तस्लों का उपयोग कर किया जाता है, तथा कार्य हो जाने के बाद हैंड वॉश से हाथ धुलवाया जाता है तथा फर्स्ट एड बॉक्स की भी उपलब्धता होती है। प्रत्येक माह होने वाली मन की बात को भी छात्रों ने अपने.अपने मोबाइल्स के माध्यम से सुना तथा प्रधानमंत्री जी के द्वारा बताई गई बातों से प्रभावित हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निगमायुक्त नीलेश दुबे भी उपस्थित हुएए उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं के अनुभवों को साझा किया तथा कहानी के माध्यम से छोटे प्रयासों की महत्वता का उदाहरण दिया। छात्रों के द्वारा किए जा रहे यह प्रयास जाहिर तौर पर सुनहरे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। प्रकृति सेवा की यह निस्वार्थ भावना आने वाले समय में भारत के विकास में बड़ा योगदान देगी।




## साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु स्टेट बैंक ऑफइंडिया का डिजिटल रथ रवाना

**कटनी।** साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु स्टेट बैंक ऑफइंडिया का डिजिटल रथ अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी, डॉ संतोष कुमार डहेरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमती ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक एवं प्रभात मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम कटनी से रवाना किया गया। जो शहर के मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक एवं फिल्म के माध्यम से साइबर जागरूकता का संदेश देगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तार से आमजनों को समझाया गया। शाखा प्रबंधक सौरभ यादव के द्वारा बैंक के डिजिटल रथ और उस के माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। डिजिटल रथ जिले में चलित माध्यम से साइबर अपराध से बचाव और जागरूकता का संदेश प्रेषित करेगा। कार्यक्रम में शरद पाटिल, किंडो पवन गुप्ता डायरेक्टर विंध्याचल कुमार अभिषेक, बलवंत नेगी एवं पुलिस बल कटनी के साथी के प्रशिक्षार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे। मंच संचालन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कटनी मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक सौरभ यादव द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शरद पाटिल मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय कटनी द्वारा प्रेषित किया गया।

# कटनी में मनाया गया फिटनेस महोत्सव

## सुपर संडे : हजारों ने लगाई मैराथन दौड़, कल्चरर प्रोग्राम का उठाया आनंद

**कटनी।** स्वस्थ कटनी स्वस्थ देश स्वस्थ नगर के उद्देश्य को लेकर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार को रन फॉर कटनी का आयोजन किया गया। शहरवासी अपार उत्साह, उमंग से लबरेज नजर आए। देशभक्ति के तरानों में जमकर झूमे व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट मौसूफ बिट्टू द्वारा बताया गया की रन फॉर कटनी को लेकर प्रतिभागियों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह 7 बजे कड़ाके की ठंड होने के बावजूद छोटे.छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्गों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ शुरू होने के पहले वार्मअप सेशन कराया गया जिसमें डीण्जे फ्रॉलिक्स की धुन पर नेहा मोटवानीए अलोक कचेर द्वारा लीड कराया गया इनके सॉन्गस की धुन पर हजारों की भीड़ थिरकने लगी। समर्पण भारत बिट्टू सेवा ट्रस्ट के सहयोग से जिला एथलेटिक संघ एवं जिला खेल एवं युवा




कल्याण विभाग के सहयोग से निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट मौसूफ बिट्टू, प्रेम बत्रा, दिव्यांशु मिश्रा, ऋषभ मित्तल, अशोक मोहनानी, सुमित अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर कटनी को रवाना किया।

रन फॉर कटनी दौड़ स्टेशन चौराहे से शुरू होकर सुभाष चौक, मिशन चौक, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, तिराहा घंटाघर, गर्ग चौराहा, बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहे पहुंच कर दौड़ समाप्त हुई।

मैराथन दौड़ का जगह जगह स्वागत किया गया। नगर निगम के सामने डीपीएस स्कूल परिवार द्वारा, जालपा देवी मढिया के पास अर्पित चौदहा परिवार द्वारा, घंटाघर के पास यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा वॉटर, ड्रिंक एंड फास्टफूड की व्यवस्था की गई।

रन फॉर कटनी में जिले के समस्त स्कूलों–कोलेजों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कुछ प्रतिभागियों को आयोजन के तहत निशुल्क टी शर्ट व टोपी भी दी गई। नारी शक्ति सम्मान एवं ग्रुप सम्मान, सोशल मीडिया योद्धाओं का सम्मान किया साथ ही महिलाओं एवं बेटियों का भी सम्मान किया गया।

### हजारों की संख्या में पहुंचे लोग

रन फॉर कटनी में हजारों की तादाद में लोग पहुंचे। इसमें युवा, बच्चे, महिलाएं युवतियां व उम्र दराज लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम में शामिल होकर हर वर्ग मानो युवा लग रहा था। सभी ने जमकर मौज मस्ती की और कार्यक्रम का आनंद लिया।

### बच्चों ने दी ग्रुप डांस की प्रस्तुति

इस अवसर पर बच्चों ने ग्रुप डांस के माध्यम से समाज में एकता एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया गीतांजलि कला परिषद की संचालक सपना नामदेव द्वारा ग्रुप डांस एवं अनामिका एकेडमी द्वारा शानदार ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। रॉक बैंड प्रस्तुति दीपक अंश मनीष राज टीम द्वारा की गई रन फॉर कटनी में डीजे फ्रॉलिक्स आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी गोवर्धन उदासी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, सुमित अग्रवाल, प्रेम बत्रा, दिव्यांशु मिश्रा, सुदामा सचदेवा, शशांक अग्रवाल, चीनी चेलानी, ऋषभ मित्तल, विकास गुप्ता, गोपाल शर्मा, विजय भैरवानी, जितेश विश्वकर्मा, अजय सरावगी, अंकुर दुबे, आलोक कचेर, नेहा सपना नामदेव, अखिल हनी ग्रोवर, अजय मिहानी ने सहभागिता की। सौम्या नीलम जगवानी, रिया मुल्तानी, जय उदासी आदि मौजूद रहे।

# भारत ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया

## अंडर 19 विमेंस वर्ल्ड कप, 4.2 ओवर में चेज किया टारगेट

कुआलालंपुर।

अंडर-19 विमेंस टी.20 वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने विजयी आगाज किया है। रविवार को टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया। कुआला लंपुर में विंडीज ने पहले बैटिंग की, लेकिन टीम 44 रन ही बना सकी। भारत ने महज 4.2 ओवर में 1 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। वेस्टइंडीज ने शुरुआती 3 ओवर में एक भी विकेट नहीं गंवाया था। चौथे ओवर में कप्तान समारा रामनाथ 3 रन बनाकर आउट हुईं, इस वक्त टीम का स्कोर 10 रन था। यहां से वेस्टइंडीज का बिखरना शुरू हो गया। टीम से ओपनर असाबी कैलेंडर ने 12 और केनिका कासार ने 15 रन बनाए। वेस्टइंडीज की 5 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं 4 बैटर्स 5 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाईं। टीम 13.2 ओवर में 44 रन बनाकर ऑलआउट हुईं।




भारत से पारुणिका सिसोदिया ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। वीजे जोशिथा ने 5 रन देकर 2 विकेट और आयुषी शुक्ला ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए। 3 बैटर्स रनआउट भी हुईं।

### भारत ने पहले ओवर में विकेट गंवाया

45 रन के टारगेट का पीछा करने उतरीं इंडिया विमेंस के लिए गोंगडी त्रिषा ने पहली बॉल पर चौका लगाया। हालांकि वह दूसरी ही गेंद पर जाहजारा क्लैक्सटन को विकेट दे बैठीं। उनके बाद विकेटकीपर जी कमलिनी ने 13 गेंद पर 16 और सानिका चाल्के ने 11 गेंद पर 18 रन बनाए। टीम ने महज 4.2 ओवर में 47 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया।

### मलेशिया 23 रन पर ऑलआउट

ग्रंप ए के दूसरे मुकाबले में श्रीलंका विमेंस ने 139 रन से जीत दर्ज की। टीम ने कुआला लंपुर में ही पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। दहामी सानेथमा ने फिफ्टी लगाई। मलेशिया की टीम 14.1 ओवर बैटिंग कर 23 रन ही बना सकी। 6 बैटर्स खाता भी नहीं खोल पाई, वहीं हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर महज 7 रन रहा।

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भारत

पहला मैच जीतकर भारत ने ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान भी हासिल कर लिया। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम का दूसरा मैच अब 21 जनवरी को कुआला लंपुर में ही होम टीम मलेशिया के खिलाफ होगा। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफतीसरा मैच खेलेगी।

# शूटर मनु भाकर के मामा-नानी का निधन

चरखी दादरी।

अंतरराष्ट्रीय शूटर व खेल रत्न अवार्डी मनु भाकर के मामा युद्धवीर सिंह और नानी सावित्री देवी का रविवार सुबह दादरी में सड़क हादसे में निधन हो गया। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे नेशनल हाईवे 334बी पर दादरी के लोहारू चौक और महेंद्रगढ़ बाईपास के बीच ब्रेजा कार और स्कूटी की टक्कर हो गई।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार करीब 55 वर्षीय युद्धवीर सिंह और उनकी मां करीब 75 वर्षीय सावित्री देवी की मौत हो गई। घटना के बाद कार भी मौके पर पलट गई और कार चालक मौके से फरार हो गया।मनु भाकर के सगे मामा व नानी की सड़क हादसे में मौत की जानकारी पाकर दादरी सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बता दें कि मनु के मामा मूलरूप से दादरी के गांव कलाली निवासी युद्धवीर सिंह हरियाणा रोडवेज दादरी डिपो में चालक के पद पर कार्यरत थे। फिलहाल वे दादरी के कलियाणा रोड के समीप रहते थे। रविवार सुबह करीब 9.30 बजे वे ड्यूटी पर जाने के लिए घर से स्कूटी पर निकले थे। इस दौरान उनकी मां सावित्री देवी भी साथ थीं, जिन्हें दूसरे भाई के घर उतारना था।इस दौरान जब वे एनएच 334बी पर दादरी के लोहारू रोड और महेंद्रगढ़ बाईपास के बीच पहुंचे तो तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी।


हरियाणा में कार ने स्कूटी को टक्कर मारी

टक्कर के बाद कार भी पलट गई और स्कूटी सवार मनु के मामा युद्धवीर और नानी सावित्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर आये जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# सैमसन-सिराज चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम सिलेक्शन की जानकारी दी। मोहम्मद सिराज और संजू सैमसन को टीम से बाहर किया गया। वहीं घरेलू क्रिकेट में 752 का औसत रखने के बावजूद करुण नायर स्क्वॉड में जगह नहीं बना सके। टीम में कुछ खिलाड़ियों का सिलेक्शन चौंकाने वाला भी रहा। दुबई में तेज गेंदबाजी को मददगार पिच होने के बावजूद वॉशिंगटन सुंदर समेत 2 स्पिन ऑलराउंडर्स को मौका मिला। महज 8 वनडे खेलने वाले अर्शदीप सिंह वनडे बॉलर्स रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल सिराज की जगह शामिल किए गए।



# बोपन्ना ने करण सिंह को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया

मुंबई।

अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने करण सिंह को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। बोपन्ना ने कहा है कि करण जैसी खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सभी प्रकार से सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है। बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग में राजस्थान रेंजर्स की तरफसे खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

# अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली।

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज के प्रतिद्वंदी ब्रिटेन के नंबर.1 जैक ड्रेपर चौथे राउंड में चोटिल होकर रिटायर हो गए। 15वीं सीड ड्रेपर मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में 4 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज के खिलाफ 7-5, 6-1 से पीछे थेए तभी उनकी चोट ज्यादा परेशान करने लगी और वे रिटायर हो गए। इससे पहले 23 साल के ड्रेपर को कूल्हे की चोट की वजह से पहले सेट के बाद मेडिकल उपचार के लिए कोर्ट से बाहर बाहर जाना पड़ा था।

# भारत में तेजी से आगे बढ़ रहा एथलेटिक्स : फराह

मुंबई।


दिग्गज एथलीट मो फराह ने कहा है कि भारत में अन्य खेलों के साथ ही एथलेटिक्स भी अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि अधिक से अधिक युवा इस क्षेत्र में आगे आ रहे है जो एक सकारात्मक बात है। युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से एथलेटिक्स के क्षेत्र को बदल सकते हैं। फराह ने कहा है कि आजकल भारत में एथलेटिक्स तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं में इतनी क्षमता है कि वे इस क्षेत्र में बेतर प्रदर्शन कर सकते हैं क्योंकि उनमें काफी प्रतिभा है। फराह ने कहा कि जिस प्रकार भारत खेल में तेजी से आगे बढ़ रहा है वह सभी को प्रभावित कर रहा है। टाटा मुंबई मैराथन के 20वें सत्र के ब्रांड दूत बनने पर भारत आये फराह ने कहा देश के विकासए युवा एथलीटों की प्रतिभा को देखना एक शानदार अनुभव है। आप अगर कड़ी मेहनत करें तो जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है और यही भारत में भी हो रहा है। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि भारत में एथलेटिक्स लगातार आगे बढ़ रहा है। यह हालांकि अभी नंबर एक पर नहीं पहुंचा है पर इसमे तेजी आ रही है। उन्होंने कहा मुझे राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य चैंपियनशिप के लिए भारत आना याद है। युवा एथलीटों को यहां प्रदर्शन कतरे देखना अच्छा सुखद अनुभव है।




# मैक्सवेल की फिफ्टी से बीबीएल नॉकआउट में पहुंची स्टार्स

**होबार्ट को 40 रन से हराया, स्टेकेटी को 4 विकेटय 22 जनवरी को थंडर से सामना**

**मेलबर्न।** ग्लेन मैक्सवेल के 32 गेंद पर 76 रन की मदद से मेलबर्न स्टार्स ने बिग बैश लीग के नॉकआउट स्टेज में जगह बना ली है। रविवार को लीग स्टेज के आखिरी मैच में मेलबर्न ने पहले बैटिंग करते हुए 219 रन बनाए। जवाब में टेबल टॉपर होबार्ट हरिकैंस 179 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कमजोर शुरुआत के बाद स्टोयनिस ने संभाला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होबार्ट ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मेलबर्न से ओपनर सैम हार्पर 23 और टॉम रॉजर्स 9 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 36 रन पर 2 विकेट गंवा दिएए यहां से ब्यू वेबस्टर और कप्तान मार्कस स्टोयनिस ने टीम को संभाल लिया। स्टोयनिस ने 19 गेंद पर तेजी से 32 रन बनाए। उन्हें मिचेल ओवेन ने कैच आउट करायाए स्टोयनिस ने वेबस्टर के साथ 45 रन की पार्टनरशिप की। हालांकि उनके आउट होने के वक्त 10.4 ओवर में स्कोर महज 81 रन तक ही पहुंच सका।





# टॉप 10 कंपनियों में 6 की वैल्यू 1.71 लाख करोड़ गिरी

## इंफोसिस टॉप लूजर, रिलायंस की वैल्यू 79,773 करोड़ बढ़ी

मुंबई।

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 6 का मार्केट कैप बीते हफ्ते के कारोबार में 1.71 लाख करोड़ रुपए कम हुआ है। इस दौरान टेक कंपनी इंफोसिस सबसे बड़ी लूजर रही। कंपनी का मार्केट कैप 62,948 करोड़ रुपए कम होकर 7.54 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है।

टेक सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की वैल्यू भी 50,599 करोड़ रुपए गिरी है। अब कंपनी का मार्केट कैप 14.93 लाख करोड़ रुपए है। इसके अलावा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी की वैल्यू भी गिरी है। वहीं वैल्यूएशन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 79,773 करोड़ रुपए बढ़कर 17.61 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वहीं स्टेट बैंक ऑफइंडिया का मार्केट कैप 18,697 करोड़ रुपए बढ़कर 6.82 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारती एयरटेल वैल्यू भी बढ़ी है।




# लगातार गिरती बिक्री का सामना कर रही ओला इलेक्ट्रिक

**नई दिल्ली।** भारत में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर अब लगातार गिरती बिक्री का सामना कर रही है। जनवरी 2025 तक के सेल्स आंकड़ों के अनुसार ओला इलेक्ट्रिक ने 6,655 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे हैं जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी घटकर 18 प्रतिशत रह गई है। पिछले साल ओला की हिस्सेदारी लगभग 50.52 प्रतिशत थी और 2024 में कंपनी ने 4 लाख से ज्यादा स्कूटर बेचकर 35प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थीए लेकिन अब उसकी स्थिति कमजोर हो गई है। इसी बीच बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक टू.व्हीलर सेगमेंट में अपनी बढ़त बना ली है। दोनों कंपनियों ने मिलकर 48प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 9,800 स्कूटर बेचकर 23प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ पहले नंबर पर जगह बनाई है।

बजाज ने 8,694 इलेक्ट्रिक वाहन बेचकर 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे पायदान पर जगह बनाई है। पिछले महीने की बिक्री की स्थिति भी ओला के लिए चुनौतीपूर्ण रही। दिसंबर 2024 में बजाज ने 18,276 चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचकर ईवी बाजार में चौथाई हिस्सेदारी हासिल की। टीवीएस ने 17,212 प-क्यूब स्कूटर बेचकर दूसरा स्थान पायाए जबकि ओला 13,769 स्कूटर बेचकर तीसरे नंबर पर रही। इस दौरान ओला की बाजार हिस्सेदारी में लगभग 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें कि उत्पादों की गुणवत्ता और आफ्टर सेल सर्विस में सुधार न होने के कारण ग्राहकों ने कंपनी से दूरी बनानी शुरू कर दी हैए जिसका असर उसकी बिक्री पर पड़ा है।

# टीवीएस ने पेश किया भारत का पहला सीएनजी स्कूटर

नई दिल्ली।

दोपहिया निर्माता कंपनी टीवीएस ने अपनी नई टीवीएस जुपीटर सीएनजी स्कूटर को पेश कियाए जो भारत का पहला सीएनजी स्कूटर है। ऑटो एक्सपो 2025 में इस स्कूटर को कंपनी के भारत मोबिलिटी 2025 प्रोजेक्ट के तहत लॉन्च किया गया है और यह पेट्रोल और सीएनजी दोनों ईंधन के विकल्प के साथ आता है। टीवीएस जुपीटर सीएनजी में 124.8 सीसी की क्षमता वाला सिंगल सिलेंडर इंजन है, जो 5.3 किलोवाट की पावर और 9.4 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है। इस स्कूटर की टॉप स्पीड 80.5 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है और यह एक किलोग्राम सीएनजी में 84 किलोमीटर तक यात्रा कर सकता है। इसे पेट्रोल और सीएनजी दोनों ही ईंधन के साथ चलाया जा सकता है, जिससे यह 226 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। इसमें कई बेहतरीन फीचर्स शामिल हैं, जिनमें सेगमेंट की सबसे बड़ी सीट, मैक्स मेटल बॉडी, एक्सटर्नल फ्यूल लिडए फ्रंट मोबाइल चार्जर, सेमी डिजिटल स्पीडोमीटर, बॉडी बैलेंस तकनीक, इटीएफआई और इंटेलीगो तकनीक, ऑल इन वन लॉक और साइड स्टैंड इंडीकेटर के साथ इंजन इनहिबिटर शामिल हैं। हालांकि टीवीएस ने अभी तक इस स्कूटर के लॉन्च की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह अगले तीन से छह महीनों में बाजार में उपलब्ध हो सकता है।



# देश की पहली सोलर कार लॉन्च

## सिर्फ 80 पैसे में 1 किमी दौड़ेगी




**नई दिल्ली।** भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में नए इनोवेशन की ओर बड़े कदम बढ़ रहे हैं। हाल ही में पुणे की बेस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टार्ट.अप कंपनी वेव मोबिलिटी ने देश की पहली सोलर पावर्ड कार वायवे ईवा को लॉन्च किया है। यह कार केवल 3.25 लाख रुपए में उपलब्ध है और कंपनी का दावा है कि यह 250 किमी की ड्राइविंग रेंज के सिंगल चार्ज पर प्रदर्शन कर सकती है। वायवे ईवा का डिजाइन भी विशेष हैए जिसमें सोलर पैनल को सनरूफपर इस्तेमाल किया गया है। कार में अंदर कंफर्ट और एंटरटेनमेंट के लिए एसीए एपल कारप्लेए और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी सिस्टम भी शामिल हैं। इसकी टॉप स्पीड 70 प्रति किमी है और फुल चार्ज होने में सिर्फ45 मिनट लगते हैं। पर्यावरण को देखते हुए सोलर पावरड व्हीकल्स का उपयोग करने में यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में सोलर कारों की एंट्री से मोटर व्यावसाय में गहरा तबदला देखने के अवसर हैं, जिससे न केवल इंडस्ट्री में विकास होगा बल्कि पर्यावरण की भी ध्यान में रखा जा सकेगा।

# खाद्य तेलों में उबाल, दालें सस्ती

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में 879 रुपये प्रति क्विंटल तक का उबाल आ गया जबकि दालें सस्ती रहीं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 259 रिंगिट लुढ़ककर 4441 रिंगिट प्रति टन पर आ गया।

# एफपीआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा, कंपनियों के तिमाही परिणाम

मुंबई।

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। सप्ताह के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों और घरेलू संस्थागत निवेशकों के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है। बाजार के एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि जैसे-जैसे तिमाही नतीजों का सीजन आगे बढ़ेगा, निवेशकों का ध्यान आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्रित होने की उम्मीद है जो साल के लिए सरकार के आर्थिक और राजकोषीय रुख की रूपरेखा तैयार करेगा। बाजार प्रतिभागी नीतिगत उपायोंए राजकोषीय आवंटन और विकास पहल पर बारीकी से नजर रखेंगे।




उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर सभी की नजरें डोनाल्ड ट्रंप पर हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दामए डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी।

### बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

एक बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। निवेशकों की नजरें कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद नीतिगत घोषणाएं वैश्विक स्तर पर बाजार धारणा को काफी प्रभावित करेंगी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि आगे हम उम्मीद करते हैं कि इस सप्ताह बाजार कई घरेलू और वैश्विक कारकों के कारण सतर्क रुख बनाए रखेगा। सप्ताह के दौरान दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आ रहे हैं, जिन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद व्यापार शुल्कों की घोषणा और उसके वैश्विक व्यापार पर असर को लेकर सभी की नजरें रहेंगी।



# ऑटो एक्सपो में फ्लाइंग कार हुई शोकेस

नई दिल्ली।

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का आज तीसरा दिन है। आज से इस एक्सपो को पब्लिक के लिए ओपन कर दिया गया है। एक्सपो में पहली बार 34 ऑटोमोबाइल कंपनियां शामिल हुई है। पहले दो दिनों में इन कंपनियों ने अपने व्हीकल्स को लॉन्च और शोकेस किया।

एक्स्पो के पहले दिन मारुति.सुजुकी ने पहली इलेक्ट्रिक कार म.विटारा को रिवील किया। वहींए हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार क्रेटा ईवी को लॉन्च किया। इसके साथ ही पहले दिन ऑटोमोबाइल कंपनियों ने 30 से ज्यादा गाड़ियां पेश कीं। पुणे बेस्ड स्टार्टअप वायवे मोबिलिटी ने एक्सपो के दूसरे दिन भारत की पहली सोलर पावर्ड कार ईवा लॉन्च की है। 6 सीटर फ्लाइंग टैक्सी भी पेश की गई हैए जिसे सरला एविएशन ने बनाया है। इसके अलावा वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ने दो इलेक्ट्रिक कारों के साथ भारत में एंट्री की है।

# भारतीय सेना पर देश और दुनिया को है गर्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आमजन और सेना के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करेगी आर्मी मैराथन



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। देश को आजादी मिलने के समय, विश्व के कई देश स्वतंत्र हुए लेकिन भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है, इस पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारतीय सेना का अनुशासन, सजकता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव फिटनेस.एकता और देश भक्ति के लिए फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी के आदर्श वाक्य के साथ द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किए। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

***बेटा-बेटी समान अधिकार और सम्मान के हकदार-*** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की की पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वर्ष 1949 में जनरल केएम करियप्पा के भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की याद में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में सुदर्शन चक्र कोर द्वारा आर्मी मैराथन आयोजन की पहल सराहनीय है। उन्होंने इसकी निरंतरता बनाए रखने की अपील की और अधिक से अधिक लोगों से मैराथन में सहभागी होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षमता और योग्यता में बेटा.बेटी बराबर है और उनके अधिकार भी समान है। अतः आर्मी मैराथन में विजेता बेटियों को समान राशि के ही पुरस्कार प्रदान किए जाएं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि सेना और आमजन के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित आर्मी मैराथन में भोपालवासियों की सहभागिता उत्साहवर्धक रही। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा खेल और युवा कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। मेजर जनरल एके श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

# कन्यादान महादान है, इसमें सभी की भावनाएं जुड़ी: उप मुख्यमंत्री

## नारायणगढ़ में एक करोड़ 69 लाख से निर्मित इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का हुआ लोकार्पण



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब वर्ग के लिए अनेक योजनाएँ संचालित कर रही है। इन योजनाओं से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के साथ उन्हें आत्म-निर्भर बनाया जा रहा है। शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन गरीब परिवारों के लिए वरदान बनी है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का धूमधाम से विवाह करने में असमर्थ है। ऐसे परिवारों की चिन्ता राज्य सरकार कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंदसौर जिले के संत रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदीखेडी, खजुरिया सारंग में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विवाह सम्मेलन में 76 जोड़ों को योजना की राशि के चेक भी प्रदान किये गये। मंदसौर जिले की प्रभारी एवं महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया भी उपस्थित थीं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। जन-भागीदारी से जुड़ा हुआ इस तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन है। ऐसे आयोजन में सभी की भावनाएं जुड़ी है।

***टीबी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना-*** उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा एवं मंत्री सुश्री भूरिया ने मंदसौर में जन जागरूकता के लिए टीबी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से जिले में 100 दिवसीय टीबी जन-जागरूकता अभियान चल रहा है। समाजसेवी नारु भाई 24 मार्च तक स्वयं के खर्च पर टीबी रथ का संचालन करेंगे। समाज में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन समुदाय को जुड़ने के लिए अपील की गई। प्रभारी मंत्री ने नारू भाई का निक्षय मित्र बनने पर प्रमाण पत्र देते हुए सम्मान किया।

# बुंदेली दमोह महोत्सव के 14 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ



दमोह

भगवान गणेश की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ 14 दिवसीय बुंदेली महोत्सव का शुभारंभ संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, दमोह जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर एवं भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भगवान गणेश का पूजन कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मेले की सराहना करते हुए कहा मेला लगातार बुंदेलखंड की संस्कृति के साथ देश के अनेक प्रांतों की संस्कृति को एक मंच पर लाने का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इस प्रकार के आयोजन में सहयोग करने के लिए लगातार तैयार रहती है। कलाकारों ने भरतनाट्यम के साथ गीत संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। आयोजन के संबंध में डॉ. सुधा मलैया ने कहा कि यह आयोजन का 12 वां वर्ष है इस बार मेला 14 दिन का होगा। उन्होंने सभी अतिथियों एवं मेला में आने वाले दर्शकों तथा दुकानदारों का आभार व्यक्त किया और स्वागत किया।



## कंबल वाले बाबा के आगमन को लेकर हुई बैठक में चर्चा

**दमोह।** कंबल वाले बाबा के हटा आगमन के संदर्भ में आज स्थानीय कल्याण सिंह राजपूत के निवास पर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 17 फरवरी से 21 फरवरी तक कंबल वाले बाबा के शिविर के आयोजन के संदर्भ में चर्चा हुई जिसमें आयोजन स्थल देव श्री गौरी शंकर मंदिर प्रांगण एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तय की गई जिसमें बाबा जी के निज सचिव रामस्वरूप यादव, दीपक मिश्रा के साथ रामगोपाल जी मंदिर के महंत श्याम दास महाराज के साथ नगर के गण मान्य नागरिक कल्याण सिंह राजपूत, सुनील राय, रितेश अग्रवाल, समीर सराफ, मनीष दुबे, गोलू सराफ, प्रकाश गर्ग, सौरभ राय, अमित तिवारी की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में लाभान्वित हुए हितग्राही

## शिविर में 5 करोड़ से अधिक राशि के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र के किए वितरण



**दमोह।** जनपद स्तरीय मुख्यमंत्री जन कल्याण मेगा शिविर का आयोजन शनिवार को मंगल भवन जबेरा में आयोजित किया गया। जिसमें जबेरा विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी सम्मिलित हुए। शिविर में विभिन्न विभागों अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर क्षेत्र वासियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान अजीविका मिशन जबेरा द्वारा 28 स्व सहायता समूहों को 2 करोड़ 70 लाख के चेक सहित राज्यमंत्री लोधी ने 5 करोड़ से अधिक रुपए की राशि के प्रमाण पत्र पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से हमारी सरकार ने गरीब परिवारों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित कर उनको मालिकाना हक दिलाने का काम किया है जिनके दादा परदादा सैकड़ों वर्षों से जमीनों पर काबिज थे। लेकिन उनके पास किसी भी प्रकार से कोई कागज नहीं था ऐसे परिवारों को हमारी सरकार ने जाना और उनका हक दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव निरंतर गरीबों के हित में विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। नल जल योजना के माध्यम से हर घर में जल की सुविधा, किसानों को 12000 प्रति वर्षए लाड़ली बहनों को 15000 प्रति वर्षए लाड़ली लक्ष्मी योजना, संबल कार्ड योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, निशुल्क साइकिल वितरण और मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं को बनाकर गरीबों के हित में कार्य कर रहे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेनए मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत बंटी दुबेए मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, राजेश सिंघई, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, संतोष अवस्थी, सहारा ठाकुर, सरपंच मूरत सिंह, एसडीएम गंधर्व, जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे, सहायक यंत्री शिवजी गौड़, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद बाजपेई सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ो की संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। एसडीएम तेंदूखेड़ा गंधर्व ने तहसील जबेरा के दूरस्थ अंचलो के 3 ग्रामों के कुल 142 बच्चों को स्वेटरए ठंड से बचने हेतु कपड़े किये वितरित।

# 7वें जैविक खेती उत्पाद हाट बाजार का आयोजन

दमोह

जिले के जन प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार पांचवां जैविकप्राकृतिक खेती उत्पाद हाट.बाजार 19 जनवरी रविवार को भी विगत रविवारों की भांति प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास जैविक/प्राकृतिक खेती से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद क्रय.विक्रय हेतु हाट.बाजार लगाया गया। किसानों के उत्पाद का सत्यापन कृषि विभाग के मैदानी अमले से कराया जाएगा ताकि कोई बिचोलिया इसका लाभ न ले सके जिसमें 18 कृषकों द्वारा विभिन्न 35 प्रकार से अधिक जैविक उत्पाद सहितए कोदों, कुटकी, रागी, काला गेहूँ, सोना मोती गेहूँ का आटा, बेसन, ज्वार, मक्का, बाजरा से बने उत्पाद आटा, दलिया, रागी के लड्डू, बिस्किट, मोटे अनाज का आटा, तिल के लड्डू, मूंगफली के लड्डू, मूंगफली की चिक्की, मूँग की दाल, उडद की दाल, चना की दाल, अरहर की दाल, मल्टी ग्रेन आटा, मौसमी हरी सब्जियों में पालक की भाजी, चने की भाजी, मैथी की भाजीए बथुआ की भाजी, बैंगन, आलू, टमाटर, सूरनए हरी मटर, हरी धनियां, हरी मिर्च, लौकी, आंवले की चटनी, अदरक का मुरब्बा, मसरूम, मसरूम पाऊडर, मौसमी फलों में अमरूद, आंवला, पपीता, नीबूए देशी गाय का घी आदि अनेक उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए। इस हाट बाजार में सिंगल यूज़ पॉलीथिन प्रतिबंधित रही। इस हाट-बाजार में लगभग 250 से अधिक क्रेतागणों ने उत्पाद खरीदे।

# महाआरती में उमड़ा जनसैलाब

हटा



भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में हर मां की भांति माह के तीसरे रविवार को मासिक महा आरती का आयोजन हटा नगर में किया जाता है। इसी कड़ी में मां पीतांबरा पीठ देवश्री गौरी शंकर मंदिर धर्मशाला में मासिक महा आरती का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में सर्वप्रथम मां गुरुवर के जयकारे लगाएं बढ़ते क्रम में साधना के विशिष्ट बीज मंत्र का उच्चारण गुरु चालीसा दुर्गा चालीसा एवं स्तुति वंदना करते हुए गुरुदेव शक्तिपुत्र महाराज एवं माता जगत जननी जगदंबे मां की दिव्य चरणों की दिव्य आरती संपन्न की गई क्षमा याचना करते हुए समर्पण स्तुति प्रकृति के मूल मंत्र मां और ॐ का उच्चारण के साथ ध्यान कम करते हुए गुरु मंत्र एवं चेतना मंत्र का उच्चारण किया गया। अंत में जय घोष लगाए गए। संचालन जिला सचिव सुरेश राय ने किया। संगठन के विशिष्ट पदाधिकारियों ने गुरुवर की महत्वपूर्ण विचारधारा से सभी को अवगत कराया एवं सनातन धर्म के विस्तार हेतु सनातन पर हो रहे आघात पर विशेष चर्चा हुई सनातन को कमजोर करने वाला एजेंडा जो नशा का व्यापार है उसे किस तरीके से बंद किया जाए संगठन का प्रयास चलता रहेगा। कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प संदेश दिया गया इसी क्रम में शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में सिद्धाश्रम धाम में 19 एवं 20 दिसंबर को आयोजित कार्यकर्ता बैठक में जिन कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंप गई थी जिसे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह के द्वारा कार्यकर्ता के पदों का वाचन किया गया।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के निर्वाचन संपन्न

दमोह



मप्र शिक्षक संघ के आव्हान पर मप्र शिक्षक संघ तहसील शाखा जबेरा के निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी प्रमेंद्र जैन, पर्यवेक्षक नीलेश जैन, जिला सचिव कमलेश सेन के निर्देशन एवं मप्र शिक्षक संरक्षक देवी प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला जबेरा में संपन्न हुए। जिसमें महेश विश्वकर्मा अध्यक्ष, अशोक झारिया उपाध्यक्ष एवं भरत यादव को सचिव सर्व सहमति से निर्वाचित किया गया। साथ ही संगठन में सुशील जैन कोषाध्यक्ष, राजेश दुबे सह सचिव, धर्मेंद्र अहिरवार सदस्य, मुकेश विश्वकर्मा सदस्य, राजकुमार सदस्य, नारायण यादव सदस्य, नितेश मलैया सदस्य, पिरवेंद्र जैन सदस्य, जितेंद्र बंशद सदस्य, हेमलता ठाकुर सदस्य, मुकेश नामदेव सदस्य आदि सर्व सहमति से नियुक्त किए गए। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को तिलक करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संचालन मप्र शासकीय अध्यापक संघ अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा द्वारा करते हुए नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई दी गई और संगठन हित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने की बात कही। आभार उच्च शिक्षक अनिल कुमार सोनी द्वारा व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर संगठन को मजबूती प्रदान करने और शिक्षक हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ तहसील शाखा जबेरा के सदस्य एवं पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# छत्र छाया रिपब्लिक स्कूल का एनुअल कार्यक्रम संपन्न



**दमोह।** छत्र छाया रिपब्लिक स्कूल के एनुअल कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन में आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने अलग अलग थीमों पर एक से बढ़कर एक डाइवर्सिटी इन इंडिया, रूट्स ऑफ लव, फैंसी ड्रेस, भारत की बेटी जैसे, मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिससे सामाजिक बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए बच्चों के अभिभावक एवं पुरस्कार वितरण हेतु कई विशेष अतिथि के रूप में ओमप्रकाश रैकवार एडवोकेट, श्रीवास्तव सर, पूर्व विधायक अजय टंडन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पथरिया, एडवोकेट नरेंद्र जैन शक्ति, संजय सरवरिया पत्रकार, अनिल जैन, प्रीतम सिंह लोधी रहे।

# आपके सहयोग से ग्वालियर उप नगर की बदल रही है तस्वीर

## ऊर्जा मंत्री ने 366 हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

भोपाल



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को 366 हितग्राहियों को कामकाजी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन और राशन पात्रता पर्चियों का वितरण रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में किया। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, लेकिन यह सब हो पा रहा है ईश्वर की कृपा से वर्ना हम और आप तो निमित्त मात्र हैं। लेकिन आप और आपका सेवक जागरुक है इसलिए यह सब संभव हो पाया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 366 हितग्राहियों को हित लाभ के प्रमाण-पत्र वितरित किए गये। इसमें 116 महिलाओं को महिला कामकाजी कार्ड 116, 112 हितग्राहियों को राशन पात्रता पर्ची, 26 वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन, 13 बहिनों को कल्याणी पेंशन, 2 लोगों को पेंशन प्रमाण पत्र तथा 98 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। ऊर्जा मंत्री ने कहा यह सेवक आपकी सेवा के लिए कार्य कर रहा है। आज ग्वालियर उप नगर की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और आप सभी के सहयोग से संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में सिविल अस्पताल हजीरा आपने पहले भी देखा था और आज भी देख रहे हैं। इसी तरह पटेल स्कूल पहले किस स्थिति में था और अब किस स्थिति में है। यह सब आपकी आंखों के सामने है। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए है, क्योंकि आपका सेवक जागरुक है। स्मार्ट स्कूल, स्वास्थ्य सेवाएं हमारे आने वाली पीढ़ियों के काम आएंगे। ऊर्जा मंत्री ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्वच्छता के मामले में ग्वालियर को इंदौर बनाना है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमति पापिया घोष पति श्री आशीष घोष पिता श्री नेपाल चंद्र दास उम्र करीब 55 वर्ष निवासी- 21 सिंधी निर्माण समिति दयानगर गार्डन के पास यादव कॉलोनी जबलपुर मध्य प्रदेश की

1. यह कि मेरा नाम पापिया घोष है मेरी जन्म तिथि 04-01-1968 पता उपरोक्त अनुसार है।

2. यह कि मेरा विवाह दिनांक 02 मार्च 2005 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार श्री आशीष घोष से मेरे निवास स्थान जबलपुर मध्य प्रदेश से हुआ था।

3. यह कि मेरा नाम विवाह के पहले पापिया दास पिता श्री नेपाल चंद्र दास था एवं विवाह के बाद मेरा उपनाम परिवर्तन होकर श्रीमति पापिया घोष हो गया है। अतः मैं अब श्रीमति पापिया घोष पुकारी जाती हूं तथा विवाह के पूर्व समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम पापिया दास पिता श्री नेपाल चंद्र दास था। अब विवाह के पश्चात अधिवक्ता नामांकन सूची के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमति पापिया घोष लिखा है अतः मुझे पापिया घोष के नाम से जाना वह पहचान जाए।

शपथकर्ता

श्रीमति पापिया घोष

## कुंवर लक्ष्मीचंद स्मृति दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# शिक्षा के बिना संभव नहीं विकसित भारत 2047 की लक्ष्य पूर्ति

### अंजना, सपना, अंशुल, स्मिता और श्रेया को मिला गोल्ड मेडल

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

हितकारिणी सभा के गौरवशाली 156 वर्षों का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों से लिखा गया है और भविष्य के लिए भी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में हितकारिणी सभा सदैव अग्रसर रहा है और रहेगा। नारी शिक्षा की दूरगामी सोच को धरातल पर उतारने के लिए कुंवर लक्ष्मीचंद को सदैव याद किया जाएगा, जिन्होनें हितकारिणी प्रशिक्षण महाविद्यालय की नींव रखी। उक्त बांतें हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार हॉल में आयोजित कुंवर लक्ष्मीचंद स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित एक वर्कशॉप के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने कहीं।



### दूरगामी सोच के धनी थे कुंवर लक्ष्मीचंद

हितकारिणी सभा के अध्यक्ष, पूर्व विधायक और समाजसेवी नित्यनिरंजन खंपरिया ने कहा कि आजादी के पूर्व अंग्रेजों के दौर में भारतीयों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। 1868 में हितकारिणी सभा की स्थापना के 101 साल बाद 1969 में कुंवर लक्ष्मीचंद के प्रयासों से महिला शिक्षा के लिए न्यूनतम शुल्क में हितकारिणी प्रशिक्षण महाविद्यालय की नींव रखी गयी। आज न केवल देश बल्कि विदेशों में भी हितकारिणी संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

### शिक्षण प्रशिक्षण हमारी पहचान है

हितकारिणी सभा की उप सभापति सुनयना पटेरिया ने कहा कि सर्वोत्तम शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान करना हितकारिणी सभा की पहचान है। महिला शिक्षा के क्षेत्र में शहरवासी कुंवर लक्ष्मीचंद को कभी भी नहीं भूल पाएंगे। शिक्षा के साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में भी उन्होनें सराहनीय कार्य किया है।

### विकसित भारत 2047 का आधार शिक्षा ही

इस अवसर पर दि नीड ऑफ एक्वीजीशन इंग्लिश लैंग्वेज इन प्रजेंट पर्सपेक्टिव विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि और वक्ता सेंटर ऑफ ट्रेनिंग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन, गांधीनगर गुजरात के डायरेक्टर डॉ कल्पेश कुमार पाठक ने कहा कि विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भाषा होती है। प्रत्येक भारतीय को दो से अधिक भाषाओं का ज्ञान होना ही चाहिए। किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण ज्ञान की अपेक्षा व्यवहारिक ज्ञान जरूरी है। रटना या अनुवाद करने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसे समझना होता है। एक शिक्षक ही बेहतर तरीके से प्रगतिशील देश और समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होनें कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए एक महत्वाकांक्षी, साहसिक और परिवर्तनकारी एजेंडा तैयार करने की आवश्यकता है और शिक्षा के बिना विकसित भारत 2047 की लक्ष्य पूर्ति संभव नहीं है।

### पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ तृप्ति श्रीवास्तव की पुस्तक वर्तमान समाज में भारतीय महिलाएं का विमोचन भी किया गया। पुस्तक में समाज और देश में महिलाओं की बदलती भूमिकाओं का तुलनात्मक और क्रियात्मक वर्णन किया गया है।

### स्टुडेंट्स को मिला गोल्ड मेडल

अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्टुडेंट्स को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर अंजना कुमारी सिंगरौल, कोमल कनोजिया, निखत खान, द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-25 में सपना काछी, कीर्ति चौबे, कोमल कनोजिया, तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022-24 में अंशुल नायक, स्मिता द्विवेदी, श्रेया अवस्थी, मुस्कान ठाकुर, चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-24 श्रेया अवस्थी, वैष्णवी दुबे, राधिका सोनी, स्मिता द्विवेदी को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।







### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर हितकारिणी सभा के चेयरमेन नित्यनिरंजन खंपरिया, हितकारिणी सभा की उप सभापति सुनयना पटेरिया, महाविद्यालय के शासी निकाय कार्यकारी अध्यक्ष एड अशोक कुमार गुप्ता, चेयरमेन, बोर्ड ऑफ स्टडीज, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, रादुविवि प्रो निवेदिता पॉल, प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी, उप प्राचार्य डॉ तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ निरूपमा पाठक, डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ रश्मि शुक्ला, डॉ निधि माथुर, जया सामदेकर, निवेदिता यादव, ज्योति शर्मा, नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, प्रेमलता चौबे, विजय दहायत, सुधा चौधरी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्य और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

**फोटो: अनिल तिवारी**

# गंदगी फैलाने वालों से पमरे ने वसूला लाखों का जुर्माना

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां



वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर तक में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 17050 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 30 लाख 55 हजार 245 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले दिसम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1859 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 03 लाख 97 हजार 420 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग की मौत

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

कटंगी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की संदिग्ध मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। परिजनों ने गांव के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। जिसमें बताया गया कि आरोपी युवक कृष्णकांत, रमाकांत, छोटू और रानू पहले से ही लड़की से छेड़खानी करते थे और विरोध करने पर धमकी देते थे। घटना की रात चारों आरोपी युवक पीड़िता के घर पहुंचे और उसे जबरन बाइक पर बैठाकर ले गए। कुछ घंटों बाद उन्होंने लड़की को मृत हालत में बोरिया स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में छोड़कर फरार हो गए। परिजनों को सूचना मिलने पर वे उसे मेडिकल अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पीड़िता के परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने उनकी बेटी को जहरीला पदार्थ खिलाया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है और मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# यूनिपोल एडवरटाइजर पर एफआईआर की मांग

### फ्लैक्स लगाते वक्त रॉड गिरने से हुई थी वृद्ध की मौत

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

सिविल लाईन थाना क्षेत्र के इलाहाबाद बैंक चौक के पास 18 जनवरी के यूनिपोल हादसे में हुये मौत के मामले में यूनिपोल एडवरटाइजर पर एफआईआर दर्ज कर आपराधिक प्रावधानों के तहत दण्डित किया जाए, क्योंकि उक्त एडवरटाइजर ने नियमों का घोर उल्लंघन कर यूनीपोल लगाया है। उक्त बांते कहते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने सिविल लाईन थाने में शिकायत दी है। तदानुसार सचिव गृह मंत्रालय को भी पत्र भेजा। शिकायत में बताया गया कि एडवरटाइजर ने मप्र आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 का घोर उल्लंघन किया है। उक्त यूनिपोल फुटपाथ / सड़क के 3 मीटर दूरी पर नहीं है। अतः नियम 28 का उल्लंघन हुआ है। इसके साथ ही नियम 31 का भी उल्लंघन किया गया है। वास्तविकता में इस क्षेत्र में यूनिपोल लगाने के लिए ट्रेफिक पुलिस से लोकेशनवाइज अनुमति लेना चाहिए थी किन्तु यह न करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट 1988 का भी उल्लंघन किया गया है।

### हाईकोर्ट में लंबित मामला लंबित



शिकायत में बताया है कि मीडिया नियमों का उल्लंघन कर यूनिपोल तथा होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के सिलसिले में डा. पी.जी. नाजपांडे एवं रजत भार्गव ने जनहित याचिका डब्ल्यू.पी. 26109/2024 मप्र हाईकोर्ट में दायर की है जिस पर गासन से जबाव मांगा गया है। किन्तु 18 जनवरी को हुये मामले में केवल ठेकेदार तथा जदूर पर मामला दर्ज किया गया है, यह गलत है। मामला एडवरटाइजर पर भी दर्ज होना बहिए था। इस उद्देश्य से आज 20 जनवरी घंटाघर के पास प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस दौरान विभिन्न संगठनों के डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, केसी सोनी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

# पुनर्वास स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर सक्सेना

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने रविवार को मदन महल पहाड़ी के अतिक्रमणकारियों को विस्थापित कर तेवर में बसाने की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने तेवर पहुंचकर पुनर्वास स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कर विस्थाापितों को यथाशीघ्र तेवर में बसाना सुनिश्चित करें। साथ ही पुनर्वास स्थल पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित करायें। बिजली, पानी व सड़क आदि की समुचित व्यवस्था करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टेर श्री सक्सेना ने मदन महल की पहाड़ी पर प्रस्तावित रानी दुर्गावती स्मायरक स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस स्मारक के लिए चिन्हित स्थाल के आसपास के लोगों का भी यथा शीघ्र तेवर में पुनर्वास किया जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिशा सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह सहित नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### छात्राओं के बने निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।** चंचलबाई पटेल महिला महाविद्यालय में गत दिवस प्राचार्य डॉ. वंदना पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं डॉ. संजुल शर्मा के संयोजन में आरटीओ द्वारा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया । जिसमें महाविद्यालय की लगभग 62 छात्राओं तथा अन्य महिलाओं के निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। इस शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने में आरटीओ के पुनीत श्रीवास्तव और आकाश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण व कर्मचारी वर्ग उपस्थित थे। छात्राओं, अविभावकों तथा लाभान्वित महिलाओं ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया एवं महाविद्यालय के प्रयास की सराहना की।

# विपरीत परिस्थितियों को पार कर ऑफिसर बनी मजदूर की बेटी शिवानी

### एमपी पीएससी 2022 में हुआ सिलेक्शन

### गांव में हुआ जोरदार स्वागत

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

शहर के छितरी सुंदरपुर की निवासी शिवानी यादव का चयन एमपी पीएससी 2022 में सहकारिता विभाग के पद पर हुआ है। शिवानी ने विपरीत परिस्थितियों को पार कर यह मंजिल पाई है। शिवानी के पिता संतोष यादव पेशे से मजदूर है। शिवानी ने बताया फिनिक्स पोल्ट्री द्वारा संचालित पं. कुंजी लाल दुबे सरस्वती स्कूल से शिक्षा पूरी करके आगे की पढ़ाई शहर से की। साथ ही एमपी पीएससी की तैयारी शुरू कर दी। शिवानी का कहना है कि अगर लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयास किया जाय तो कोई भी ऐसा मुकाम नहीं है जिसे हासिल नहीं किया जा सकता। जीत और हार केवल दिमाग में होती है। मेरा हमेशा से विश्वास था कि यह परीक्षा मैं पास कर सकती हूं। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने शिवानी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान फीनिक्स पोल्ट्री सीईओ भरत भाई पटेल, युवा सेवा संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित यादव, गिरजा पाठक, नारायण प्रसाद यादव, गोबिंद सिंह मरावी, सुशीला मुनि, विष्णु यादव एवं ग्राम के सभी जन उपस्थिति रहे।



# कॉलेज चलो अभियान का आयोजन

सिहोरा ( स्वतंत्र मत )

शनिवार को शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा की कॉलेज चलो अभियान समिति के द्वारा सिहोरा नगर के शासकीय यशोदाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय लाल चंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा के छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु मार्गदर्शन के लिए कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत ई प्रवेश एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित नियमों एवं विषय चयन की प्रक्रिया के बारे में वृहद रूप से जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने जिज्ञासापूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं ई प्रवेश प्रक्रिया के संदर्भ में छात्रों के साथ जानकारी प्राप्त की महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आशुतोष कुमार सोनी एवं अनिल राजपूत उपस्थित रहे।











हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा*** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल- **smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**